आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 25 जून 2024
वर्ष 4, अंक 128, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेस्टइंडीज को हराकर अफ्रीका सेमीफाइनल में 13

अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज 14

एक नजर

ईडी ने मुंबई में जब्त की 37 करोड़ रुपये की संपत्ति

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंबर दलाल मामले में जारी जांच के तहत सोमवार को मुंबई में छापों के दौरान 37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की और आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण जब्त किए। दलाल (59) के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच जारी है। उसने कथित तौर पर जोखिम-मुक्त वस्तुओं के व्यापार में निवेश के जरिए उच्च रिटर्न का वादा करके अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों सहित कई लोगों से करोड़ों रुपये ठगे। दलाल को मार्च में गिरफ्तार किया गया था।

फर्जी निकली हवाई अड्डे पर बम रखने की धमकी

कर्नाटक। कर्नाटक के कलबुर्गी हवाई अड्डे को सोमवार को ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली जो व्यापक तलाश अभियान के बाद फर्जी निकली। पुलिस ने बताया कि ईमेल मिलने के तुरंत बाद बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ता हवाई अड्डा परिसर की तलाशी में लगाया गया। कलबुर्गी के पुलिस आयुक्त चेतन आर. ने बताया कि हवाई अड्डे के निदेशक चिलका महेश को आज सुबह एक अज्ञात आईडी से ईमेल मिला था।

18वीं लोकसभा की पहली बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

नीट-नीट के नारे, लहराई संविधान की प्रतियां

प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के दौरान सदन में लगे जय श्रीराम के नारे

शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृहमंत्री शाह को झेलना पड़ा विपक्ष का विरोध

प्रधानमंत्री ने रखा अपना विजन, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सदन संकल्प की पूर्ति का सदन है। विकसित भारत के संकल्प के साथ नई लोकसभा की शुरुआत हो रही है। 60 साल बाद देश की जनता ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। यह बेहद गौरवपूर्ण है।

उन्होंने देश के सामने अपना विजन रखा और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री व उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसी सासंदों ने संविधान की प्रति हाथों में ली हुईं थीं। गृहमंत्री अमित शाह जब शपथ लेने जा रहे थे, तब भी राहुल गांधी व अन्य कांग्रेसियों ने संविधान की प्रति लहराई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में प्रवेश से पहले देश में आपातकाल लागू किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाने का एलान किया। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उखड़ गए। उन्होंने पीएम मोदी को कठोरता से जवाब दिया। पहले दिन कुल 262 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, बाकी के अन्य सदस्य मंगलवार को शपथ ग्रहण करेंगे।

कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया और सदस्यों को शपथ दिलाई। जिस दौरान मोदी शपथ लेने जा रहे थे सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मोदी-मोदी और जय श्रीराम के नारे लगाए। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण करते समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी सदस्य अपने स्थानों पर संविधान की प्रति लेकर खड़े थे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब शपथ लेने पहुंचे तो सदन में नीट-नीट के नारे लगे। प्रधानमंत्री के बाद भाजपा के वरिष्ठ सदस्य राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने सदस्य के रूप में शपथ ली। दोनों सदस्य अगले दो दिन सदन की कार्यवाही के संचालन में कार्यवाहक अध्यक्ष महताब की सहायता करेंगे। कांग्रेस सदस्य के. सुरेश, द्रमुक के टीआर बालू और तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय को भी सिंह और कुलस्ते के साथ पीठासीन सभापतियों के पैनल में चुना गया है लेकिन उन्होंने प्रोटेम स्पीकर के रूप में महताब के निर्वाचन पर आपत्ति जताते हुए शपथ नहीं ली और सदन से बहिर्गमन भी किया। शपथ ग्रहण के क्रम में कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, एच डी कुमार स्वामी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, जीतन राम माझी और राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह समेत अन्य ने सदन की सदस्यता ग्रहण की। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा सांसद अखिलेश यादव व अन्य विपक्षियों को खेमे में सबसे आगे की पंक्ति में बैठे हुए देखा गया।

संसद भवन परिसर में हाथ उठाकर अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी।

संविधान की प्रति लहराते राहुल व अन्य।

शपथ ग्रहण में भाषायी विविधता की झलक दिखी

शपथ ग्रहण के दौरान भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू, कन्नड, मलयालम तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी कैबिनेट के कई सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली। नागर विमानन मंत्री तथा तेदेपा के सदस्य राममोहन नायडू और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू में, केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में शपथ ली। किसी भी केंद्रीय मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ नहीं ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में शपथ ली।

नड्डा बनाए गए राज्यसभा में सदन के नेता

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाया गया है। नड्डा को पीयूष गोयल की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है क्योंकि गोयल हाल ही में हुए चुनाव में जीत के बाद लोकसभा के सदस्य चुने गए हैं। नड्डा को गत फरवरी में एक बार फिर से राज्यसभा के लिए चुना गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राज्यसभा में पहले से ही नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह संयोग ही है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही अध्यक्ष राज्यसभा के सदस्य हैं और सदन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

आप नेता आतिशी की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तबीयत सोमवार को उनके अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन बिगड़ गई, चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी है। हालांकि आतिशी ने हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का हिस्सा जारी किए जाने तक अस्पताल में इलाज कराने से इनकार कर दिया है। मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन भी कम हो गया है।

केजरीवाल की बेल पर 26 को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर 26 जून को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने सोमवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार करना चाहेगी। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जमानत आदेश पर अंतरिम रोक हटाने का अनुरोध किया।

पंतनगर में फंदे से लटका मिला एटीसी इंचार्ज

संवाददाता, पंतनगर

- महिला के गेटअप में किया था श्रृंगार
- फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

अमृत विचार : पंतनगर एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक इंचार्ज (एटीसी) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनका शव एयरपोर्ट परिसर के सरकारी आवास में पंखे से लटका मिला। मृतक महिला के गेटअप में था और श्रृंगार भी कर रखा था। पिथौरागढ़ शहर निवासी आशीष चौसाली (35) पुत्र खीमानंद स्व. चौसाली पंतनगर एयरपोर्ट में एटीसी इंचार्ज थे और एयरपोर्ट परिसर में बने सरकारी आवास में रहते थे। उनके साथ उनका भतीजा आकाश भी रहकर सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता है। रविवार की रात आशीष का फुफेरा भाई उनके यहां आया था। तीनों ने एक साथ खाना खाया, जिसके बाद लगभग साढ़े दस बजे आकाश व परिचित वहीं सो गए जबकि आशीष दूसरे कमरे में सोने चला गया। सोमवार सुबह लगभग छह बजे आकाश ने आशीष के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। लगभग साढ़े आठ बजे उसने पुनः आशीष के कमरे का दरवाजा खटखटाया, परंतु फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। बाद में दरवाजे को तोड़ा, तो अंदर आशीष पंखे में फंदे से लटका हुआ था।

आशीष चौसाली

> पंतनगर एयरपोर्ट में एटीसी इंचार्ज पद पर तैनात कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर मोबाइल व कमरे में मिली अन्य वस्तुएं कब्जे में ली हैं। मृतक के मोबाइल की सीडीआर और सोशल मीडिया पर एक्टिविटी सहित बैंक अकाउंट से लेन-देन की जांच की जाएगी। – **मनोज कत्याल, एसपी सिटी रुद्रपुर**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आशीष महिला के गेटअप में था। उसने नीचे पाजामा, ऊपर ब्लाउज और उसके ऊपर नाइटी पहन रखी थी। इतना ही नहीं उसने ब्लाउज के अंदर प्लास्टिक के कृत्रिम अंग भी लगाए थे। लंबे बालों की विग पहनने के साथ ही होंठों पर लिपिस्टिक और माथे पर बिंदी भी लगाई थी। एयरपोर्ट डायरेक्टर को सूचना देकर आशीष को एयरपोर्ट की एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशीष की एक तीन वर्ष की बेटी है। पत्नी गर्भवती है और वह पिथौरागढ़ सेंट्रल स्कूल में शिक्षिका है। आशीष की मां भी सरकारी शिक्षिका हैं और पिता पुलिस विभाग में दरोगा थे, जिनकी लगभग दो वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने मौके से मृतक का मोबाइल समेत कई साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

पहाड़ पर जमकर हो रही प्री-मानसून की बारिश

हल्द्वानी। पहाड़ पर प्री-मानसून की झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने तीव्र बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। सोमवार को लैंसडोन में 32 मिमी, नैनीताल में 23.5 मिमी, अल्मोड़ा में 12.5 मिमी, मसूरी में 5.2 मिमी बारिश हुई। देहादून में अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री दर्ज किया। हल्द्वानी में हल्की बूंदाबांदी हुई और तापमान 34.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बारिश की वजह से मुक्तेश्वर में ठंड शुरू हो गई है और पारा 22.2 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने सभी जिलो में गर्जन के साथ बिजली चमकने और बारिश होने का अनुमान जताया है। साथ ही राज्य में 27 और 28 जून को भारी बारिश होने का अनुमान है।

वित्तीय अनियमितता वाली सहकारी समितियों की होगी एसआईटी जांच

ब्यूरो, देहरादून

- विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दिए निर्देश, कहा भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

अमृत विचार : राज्य की जिन सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितता पाई गई है, उन सभी की एसआईटी जांच की जाएगी। विभागीय जांच में समितियों के वित्तीय लेन-देन में अधिकारियों और कर्मचारियों को भी दोषी पाया है। उनके खिलाफ कार्रवाई के साथ गबन की गई धनराशि को ब्याज सहित वसूला जाएगा।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितता या पैसा गबन के मामले मिले हैं, उनके खिलाफ एसआईटी जांच की जाएगी। लंबे समय से कई माध्यमों से सहकारी समितियों में वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ी की सूचानाएं मिल रही थीं, जिस पर विभागीय जांच के निर्देश दिए गए थे। डॉ. रावत ने बताया कि पहले चरण के तहत हुई विभागीय जांच में प्रदेश की कई समितियों में वित्तीय गड़बड़ी एवं गबन के मामले सामने आए हैं। इनमें पौड़ी में डाण्डामंडी एवं चांदपुर एम्पैक्स, देहरादून में विकासनगर, त्यूणी, दसऊ एवं भानियावाला एम्पैक्स, रुद्रप्रयाग में दैड़ा बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समिति, टिहरी में मेगाधार (भिलंगना), बड़कोट (जाखणीधार), सांदणा (जाखणीधार), पडिया, रौणिया (प्रतापनगर) एम्पैक्स, अल्मोड़ा में फलसीमा एवं भवाली एम्पैक्स, हरिद्वार में बहुउद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति बेल्डा और ऊधमसिंह नगर में फौजीमटकोटा किसान सेवा सहकारी समिति शामिल है।

डॉ. धन सिंह रावत।

पहली बारिश में ही टपकने लगा श्रीराम मंदिर में पानी

अयोध्या कार्यालय

- अधिक वर्षा पर बाधित हो सकती पूजा-अर्चना, दर्शन : मुख्य पुजारी
- गर्भगृह से पानी की निकासी की व्यवस्था पहले से ही नहीं है

अमृत विचार : पहली बारिश में ही श्रीराम मंदिर के भूतल पर पानी टपकने लगा। मंदिर के गर्भगृह से पानी की निकासी की समस्या पहले से ही है। अगर समुचित इंतजाम नहीं किया गया तो ज्यादा बारिश होने पर मंदिर में पूजा अर्चना और दर्शन बाधित हो सकता है। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने जल्द इसका समाधान कराए जाने की मांग की है। कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण अभी चल रहा है। संस्था एलएंडटी से जुड़े टॉप के इंजीनियर इसका निर्माण करा रहे हैं, लेकिन जितना निर्माण हुआ है उसमें ही कमियां सामने आई हैं।

आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को बताया कि शनिवार को हुई बारिश में रामलला के मंदिर के अंदर पुजारी के स्थान पर और उसके आगे ज्यादा पानी ऊपर छत से टपक रहा था। पानी भी भर गया था। यहां से वीवीआईपी श्रद्धालु दर्शन करते हैं। पानी निकलने की जगह पहले से ही नहीं है। एक-दो दिन में सोचकर समाधान निकाल लेना चाहिए। कहा कि मंदिर परिसर में प्रकोष्ठों में अन्य मूर्तियों की स्थापना मंदिर निर्माण के बाद साल 2025 तक किए जाने की बात बताई गई लेकिन इन सब की व्यवस्था पहले से ही सोच लेनी चाहिए। जो निर्माण हो गए हैं उन पर ध्यान भी दिया जाना चाहिए। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम मंजिल पर फर्श बनाने और वायरिंग का काम जारी है। पानी का रिसाव न हो, इसके लिए वाटर प्रूफिंग का काम सभी स्थानों पर चल रहा है। वायरिंग के कारण खंभों के पास से थोड़ा पानी आ सकता है। मैकेनिक कुछ कार्य को आधा छोड़कर चले जाते हैं। इस दौरान जब बारिश होती है तो कहीं से थोड़ा पानी आ सकता है। पानी टपकने का मामला खंभों के आसपास का ही रहा। वायरिंग के लिए लगने वाली पाइप को बंद किया जा रहा है। आगे किसी भी प्रकार से पानी आने की संभावना नहीं रहेगी।

मंदिर की दीवार से रिसता बारिश का पानी।

20 स्थानों पर धंसा नवनिर्मित रामपथ

पहली बारिश में ही नविनर्मित रामपथ 20 स्थानों पर धंस गया। सड़क और मिट्टी बैठने से नई डाली गई सीवर लाइन की पाइप जगह-जगह सामने आ गई। हालांकि गिट्टी की भराई करके यातायात सामान्य कर दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक रामपथ 12.94 किमी लंबा है। यह लगभग पौने आठ सौ करोड़ की लागत से बना है। रात की बारिश में 20 स्थानों पर यह धंस गया। सीवर चैंबर वाले स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। शहर के मुख्य सड़क से गली के मार्गों में बिछाई गई सीवर लाइन की दुर्दशा भी सामने आ गई।

सीबीआई ने कई राज्यों से 5 और मामलों की जांच संभाली

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी

- ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा, केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली खत्म करने की मांग

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित गड़बड़ी के पांच नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी।

वहीं महाराष्ट्र के लातूर से आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) मामले में गिरफ्तार किया है और चार व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित कराने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर, अन्य चार मामले अभ्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने तथा स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामले प्रतीत होते हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से व्यापक जांच के लिए एक संदर्भ जारी किये जाने पर सीबीआई ने पहले ही मामले के संबंध में अपनी प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि इन नये मामलों की जांच संभालने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है।

पटना और गोधरा पहुंची सीबीआई की टीम

पटना/गोधरा। सीबीआई का एक दल नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी ईओयू से इस मामले के सबूत ले रहे हैं। सीबीआई की एक टीम सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची। गोधरा पुलिस ने आठ मई को एक मामला दर्ज किया था। पंचमहल के पुलिस अधीक्षक, हिमांशु सोलंकी ने कहा कि सीबीआई टीम गोधरा पहुंची और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से मिली।

उत्तराखंड में वज्रपात से भाई-बहन की मौत

संवाददाता, खटीमा

- धान की रोपाई कर रहे थे दोनों दो भाई और मां बाल-बाल बचीं

अमृत विचार : वज्रपात से सैजना गांव में धान की रोपाई कर रहे भाई-बहन की मौत हो गई। इनके दो भाई और मां बाल-बाल बच गए।

सैजना निवासी संक्रांति देवी सोमवार को अपने पुत्रों गोविंद सिंह राणा, सुमित सिंह राणा, हरीश सिंह राणा और पुत्री सुहावनी के साथ धान की रोपाई करने गई थीं। सुबह करीब 7:30 बजे तेज बारिश के दौरान वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से सुमित सिंह राणा (20) और सुहावनी (22) की मौत हो गई। गोविंद, हरीश और संक्रांति देवी बाल-बाल बच गए। तहसीलदार हिमांशु जोशी, पटवारी अंकित सक्सेना गांव पर पहुंचे। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और विधायक भुवन कापड़ी ने भी पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

सुमित राणा

सुहावनी

लोनिवि में इस बार कहीं दर्जनों रिटायर्ड को न मिल जाए तैनाती

लोक निर्माण विभाग में फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला की आशंका, वर्ष 2022 में मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई पर मुख्यमंत्री ने की थी कार्रवाई

अजय दयाल, लखनऊ

- पोर्टल पर दर्ज हैं रिटायर्ड अभियंताओं के भी नाम, कार्यरत को दिखाया त्यागपत्र दिया हुआ
- कोई 27 सालों से एक जिले में तो कई सालों से जमे अधिकारी के नाम ही सूची में नहीं

अमृत विचार : साल 2022 में लोक निर्माण विभाग उस वक्त अचानक चर्चा में आ गया था जब विभाग की ट्रांसफर सूची में एक मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। उस दौरान ट्रांसफर-पोस्टिंग में तमाम अनियमितताएं सामने आई थीं।

इस साल दर्जनों रिटायर्ड अभियंताओं को ही कहीं स्थानान्तरित न कर दिया जाए? ऐसे में विभाग में एक बार फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाले की आशंका है। एक तो विभाग इस बार मंत्री विहिन (जितिन प्रसाद के केन्द्रीय मंत्री बन जाने के बाद) है। ऊपर से मानव संपदा पोर्टल में भारी अनियमितताएं हैं। सबसे बड़ी गड़बड़ी तो यह कि पोर्टल पर ट्रांसफर होने वालों की सूची में जहां लगभग तीन दर्जन रिटायर्ड अभियंताओं के नाम हैं वहीं, उन अधिकारियों के नाम ही नहीं जो वर्षों से एक ही जगह जमे हैं और ट्रांसफर की प्राथमिकता में आते हैं।

हालांकि पूर्व में जितिन प्रसाद के मंत्री रहते विभाग में ट्रांसफर प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गई थीं। ट्रांसफर में मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी प्रकट की। जांच बैठाई और बाद में जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई थी। इस बार भी मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है कि मानव संपदा पोर्टल की गड़बड़ियां समय रहते दुरुस्त कर लीं जाएं। लोनिवि में ताजा गड़बड़ी की बात जाए तो अलग-अलग जिलों में कार्यरत ऐसे 30 इंजीनियर-अधिकारी ऐसे हैं जो विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन लोनिवि में अब भी कार्यरत दिखाए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर औरैया में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद पर तैनात काजी अली आसिफ इसी साल 31 मई को रिटायर हो गए, अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारी रहे खुशीराम 30 अप्रैल को, सहायक अभियंता सिविल देशबंधु सिंह (आजमगढ़) 29 फरवरी, अकाउंटेंट सुरेन्द्रकांत (बलरामपुर) 31 जनवरी, सहायक अभियंता सिविल (लखनऊ) अरविंद कुमार पांडेय 31 मार्च, हेड असिस्टेंट विमला लोहानी, (लखनऊ) 31 मई, सीनियर असिस्टेंट संदीप सिंह (वाराणसी) से 26 मार्च को रिटायर हुए हैं। इसी तरह इस सूची में अन्य तमाम अधिकारियों के नाम शामिल हैं। पोर्टल में अन्य गड़बड़ियां भी हास्यास्पद हैं। एक ही खण्ड में दो-दो अधिशासी अभियंताओं की तैनाती तो वहीं कार्यरत अवर अभियंता को इस्तीफा दिया हुआ दिखाया जा रहा है। इतना ही नहीं जिले में जिस अवर अभियंता को 27 सालों से कार्यरत दिखाया जा रहा है, उसका बैच ही 2009 का है यानि नौकरी ही अभी 15 साल की हुई है। बहरहाल, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष एनडी द्विवेदी जहां यह कहते हैं कि गलत डेटा को सही कराने के लिए विभाग को नोटिस दिया गया है। वहीं, लोनिवि के एक जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि कार्मिकों की अपलोड सूची पर आपतियां मांगी गई हैं। आपत्तियों का परीक्षण कर संशोधित सूची अपलोड की जाएगी। तबादलों के बाद भी आपत्तियां ली जाएंगी और आवश्यकता पड़ी तो सुधार होगा।

टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग में आया मलबा और बोल्डर। ● अमृत विचार

कालाढूंगी में गर्मी से निजात पाने के लिए बच्चे भी बारिश में मस्ती करते नजर आए।

नैनीताल में बारिश से बचने का प्रयास करते सैलानी।

टनकपुर-चम्पावत एनएच पर डेढ़ घंटे ठप रही आवाजाही

सूखीढांग में आया मलबा, चम्पावत जिले के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने से उफनाए गाड़-गधेरे, यातायात हो रहा प्रभावित

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को मलबा आने से करीब डेढ़ घंटे तक मार्ग बाधित रहा। जिस कारण पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र को आने-जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ी। सड़क बंद होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सूखीढांग पर मलबा आ गया। सोमवार सुबह 7.33 बजे आए मलबे से डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सड़क पर आवाजाही ठप रही। टनकपुर से चम्पावत और पहाड़ी क्षेत्रों तथा पहाड़ से मैदान को जाने वाले लोगौं को लंबा इंतजार करना पड़ा। मशीनों के जरिए मलबा हटाकर सुबह 9.06 बजे एनएच को आवाजाही के लिए सुचारू किया जा सका। वहीं बीते 24 घंटों में लोहाघाट में 6 मिलीमीटर बारिश हुई है। सोमवार सुबह जिले के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश रही। वहीं जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में हुई यह बारिश किसानों की धान की रोपाई के लिए काफी लाभदायक बताई जा रही है।

07 बजकर 33 मिनट पर सुबह आया राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलबा

09 बजकर 6 मिनट पर मलबा हटवाकर शुरू किया गया यातायात

पूर्णागिरि मार्ग में किरोड़ा नाला उफान में आने से मार्ग में श्रद्धालु और ग्रामीण फंसे रहे।

अल्मोड़ा में झमाझम बारिश, गर्मी से राहत

अल्मोड़ा, अमृत विचार : सोमवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादलों के बीच झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। जिससे उमस भरी गर्मी से परेशान चल रहे लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले काफी समय से सूरज की तेज तपिश के चलते लोग उमस भरी गर्मी से परेशान चल रहे थे। लंबे समय से लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे। इधर, सोमवार दिन की आसमान में घने बादलों से हुई, लेकिन दिन चढ़ते ही मौसम साफ हो गया। जिससे तापमान में एक फिर वृद्धि देखने को मिली। दोपहर बाद झमाझम बारिश होने से लोगों ने गर्मी से राहत मिली।

पूर्णागिरि मार्ग पर डेढ़ घंटे तक उफनाया नाला, फंसे श्रद्धालु और ग्रामीण

टनकपुर, अमृत विचार : पूर्णागिरि और निर्माणाधीन टनकपुर-जौलजीबी मार्ग पर दो स्थानों पर नालों के उफान पर आने से आवाजाही बंद रही। किरोड़ा से निकले इन नालों से डेढ़ घंटे तक वाहनों के आवागमन से लेकर आम राहगीरों की राह थमी रही। मां पूर्णागिरि धाम की तीर्थयात्रा पर भी इस दौरान असर पड़ा। चार दिन में दूसरी बार यह सड़क बंद रही। सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे बाटनागाड़ और थ्वालखेड़ा के पास के नालों के उफान पर आने से टनकपुर-जौलजीबी सड़क बंद हो गई। इससे टनकपुर से भैरव मंदिर रोड और निर्माणाधीन टीजे सड़क पर कलढुंगा, चूका तक की आवाजाही बाधित रही। डेढ़ घंटे बाद नाले का पानी कम हुआ और फिर वाहनों सहित आम राहगीरों की आवाजाही शुरू हो सकी। सड़क बंद होने से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय ग्रामीण और अन्य लोगों को भारी दिक्कतों से दो चार होना पड़ा। तहसीलदार जगदीश गिरी ने बताया कि नाले के उफान में आने पर लोगों को एहतियाती तौर पर रोक दिया गया। नाले का पानी कम होने के बाद दोनों तरफ इंतजार कर रहे वाहनों को आगे बढ़ाया गया। इससे पूर्व 21 जून को नाला उफान में आने से भी एक घंटे तक आवाजाही बाधित रही थी। इस समय भी मां पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं जिसके कारण उन्हें मार्ग बाधित होने से परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर मानसून सत्र को देखते हुए मां पूर्णागिरि मंदिर समिति ने सोमवार से रात्रि 8 बजे से सुबह 5 बजे तक मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए रोक लगा दी है।

हल्द्वानी में बूंदाबांदी व हवा से गिरा पारा

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं/कालाढूंगी

अमृत विचार : प्री-मानसून की वजह से सोमवार को हल्द्वानी में बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। दक्षिण पूर्वी हवा चल रही है, जिसके चलते तापमान में कमी आई है। इससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र ने आने वाले दिनों में भारी बारिश का अनुमान जताया है।

सोमवार को हल्द्वानी में सुबह के समय धूप निकली थी, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवा चलने लगी। साथ ही हल्की बूंदाबांदी भी हुई। अपरान्ह बाद मौसम सुहावना हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आद्रता 51 प्रतिशत तक पहुंच गई है। हवा का रुख दक्षिण पूर्वी है। इधर, पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि 25 जून को उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 28 जून को मानसून राज्य में प्रवेश कर सकता है। 27 से 29 जून तक राज्य में बहुत भारी बारिश का अनुमान है।

उधर, लालकुआं में भी लोगों को गर्मी से निजात मिली। विगत दिनों यहां भीषण गर्मी की वजह से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। सोमवार की सुबह साढे. आठ बजे प्री-मानसून की बरसात हुई। नगर और आसपास के क्षेत्रों में करीब एक घंटे तक बारिश हुई। हालांकि बिंदुखत्ता क्षेत्र में बारिश नहीं हुई। चित्रकूट तिवारी नगर बिंदुखत्ता निवासी नवीन चंद जोशी ने बताया कि बारिश न होने से ग्रामीण खासे निराश हैं। इधर, सोमवार को कालाढूंगी में भी बारिश हुई। बारिश से लोगों के चेहरे खिल गए। वहीं गर्मी से निजात पाने के लिए बच्चे भी बारिश में खूब मस्ती करते नजर आए।

नैनीताल में बारिश होने से 21 डिग्री पहुंचा पारा

राहत

- सोमवार को सुबह से ही होती रही शहर में रिमझिम बारिश
- स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को मिली गर्मी से राहत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्री-मानसून ने अब रफ्तार पकड़ ली है। पिछले चार दिनों से नगर में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सोमवार को भी सुबह से नैनीताल में रिमझिम बारिश होती रही।

बारिश के दौरान पर्यटकों ने भगीते हुए मालरोड, भोटिया मार्केट, पंत पार्क व फड़ बाजार में खरीदारी की। वहीं कई पर्यटक होटलों में ठहरे और बारिश रुकने का इंतजार करते रहे। देर शाम जब बारिश नहीं थमी तो पर्यटक छाता लेकर घूमने निकल पड़े। मौसम विज्ञान केंद्र जीजीआईसी के अनुसार सोमवार को नगर का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा।

पहली बारिश में ही खुली दावों की पोल

अभी मानसून सीजन शुरू भी नहीं हुआ है और विभागों के दावों की पोल खुलने लगी है। बारिश के दौरान नैनी झील में कूड़ा समा जाता है। इसके लिए सभी नालों के मुहाने पर जालियां लगाई गई थीं। इसके बावजूद झील में कूड़े का ढेर लगना शुरू हो गया है। प्री-मानसून में ही विभागों की पोल खुलने लगी है। जगह-जगह सड़कों में सीवर का गंदा पानी बह रहा है। जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

नैनीताल में सोमवार को बारिश के बीच खाली पड़ी नौकाएं। ● अमृत विचार

बाईपास पर लगा ढाई किमी लंबा जाम, रेंगते रहे वाहन

भीमताल के बाईपास मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार: नगर में बरसात शुरू होने के साथ ही पर्यटक वाहनों की संख्या में कमी आई है, लेकिन जाम पूर्व की तरह लग रहा है। सोमवार को भीमताल के बाईपास मार्ग में वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब ढाई किलोमीटर तक जाम लग गया। जिससे वाहन रेंगते रहे। तेज बरसात होने से जाम को खुलवाने के लिए कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा। बाद में जाम में फंसे चालकों ने खुद बारिश में भीगकर जाम खुलवाया। जाम में कई डंपर, ट्रक, कार व दोपहिया वाहन फंसे रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाईपास मार्ग पर अतिक्रमण होने के कारण कम वाहनों में भी जाम लग जाता है। लोगों ने अतिक्रमण हटाकर जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

कर्मचारियों की समस्या का निदान करना प्राथमिकता

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल राजभवन में तैनात सभी कार्मिकों व उनके परिजनों के लिए राजभवन में परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने सभी से मुलाकात की। उन्होंने कार्मिकों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और हर संभव समाधान का आश्वासन दिया।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में कार्य करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एक परिवार के रूप में हैं। परिवार के किसी भी सदस्य की समस्या उनकी समस्या है, जिनका निदान करना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन को 125 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और अभी तक इसकी सुंदरता और भव्यता जीवंत है। इसके लिए उन्होंने भवन के रखरखाव करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक कार्मिक कार्यों को निष्ठा एवं ईमानदारी से करें। इस अवसर पर कार्मिकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, कॉम्पट्रोलर प्रमोद चमोली, सूचना अधिकारी अजनेश राणा, प्रोटोकॉल अधिकारी संतोष सकलानी, सीएसओ दीपक कुमार सहित अधिकारी-कर्मचारी रहे।

परिवार मिलन कार्यक्रम में कर्मचारियों की समस्याएं जानते राज्यपाल। ● अमृत विचार

चार्टन लॉज में भूस्खलन का खतरा बढ़ा

नैनीताल, अमृत विचार : बीते वर्ष 23 सितंबर को चार्टन लॉज क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था, जिसमें तीन मकान ढह गए थे। साथ ही दर्जनों मकानों में दरारें आई थीं। जिसके बाद प्रशासन ने लगभग 24 परिवारों को चार्टन लॉज से स्थानांतरित किया था। लोक निर्माण विभाग की ओर से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा के लिए गनी बैग और तिरपाल लगाई गई, लेकिन कुछ समय बीत जाने के बाद स्थानांतरित किए गए परिवार के लोग वापस अपने घरों में रहने लगे हैं। वर्तमान में क्षेत्र के दर्जनों परिवार फिर से खतरे की जद में हैं। मरम्मत कार्य शुरू न होने के कारण इस मानसून में भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। पिछले 10 माह से शासन-प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्र को अनदेखा किया जा रहा है। संबंधित विभाग भूस्खलन रोकने के लिए कोई स्थाई उपाय नहीं कर रहे हैं। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि चार्टन लॉज के स्थाई उपचार करने के लिए आईआईटी रुड़की, पीएचडीसी और आपदा सचिव भूस्खलन क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। आचार संहिता के चलते निरीक्षण नहीं हो पाया। जल्द ही क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। जिसके बाद लोनिवि डीपीआर तैयार करेगा, जिससे चार्टन लॉज क्षेत्र का स्थाई उपचार किया जाएगा।

चार्टन लॉज भूस्खलन क्षेत्र। ● अमृत विचार

बीडी पांडे अस्पताल में बढ़ रहे त्वचा रोगी

नैनीताल : बरसात शुरू होते ही लोग त्वचा रोग से पीड़ित होने लगे हैं। बीडी पांडे अस्पताल में इन दिनों त्वचा रोगियों की संख्या बढ़ गई है। अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने बताया कि बरसात में गीले कपडे.पहनने, भीगने व पसीने के कारण चर्म रोग की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में शरीर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि बरसात में बिना कारण भीगना, गंदे तौलिया का इस्तेमाल करने से त्वचा रोग हो सकता है। फफूंद संक्रमण या फंगल इंफेक्शन का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

मिलेगी राहत | जिलाधिकारी वंदना सिंह ने लोक निर्माण विभाग को दिए सफाई करने के निर्देश, जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

भीमताल में मानसून से पहले होगी नालियों की सफाई

खबर का असर

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : मानसून से पहले भीमताल में नालियों की सफाई हो जायेगी। जिससे लोगों को जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस संबंध में डीएम वंदना ने लोक निर्माण विभाग को समय से नालियों की सफाई करने के निर्देश दिये हैं।

भीमताल के मल्लीताल बाजार व बाईपास मार्ग में बरसात के दिनों में अक्सर नालियां चोक होने से पानी घरों और दुकानों में घुस जाता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों की इस समस्या को अमृत विचार समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया था। जिसका संज्ञान लेते हुए डीएम वंदना ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मदन मोहन तिवारी को नालियों की सफाई करने के निर्देश दिये हैं। पूर्व में लोनिवि, प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया था, लेकिन इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगर के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, व्यापारी भाष्कर भगवाल, पूर्व जिला मंत्री भाजपा दिनेश सांगुड़ी और वरिष्ठ भाजपा नेत्री शिप्रा जोशी ने प्रशासन से शीघ्र नालियों की सफाई कराने की मांग की थी।

लोनिवि के अधिशासी अभियंता तिवारी ने बताया कि जिस मार्ग में जल भराव की स्थिति रहती है वह नगर पालिका के अन्तर्गत आता है। कहा कि जल भराव रोकने के लिए नालियों के ऊपर जो कंक्रीट के पटाल डाले गए हैं, उन्हें तोड़ना होगा। लोक निर्माण विभाग के ईई एमएम तिवारी ने बताया कि नौकुचियाताल और अन्य मार्गों की नालियों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मामले की जानकारी डीएम नैनीताल को भेजी जा रही है।

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के बावजूद अब तक नहीं खोले गए कलमठ और नालियां, शुरू हो चुका है मानसून

नगर पालिका और लोनिवि को बरसात में तबाही का इंतजार

भीमताल में नालियों की स्थिति। ● अमृत विचार

जिला प्रशासन और नगर पालिका से आशा है कि डीएम के निर्देशों को गंभीरता से लेंगे। साथ ही लोगों को जल भराव की स्तिथि से राहत पहुंचाएंगे। **-दिनेश सांगुड़ी**, पूर्व जिला मंत्री भाजपा

ब्लॉक रोड में जलभराव होने से चलना भी मुश्किल हो जाता है। विभागों को जिम्मेदारी निभाते हुए समय से कार्य शुरू कर देना चाहिए। **-शिप्रा जोशी**, वरिष्ठ भाजपा नेत्री

नगर पालिका क्षेत्र में नालियों की सफाई के लिए पालिका के अधिशासी अधिकारी से कहा जा रहा है। जल्द ही नालियों की सफाई हो जायेगी। **-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

बाजार व अन्य क्षेत्रों में जिस विभाग को कार्य करना है वह मानसून से पूर्व कार्य कर ले। अन्यथा बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। **-भाष्कर भगवाल**, व्यापारी

मानसून सीजन: ऊर्जा निगम ने शुरू की तैयारी

नैनीताल : मानसून के समय शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या देखने को मिलती है। कई बार जनहानि भी हो जाती है। मानसून के समय किसी प्रकार की हानि न हो, इसलिए ऊर्जा निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया कि सभी उपखंड अधिकारियों को बिजली की लाइनों की जांच करने के आदेश दिए गए हैं। अगर किसी क्षेत्र में बिजली करंट लीक होने से जन हानि या पशु हानि होगी तो उपखंड अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभव:- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

34.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 07.15

एक नजर

अब 26 दिसंबर तक चलेगी काठगोदाम-मुंबई समर स्पेशल ट्रेन

हल्द्वानी : रेल प्रशासन ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए काठगोदाम-मुंबई समर स्पेशल ट्रेन की समयावधि में विस्तार किया गया है। पर्यटन सीजन को देखते हुए शुरू की गई काठगोदाम-मुंबई समर स्पेशल ट्रेन का संचालन पूर्व में 25 अप्रैल से 27 जून तक होना था। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट ट्रेन अब 26 दिसंबर 2024 तक चलाई जाएगी। ट्रेन का समय, ठहराव पूर्व की तरह ही रहेगा।

कुविवि ने जारी किया परीक्षा परिणाम

हल्द्वानी : कुमाऊं विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 की मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय ने बीए प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के साथ ही बीएससी प्रथम वर्ष, बीएससी द्वितीय वर्ष और बीएससी तृतीय वर्ष का परिणाम जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक महेंद्र राना ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यार्थी महाविद्यालयों के लॉगिन अकाउंट पर भी परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी कारण से जो छात्र लॉगिन नहीं कर पा रहे हैं, वे अपने महाविद्यालय से संपर्क कर परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

240 पव्वे देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

नैनीताल : पुलिस ने एक युवक को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। भवाली पुलिस को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक आता दिखा। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 240 पव्वे देसी शराब के बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम खीमानंद पुत्र जगतराम निवासी ताड़ीखेत बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।

प्रेमिका के घर नहीं गया तो दोस्त को पीटा

हल्द्वानी : प्रेमिका के घर जाने से इंकार करने पर प्रेमी ने अपने दोस्त को पीट दिया। पत्थर मार कर उसकी कार का शीशा और फिर मोबाइल भी तोड़ डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मयूर विहार बरेली रोड निवासी लक्ष्य जोशी पुत्र रमेश जोशी का हल्दूचौड़ में होटल है। लक्ष्य ने पुलिस को बताया कि रविवार रात वह होटल से घर लौट रहा था। घर के पास धानमिल बरेली रोड में रहने वाला दोस्त अक्कू ठाकुर मिल गया। अक्कू नशे में था। उसने कार से आस-पास का एक राउंड लगाया और प्रेमिका से फोन पर बात करने लगा। उसने लक्ष्य से प्रेमिका के घर चलने को कहा। रात काफी होने पर लक्ष्य ने जाने से इंकार कर दिया। इस पर वह बिफर गया और मारपीट शुरू कर दी। पत्थर मार कर कार का शीशा तोड़ा और फिर लक्ष्य का मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

हल्द्वानी से चोरगलिया तक ताबड़तोड़ छापे, मचा हड़कंप

प्रशासन समेत स्वास्थ्य विभाग, औषधि सुरक्षा, नगर निगम और कृषि विभाग की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर की कार्रवाई

दो मेडिकल स्टोर सील दो क्लीनिकों को नोटिस

बनभूलपुरा क्षेत्र में मेडिकल स्टोर में छापेमारी करते सिटी मजिस्ट्रेट व ड्रग इंस्पेक्टर।

छापेमारी 1

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और एसीएमओ डॉ. रजत भट्ट के नेतृत्व में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और औषधि सुरक्षा की टीम ने सोमवार को बनभूलपुरा के इंदिरानगर में छापेमारी की।

टीम ने सर्वप्रथम मोहिताष सरकार क्लीनिक और रिजवान अकरम क्लीनिक पर छापा मारा। दोनों क्लीनिक क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत योग एवं नेचुरलपैथी में पंजीकृत हैं, जबकि मरीजों को इंजेक्शन व ड्रिप लगाई जा रही थी। बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण नियमानुसार नहीं मिला और साफ-सफाई भी समुचित नहीं थी। दोनों का चालान काटने के साथ ही नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

इसके बाद टीम ने मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। मेडिकल स्टोरों में आय-व्यय का ब्योरा, सीसीटीवी की अनुपलब्धता समेत तमाम खामियां मिलीं। इस पर टीम ने दो मेडिकल स्टोर बंद करवा दिए, जबकि दो को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसके बाद टीम ने राजपुरा में एक क्लीनिक में जांच की, जिसका नियमानुसार संचालन हो रहा था। टीम में ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट और अरबन हेल्थ ऑफिसर राघवेंद्र सिंह शामिल थे।

लाइन नंबर 16 में 5 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

छापेमारी 2

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम ने बनभूलपुरा से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की है। इस पर दुकान संचालकों का चालान काटा गया है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने लाइन नंबर 16 में दुकानों की चेकिंग की। दो दुकानों में पांच क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित पॉलीथिन के उत्पाद बरामद हुए। इस पर टीम ने एक दुकान संचालक समीर का 50 हजार और दूसरे संचालक शोभित का 5 हजार रुपये का चालान काटा है।

मकान के अंदर से बरामद पॉलीथीन को जब्त कराते सिटी मजिस्ट्रेट, साथ में नगर निगम के अधिकारी। ● अमृत विचार

चेतावनी दी कि यदि भविष्य में फिर से प्रतिबंधित पॉलीथिन के उत्पाद मिले तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सफाई निरीक्षक अमोल असवाल एवं चतर सिंह मौजूद थे।

कीटनाशक की दुकानों में बिक रहे थे बीज

छापेमारी 3

संवाददाता, हल्द्वानी

लापरवाही

- कृषि विभाग ने गौलापार व चोरगलिया में की छापेमारी
- कई दुकानों से नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

अमृत विचार: कृषि विभाग की टीम ने बीज व उर्वरक की दुकानों पर छापेमारी की। कई दुकानों से बीज, उर्वरक वगैरह के नमूने लेकर जांच को भेजे गए हैं।

मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश सिंह यादव के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को गौलापार व चोरगलिया में बीज व उर्वरक रसायनों की दुकानों की आकस्मिक जांच की। टीम ने दुकानों से उर्वरक यूरिया, डीएपी, एनपीके व पोटाश के दो-दो नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। इसके अलावा मक्का, धान, ढैंचा के एक, चरी व बाजरा के बीजों के दो-दो नमूने भी लिए। दो कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों पर बीज भी पाया गया, जिन्हें चेतावनी दी गई है। डॉ. यादव ने बताया कि उर्वरकों के नमूने उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला और बीज के नमूने बीज परीक्षण प्रयोगशाला में जांच को भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी। दो कीटनाशक की दुकानों पर बीज बेचे जा रहे थे, उन्हें चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह के भीतर बीज बिक्री के लाइसेंस के लिए आवेदन करें और तब तक बीज नहीं बेचे।

जंगल में लटका मिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : एफटीआई निदेशक बंगले के पीछे स्थित जंगल में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। एफटीआई कंपाउंड में रहने वाले टीका सिंह बिष्ट पुत्र स्व. जसोद सिंह वन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। परिवार में पत्नी व दो बेटे हैं और कुछ माह में ही वह सेवानिवृत्त होने वाले थे। परिजनों के मुताबिक वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और मानसिक अवसाद में थे। रविवार की शाम करीब 7 बजे वह घर से बिना बताए निकले और फिर लौट कर नहीं आए। देर हुई तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रात करीब साढ़े 11 बजे परिजन एफटीआई निदेशक के बंगले के पीछे जंगल में पहुंचे तो उनका शव रस्सी के सहारे आम के पेड़ से लटकता पाया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

चोरी की बाइक पर सवार दो गिरफ्तार

हल्द्वानी : मुखानी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गोविंदपुर गढ़वाल मुखानी निवासी दिरगपाल की बाइक बुध बाजार से चोरी हो गई थी। पुलिस ने दो युवकों को आरटीओ रोड पर पूरनपुर मोड़ के पास से पकड़ा। दोनों चोरी की बाइक चला रहे थे। आरोपियों में राहुल सक्सेना निवासी भौना कॉलोनी बाजपुर व अमन रौहेला निवासी नमूना भट्ट पुरी बरहेनी बाजपुर हैं।

बेकाबू कार ने बाइक व स्कूटी को मारी टक्कर

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : कालाढूंगी-रामनगर हाईवे में बेकाबू कार ने बाइक व स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। घटना में स्कूटी सवार युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने घायलों को निजी वाहन व 108 सेवा से सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को हल्द्वानी रेफर कर दिया।

सोमवार को पंजाब के पर्यटक वाहन संख्या पीबी46 टी-5457 में नैनीताल से घूमकर वापस लौट रहे थे। तभी कालाढूंगी-रामनगर हाईवे में टेडी पुलिया के पास उनकी कार बेकाबू हो गई और आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया। इसके बाद कार ने हवा में तीन कलाबाजी खाते हुए सामने से आ रहे स्कूटी सवार को रौंद दिया और जंगल में पेड़ से टकरा कर पलट गई। इससे कार में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।

कार चालक जगदीप सिंह ने बताया कि सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार भाव्या (10 वर्ष) पुत्री नरेन्द्र कुमार, अरशिया (8 वर्ष) पुत्री संदीप शर्मा, संदीप शर्मा (43 वर्ष), विरेन्द्र कुमार (41 वर्ष), जगदीप सिंह (35 वर्ष) निवासी सुंदर नगर तरणताल पंजाब व बाइक सवार अख्तर अली पुत्र अफसर अली घायल हो गये। वहीं हादसे में स्कूटी सवार युवक की आंख, सिर तथा युवती के सिर में गंभीर चोट लगी है। युवक का नाम पता नहीं चल पाया है। जबकि युवती का नाम ज्योति पाठक बताया जा रहा है। दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि वाहनों को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

हादसे के बाद घायल स्कूटी सवार। ● अमृत विचार

हादसे के बाद पलटी कार।

हादसा

- कालाढूंगी-रामनगर हाईवे में टेडी पुलिया के पास हुआ हादसा
- स्कूटी सवार युवक व युवती गंभीर रूप से घायल

डेमू ट्रेन में सवार यात्री की हार्ट अटैक से मौत

लालकुआं, अमृत विचार : डेमू ट्रेन में सवार एक यात्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे ट्रेन में सवार अन्य यात्रियों में हड़कंप मच गया। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। ट्रेन में शव मिलने की यह दूसरी घटना है।

लालकुआं से काशीपुर जाने वाली डेमू ट्रेन संख्या 05351 में पंतनगर रेलवे स्टेशन से सवार यात्री की लालकुआं-पंतनगर के बीच हार्ट अटैक से मौत हो गई। यात्रियों की सूचना पर रेलवे पुलिस के सिपाही श्याम सिंह बोरा व दिनेश सिंह राणा ने शव को ट्रेन से प्लेटफार्म पर उतारा और लोगों से पहचान कराई। शव की शिनाख्त अनिल कुमार जोशी (61 वर्ष) निवासी नंदपुर कोपा बाजपुर उधमसिंह नगर के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है।

लापता किशोरियों की तलाश में भेजी चौथी टीम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रविवार को भारी हंगामे के बाद बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से लापता किशोरियों की तलाश में तेजी तो आई, लेकिन चौथे दिन भी पुलिस को उनका कोई सुराग नहीं मिला। उनकी तलाश में पुलिस की चौथी टीम भी लगा दी गई है। अब उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ जीआरपी, आरपीएफ और चाइल्ड हेल्प लाइन को भी तलाश में लगा दिया गया है। रविवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने प्रदर्शनकारियों को 24 घंटे में छात्राओं की बरामदगी का भरोसा दिया था।

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के जवाहर नगर की रहने वाली दो किशोरियों में एक 9वीं और दूसरी 11वीं कक्षा में पढ़ती है। 9वीं में पढ़ने वाली किशोरी के घर दूसरी किशोरी किराएदार है। आरोप है कि इलाके में ही रहने वाला एक किशोर बीते गुरुवार को किशोरियों को लेकर गया है। बदायूं में किशोरियों की आखिरी मोबाइल लोकेशन मिली थी, जिसके बाद से मोबाइल बंद हैं। गुरुवार से सर्विलांस के भरोसे बैठी पुलिस ने रविवार को तमाम संगठनों के हंगामे की बाद सक्रिय किया और मैन्युअल पुलिस शुरू कराई। अब मामले में पुलिस की चार टीमें तलाश में जुटी हैं।

मुखबिरों की मदद ली जा रही है और मैप बनाकर सीसीटीवी सर्विलांस टीम किशोरियों की तलाश में जुट गई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश पुलिस को किशोरियों की फोटो भेजकर मदद मांगी गई है। आरपीएफ, जीआरपी और उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की चाइल्ड हेल्प लाइन से भी मदद की अपील की गई है।

> किशोरियों की सकुशल बरामदगी के लिए प्रभावी तौर पर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। टीमें यूपी रवाना कर दी गई हैं, जल्द ही उन्हें वापस लाया जाएगा।
> – **नितिन लोहनी**, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी

विधायक सुमित ने जाना हाल, परिजनों को अनहोनी की आशंका

हल्द्वानी : विधायक सुमित हृदयेश सोमवार को लापता किशोरियों के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घटना की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिया। परिजनों का बेटियों के बिना रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों को डर है कि कहीं कुछ गलत न हो और उम्मीद की है कि पुलिस उन्हें सकुशल बरामद कर ले आएगी।

हर कॉल पर नजर, आधा दर्जन से हो रही पूछताछ

हल्द्वानी : किशोरियां और उन्हें ले जाने वाला किशोर मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर रहा है और न ही एटीएम का, जिसकी वजह से तलाश में देरी हो रही है। पुलिस का अनुमान है कि वह किसी दूसरे के नंबर से परिजनों से संपर्क कर सकते हैं। जिसके चलते पुलिस परिजनों के फोन पर आने वाले हर कॉल पर नजर रख रही है। इसके अलावा आधा दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की जा रही है।

छोई में करंट लगने से विद्युत ठेका कर्मचारी की हुई मौत

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रामनगर के ग्राम छोई क्षेत्र में सोमवार की दोपहर बिजली के तारों में चिंगारी निकलने की शिकायत पर ठेका कर्मचारी सतपाल गिरी (45 वर्ष) निवासी ग्राम खुशहालपुर छोई स्थित समसारा रिजॉर्ट के समीप पहुंचा। इसी बीच बिजली लाइन चेक करने के दौरान लोहे की ग्रिल में करंट आने के चलते वह करंट की चपेट में आ गया।

मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारी उसे तुरंत रामनगर के सरकारी अस्पताल लाये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, जेई होशियार सिंह भंडारी ने बताया कि मृतक कर्मचारी सतपाल को लाइन चेक करने के दौरान करंट लग गया।

बताया कि घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। कहा कि मामले की जांच की जा रही है। शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी।

13 उपद्रवी सितारगंज सेंट्रल जेल भेजे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

बनभूलपुरा हिंसा

- उप कारागार की सुरक्षा को उपद्रवियों से बताया गया खतरा
- सहायक महानिरीक्षक कारागार ने दिए शिफ्टिंग के निर्देश

अमृत विचार : उप कारागार हल्द्वानी में बंद बनभूलपुरा हिंसा के 13 आरोपियों को सितारगंज सेंट्रल जेल शिफ्ट कर दिया गया है।

बीती आठ फरवरी हुई बनभूलपुरा हिंसा में कुल 107 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। हिंसा की घटना उस वक्त हुई जब नगर निगम की टीम प्रशासन व पुलिस की सुरक्षा में बनभूलपुरा स्थित मलिक का बगीचा में अवैध अतिक्रमण ढहाने गई थी। उपद्रवियों ने पुलिस, प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों व कर्मियों पर पथराव किया, आगजनी और गोलीबारी करते हुए बनभूलपुरा थाने को आग लगा दी थी। हिंसा में पांच लोगों की मौत हुई और कर्फ्यू लगाना पड़ा। हिंसा के इस मामले का मास्टर माइंड पुलिस ने अब्दुल मलिक को ठहराया। अब्दुल मलिक अपने बेटे अब्दुल मोईद और पत्नी साफिया के साथ जिला कारागार नैनीताल में बंद हैं। जबकि हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों को उप कारागार हल्द्वानी में बंद किया गया। इधर, उप कारागार में उपद्रवियों की संख्या बढ़ने व जेल की सुरक्षा को खतरा होने की आशंका को देखते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बंदियों को शिफ्ट करने के लिए पत्र भेजा था। कारागार के सहायक महानिरीक्षक यशवंत सिंह ने 13 बंदियों को शिफ्ट करने के आदेश दिए। हल्द्वानी उप कारागार के अधीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि 13 उपद्रवियों को शिफ्ट कर दिया गया है।

पेयजल किल्लत | दूषित पानी की आपूर्ति होने से लोग परेशान, जल संस्थान का दावा जल्द दूर होगी समस्या

फिल्टर प्लांट से दो दिन बाद मिला पानी वो भी मटमैला

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पहाड़ों पर हो रही झमाझम बारिश से पानी का संकट तो दूर हो गया, लेकिन सिल्ट आने से शीतलाहाट का फिल्टर प्लांट दो दिन तक ठप रहा। सोमवार को जैसे-तैसे आपूर्ति सुचारू हुई तो पानी में मिट्टी आ रही है। ऐसे में पानी आने के बाद भी लोगों के सामने पेयजल संकट बना हुआ है।

जल संस्थान के अधिकारियों के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश से गौला नदी में सिल्ट आ गई। इस वजह से शीतलाहाट फिल्टर प्लांट शनिवार-रविवार दो दिन बंद रहा। प्लांट से पानी नहीं मिलने पर काठगोदाम, पॉलीशीट, आवास-विकास, नैनीताल रोड, दमुवाढूंगा से लालडांठ तक हजारों की आबादी को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो सकी। इधर, सोमवार को शीतलाहाट प्लांट से पानी की आपूर्ति सुचारू हुई, लेकिन घरों में मटमैला पानी आ रहा है। सर्वाधिक दिक्कत काठगोदाम के चांदमरी, ब्यूरा खाम, नरीमन चौक, गौला बैराज, नई बस्ती, वार्ड नंबर एक, दो, 34 और 35 में है, जहां दूषित पानी पहुंच रहा है। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि सिल्ट आने से शीतलाहाट प्लांट को पंपिग के लिए पानी नहीं मिल पाया था। सोमवार को गौला बैराज से 30 क्यूसेक पानी प्लांट को मिला है, फिल्टर के बाद पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। जहां पर दूषित पानी की दिक्कत है, उसे जल्द दूर किया जाएगा।

शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट में सिल्ट के कारण मटमैला हुआ पानी। ● अमृत विचार

गौला बैराज का जलस्तर 74 क्यूसेक हुआ

सोमवार को गौला बैराज का जलस्तर 74 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया। जिसमें से सिंचाई के लिए 44 क्यूसेक और पेयजल के लिए 30 क्यूसेक पानी दिया गया। गौला बैराज के इंचार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि पहाड़ों पर हो रही बारिश से गौला नदी के जलस्तर में अभी और बढ़ोत्तर होने की उम्मीद है। वहीं पूर्व की भांति अब सिंचाई की नहरों के लिए नियमित तौर पर पानी दिया जा रहा है।

पालिका टीम पर भारी पड़े अतिक्रमणकारी

अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस टीम के साथ उलझती महिला। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पंत पार्क में अतिक्रमण प्रशासन के लिए नासूर बनता जा रहा है। कई बार कार्रवाई के बावजूद अवैध फड़ कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार को एक बार फिर से पुलिस व नगर पालिका प्रशासन ने अवैध फड़ों को हटाने का अभियान चलाया। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी फड़ व्यवसायियों के आगे पालिका की नहीं चली।

मल्लीताल पंत पार्क से अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम में न तो ईओ मौजूद रहीं और न ही पुलिस का कोई अधिकारी। टीम में कोई महिला पुलिसकर्मी भी नहीं थी, जिसके चलते अतिक्रमण करने वालों में खासकर महिलाओं के हौंसले बुलंद हो गए। महिलाएं टीम पर जबरदस्ती करने का आरोप लगाने लगीं। जिसके चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। इस दौरान टीएस सुनील खोलिया, टीआई हिमांशु चंद्रा, मोहन चिलवाल, अंकित बिष्ट, दीपराज मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेस ने की लोकसभा चुनाव की समीक्षा

भीमताल : भीमताल विधानसभा में लोकसभा चुनाव की समीक्षा के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक पूर्व प्रत्याशी प्रकाश जोशी व जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कांग्रेस को मजबूत करने के लिए रणनीति पर भी विचार हुआ। बैठक में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार से पर्वतीय क्षेत्र के किसानों को आलू फसल का बीमा शीघ्र दिलाने की मांग की। वक्ताओं ने पर्वतीय क्षेत्र के किसानों को पूर्व की भांति ही ऋण वसूली की व्यवस्था लागू करने करने की भी मांग की। कहा कि यदि मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों को साथ लेकर धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में सतीश नैनवाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, देवेंद्र चनौतिया, गणेश आर्य, गजेंद्र बोहरा, डीके डालाकोटी, प्रेम मेहरा, नीरज कुमार, राकेश बृजवासी, प्रताप बर्गली, चंदन बिष्ट, पुष्कर नयाल मौजूद रहे।

कोतवाली में ज्ञापन देते हिंदूवादी संगठन के लोग। ● अमृत विचार

विहिप व बजरंग दल ने दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

रामनगर : धार्मिक ईमारतों से ध्वनि विस्तारक यंत्र उतारे जाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में मांग पत्र सौंपा। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि धर्म विशेष की धार्मिक इमारतों से बज रहे ध्वनि विस्तारक यंत्र उच्चतम न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं। चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो भवानीगंज चौक पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान पर सूरज चौधरी, किशोर शर्मा, हृदयेश शर्मा, विशाल आजाद, हरीश प्रकाश, अश्वनी कश्यप मौजूद रहे।

रामनगर में एसडीएम से वार्ता करते भरतपुरी के लोग। ● अमृत विचार

एसडीएम के समक्ष लोगों ने जताई नाराजगी

रामनगर : पम्पापुरी व भरतपुरी क्षेत्र के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर का कि कई वर्षों से एचपी गैस पाइप लाइन का कार्य चल रहा है, जिस कारण क्षेत्र की सड़कों की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है। सड़कों में पानी भरने से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य नवीन सुनेजा ने सड़कों की अतिशीघ्र मरम्मत करने की मांग की। एसडीएम राहुल साह ने एचपी के मंडल अधिकारी से फोन पर वार्ता कर जांच कर मानसून से पूर्व सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान खुशाल सिंह डंगवाल, मनोज पांडेय, चंद्रशेखर जोशी, चन्दन सिंह रावत, सोबन सिंह मनराल, विनोद जोशी, श्याम सिंह नेगी, केएस रावत, बीएस जोशी, मनोज रावत मौजूद रहे।

अनुराग बने नैनीताल दुग्ध संघ के नए सामान्य प्रबंधक

हल्द्वानी : उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन के प्रबंध निदेशक ने सोमवार को नैनीताल लालकुआं दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के नए सामान्य प्रबंधक (जीएम) बतौर अनुराग शर्मा को नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऊधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के प्रधान प्रबंधक को भी बदल दिया है। नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के पूर्व जीएम निर्भय नारायण सिंह पर घोटाले के आरोप की पुष्टि होने के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। प्रबंध निदेशक जयदीप अरोड़ा ने बताया कि ऊधमसिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रधान प्रबंधक अनुराग शर्मा को नैनीताल दुग्ध संघ का जीएम और अल्मोड़ा दुग्ध उत्पादक संघ अल्मोड़ा के प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता को ऊधम सिंह दुग्ध संघ का प्रधान प्रबंधक बनाया है।

हल्द्वानी में अगले माह लगेगा रोजगार मेला

हल्द्वानी : सेवायोजन विभाग की ओर से प्रत्येक 3 माह बाद रोजगार मेले लगाए जाते हैं। लोकसभा चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के कारण विभाग इस बार समय पर मेले नहीं लगा पाया है। अब विभाग रोजगार मेले लगा रहा है। आज (मंगलवार) को काशीपुर में रोजगार मेला लगाया जा रहा है। देहरादून में 12 जुलाई को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा हालांकि हल्द्वानी के लिए अभी तक कोई तिथि नियत नहीं की गई है। सेवायोजन विभाग की अधिकारी ममता ने बताया कि सभी जिलों में अलग-अलग तिथियों में रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में अगले माह रोजगार मेला लगाया जाएगा जिसकी तिथि शीघ्र तय की जाएगी।

विजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

स्पोर्ट्स हॉस्टल हरियाणा ने जीता हॉकी मैच

नैनीताल : डीएसए मैदान में जिला क्रीड़ा संघ व डीएसए क्लब के तत्वावधान में चल रहे हॉकी मैच में फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स हॉस्टल हरियाणा और सीबीडीटी ऑल इंडिया के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा की टीम ने 19वें और 43वें मिनट में गोल कर मुकाबला 4-1 से जीत लिया। रेफरी दीपक जोशी व अश्वनी कुमार रहे। मुख्य अतिथि शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल और विधायक सरिता आर्या ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

भुट्टा खरीदने को पर्यटक व विक्रेता के बीच हुई हाथापाई

नैनीताल : मल्लीताल पंत पार्क क्षेत्र में भुट्टा लेने को लेकर पर्यटक व भुट्टा विक्रेता के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। पुलिस की ओर से विवाद रोककर तीन लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार बरेली निवासी पर्यटक अपने परिवार के साथ नैनीताल घूमने आया था। देर शाम पंत पार्क में वह भुट्टा खरीदने लगा। भुट्टा खरीदने के दौरान पर्यटक व भुट्टा विक्रेता के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ी तो दोनों के बीच विवाद हो गया और हाथापाई शुरू हो गई। इस दौराद एक और भुट्टा विक्रेता ने भी पर्यटक के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हंगामा बढ़ता देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस पर्यटक व भुट्टा विक्रेताओं को चौकी ले आई। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मारपीट कर क्षेत्र में लोगों को परेशान करने पर भुट्टा विक्रेता दीपक, रितिक व बरेली निवासी पर्यटक कमल भारती के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

एडीबी की योजनाओं में तेजी लाएं ताकि जनता को मिले लाभ: चंद्रेश

सचिव ने एडीबी की 2200 करोड़ की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सचिव चंद्रेश कुमार ने सोमवार को कमलुवागांजा स्थित अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट कार्यालय में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा की।

सचिव चंद्रेश ने कहा कि एडीबी की ओर से शहर में लगभग 2200 करोड़ की पेयजल, सीवरेज, वर्षा जल प्रबंधन एवं बहुउद्देशीय योजनाएं संचालित हो रही हैं। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि एडीबी के अंतर्गत शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए 1,136.54 करोड़ से 23 वार्डों में ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन बिछाने के साथ ही 8 नए नलकूप का निर्माण किया जा रहा है। 14 नए टैंक एवं सतही जलाशय निर्माण और 25 मौजूद टैंकों का मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में 660.80 करोड़ से 17 वार्डों में सीवरेज लाइन बिछाने, 10.50 एमएलडी क्षमता का एसटीपी निर्माण भी प्रस्तावित है। वर्षाकाल में जल प्रबंधन योजना के तहत सड़क किनारे नालों (ड्रेन्स) के साथ ही प्रभावित रकसिया नाले का आउटफाल प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में काम शुरू कर दिया है। सिंह ने बताया कि 275 करोड़ से शहर में बहुउद्देशीय भवन, प्रशासनिक भवन एवं बस अड्डे के लिए ड्राफ्ट डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि तहसील परिसर में मौजूद सरकारी दफ्तरों के अतिरिक्त अन्य दफ्तर भी एकीकृत भवन में स्थापित होंगे। बहुउद्देशीय भवन में 450 वाहनों की पार्किंग, 500 व्यक्तियों की क्षमता के सामुदायिक हॉल, प्रेस क्लब, लाइब्रेरी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामुदायिक हॉल, बस अड्डे से 18 बसों की क्षमता के सिटी बस अड्डे का निर्माण भी होगा।

सचिव चंद्रेश ने कहा कि सभी योजनाओं में तेजी लाई जाए, ताकि जनता को इसका फायदा मिले। योजनाओं को समय से पूरा करने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करें। यदि शासन स्तर पर कोई समस्या है तो अवगत कराएं इसका समाधान किया जाएगा। इस दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, उप निदेशक कार्यक्रम विनय मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव कुमार, प्रोजेक्ट इंजीनियर नीरज उपाध्याय, तहसीलदार सचिन कुमार आदि मौजूद थे। इससे पूर्व उन्होंने अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट कार्यालय का उद्घाटन किया।

कमलुवागांजा स्थित अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट कार्यालय में एडीबी की योजनाओं की समीक्षा करते सचिव चंद्रेश कुमार।

न्यायालय की शरण लेंगे बढेरी के ग्रामीण

गरमपानी, अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक का छोटा सा गांव बढेरी इन दिनों प्रतिस्पर्धा का केंद्र बिंदु बन चुका है। स्टोन क्रशरों के निर्माण को लेकर हो रही जद्दोजहद से माहौल गरम है।

शहीद बलवंत सिंह मेहरा भुजान बर्धो मोटर मार्ग पर कोसी नदी के नजदीक स्थित सुंदर व शांत बढेरी गांव अशांत होता जा रहा है। पूर्व में दो स्टोन क्रशर स्थापित होने के बाद अब गांव के समीप अन्य स्टोन क्रशरों के स्थापित होने की सुगबुगाहट से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में पहचान रखने वाले बढेरी क्षेत्र में अब लगातार खेतीबाड़ी का रकबा भी घटता जा रहा है। कैप्टन (अवकाश प्राप्त) सुरेन्द्र सिंह जंतवाल के अनुसार स्टोन क्रशरों की संख्या बढ़ने से भविष्य में गांव में रहना मुश्किल हो जाएगा। वर्तमान में ही माहौल बिगड़ने लगा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पर्यटकों की चलती कार पर युवक ने बरसाए डंडे, बाइक से हुआ फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रविवार की रात बाइक सवारों ने नैनीताल रोड पर जमकर गुंडई की। बाइक सवारों में से एक युवक ने सड़क पर पैदल दौड़ लगाते हुए पर्यटकों की कार पर डंडे बरसाए। कार सवार पर्यटक जब भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी के सामने रुके तो आरोपी फिल्मी अंदाज में बाइक पर दौड़ लगाते हुए सवार हुआ और फरार हो गया। पूरा विवाद ज्योलीकोट से शुरू हुआ था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

कार सवार कुछ दोस्त रामपुर उत्तर प्रदेश से नैनीताल घूमने आए थे। पर्यटक ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात वह कार से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। ज्योलीकोट में उसकी कार एक बाइक से टकरा गई। यहां माफी मांगने पर मामला शांत हो गया, लेकिन कुछ दूर चलने के बाद बिना नंबर प्लेट की बाइक कार के पीछे आती दिखाई दी। रानीबाग पहुंचने तक युवकों ने कार पर हमला शुरू कर दिया। टेड़ी पुलिया पर दोनों पक्षों में कहासुनी भी हुई, लेकिन मामला और बिगड़ गया। कार सवार आगे बढ़े तो बाइक सवारों ने फिर पीछा शुरू कर दिया। नैनीताल रोड पर यातायात धीमा हुआ तो बाइक सवारों में से एक युवक नीचे उतरा और कार के पीछे दौड़ लगाते हुए कार पर डंडे बरसाने शुरू कर दिए। जिससे कार का शीशा टूट गया। पर्यटकों ने बचने के लिए भोटिया पड़ाव चौकी पर गाड़ी रोक दी। यह देख आरोपी फरार हो गए। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें युवक चलती बाइक से उतरता और फिर भागता दिखाई दे रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी ने बताया कि सरकारी कैमरों के साथ-साथ निजी प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वाहन सवार ने बनाया घटना का वीडियो, वायरल

हल्द्वानी : नैनीताल रोड पर जब यह घटना हो रही थी तो सड़क वाहनों से भरी हुई थी। इन्हीं वाहन सवारों में से एक व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया और यह वायरल हो गया। आरोपियों की बाइक में पीछे नंबर प्लेट नहीं थी और वीडियो में उनके चेहरे भी साफ नहीं हैं। पुलिस ने जो सीसीटीवी खंगाले हैं, उनमें भी आरोपियों के चेहरा साफ नहीं है।

क्वारब से गेठिया तक तीन लोडर मशीनें तैनात

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बरसात के मद्देनजर यातायात सुचारु रखने को एनएच प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। नैनीताल व अल्मोड़ा जनपद की सीमा पर क्वारब क्षेत्र से गेठिया तक तीन लोडर मशीनें तैनात की गई हैं। वहीं लगातार मॉनिटरिंग के लिए तीन अवर अभियंताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अतिसंवेदनशील अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर कदम-कदम पर खतरा मंडरा रहा है। 39 करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट उपलब्ध होने के बावजूद हाईवे को चार वर्ष पूर्व आपदा में मिले जख्म नहीं भरे जा सके हैं। अब एक बार फिर बरसात का मौसम नजदीक है। प्री-मानसून की दस्तक के साथ ही एनएच प्रशासन ने भी कमर कस ली है। कुछ दिन पहले ही एनएच की विशेष टीम ने हाईवे पर स्थित पुलों का निरीक्षण किया। साथ ही भूस्खलन वाले स्थानों के भी हालात जाने। बरसात के मौसम में हाईवे से सटी पहाड़ी से भूस्खलन होने व पेड़ आदि गिरने पर तत्काल आवाजाही सुचारु करने को एनएच प्रशासन ने रणनीति तैयार कर ली है।

हाईवे पर कैंची, गेठिया व छड़ा क्षेत्र में तीन लोडर मशीनें तैनात की गई हैं। मशीनों के चालकों को अलर्ट मोड पर रहने तथा मोबाइल बंद न करने के निर्देश दिए गए हैं। बकायदा लगातार मॉनिटरिंग के लिए तीन अवर अभियंताओं की भी तैनाती की गई है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपते नेचर गाइड। ● अमृत विचार

गर्जिया पर्यटन जोन वर्षभर खोलने की मांग

रामनगर : जिम कॉर्बेट नेचर गाइड एसोसिएशन ने कॉर्बेट पार्क में गर्जिया पर्यटन जोन पूरे वर्ष संचालित करने की मांग की है। एसोसिएशन ने सोमवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। एसोसिएशन ने बताया कि गर्जिया पर्यटन जोन ऐसा जोन है, जहां महिला नेचर गाइड भी तैनात हैं। सरकार जहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दावे करती है, वहीं चार माह महिलाओं के समक्ष रोजगार का संकट क्यों पैदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह मानसून सत्र में पार्क के कई अन्य जोन खोले जाते हैं, उसी तरह गर्जिया भी खोला जाए। मांग पूरी न होने पर 15 दिन के बाद आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। इस दौरान कार्बेट गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बुधानी, कार्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम सिंह मेहरा, ईको नेचर गाइड समिति के अध्यक्ष अमित चौधरी, बलवंत सिंह, सुनील फुलेरा, अंशुल, रणजीत सिंह, नंदन सिंह, हरिशंकर, प्रेम राज, तारादत्त तिवारी, केशव सती आदि मौजूद रहे।

ऊधमसिंह नगर के एसएसपी और डीएम को निलंबित करने की मांग

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : इंकलाबी मजदूर केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष कैलाश भट्ट सहित अन्य पांच मजदूर नेताओं को डीएम उधमसिंह नगर द्वारा गुंडा घोषित कर जिला बदर करने की चेतावनी के खिलाफ कई संगठनों के लोगों में आक्रोश है। सोमवार को एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, सीजेआई को भेजे ज्ञापन में लोगों ने इसकी कडे.शब्दों में भर्त्सना की।

इंकलाबी मजदूर केंद्र के महासचिव रोहित रुहेला के नेतृत्व में एसडीएम राहुल शाह के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि एसएसपी की कथित रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने कैलाश भट्ट, राजेश सक्सेना व डॉल्फिन मजदूर नेता ललित कुमार, सोनू कुमार, वीरू सिंह, बब्लू सिंह को गुंडा घोषित कर जिला बदर करने की चेतावनी दी है। उन्होंने मजदूर नेताओं पर दर्ज सभी फर्जी मुकदमें रद कर डीएम एवं एसएसपी को निलंबित करने की मांग की। कहा कि मजदूरों पर जानलेवा हमला कराने वाले डॉलफिन कंपनी के मालिक को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन देने वालों में कमल वर्मा, उपपा के महासचिव प्रभात ध्यानी, मौ. आसिफ, पछासं के रामनगर सचिव रवि, प्रियांशु, किशन शर्मा आदि शामिल रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

वाहन के शीशे टकराने से सड़क पर हंगामा

नैनीताल, अमृत विचार : रविवार की देर शाम सूखाताल क्षेत्र में भीड़-भाड़ में एक कार चालक की कार से पास लेने के दौरान दूसरी कार का शीशा टकरा गया। इस बात को लेकर दोनों कार चालकों में कहासुनी हो गई। चालक कार से बाहर उतर धक्कामुक्की करने लगे। इस दौरान वहां यातायात प्रभावित होने लगा। मौके पर मौजूद लोगों व पुलिस कर्मियों ने जब पर्यटकों को रोकने की कोशिश की तो वह नहीं माने। जिसके बाद पुलिस दोनों पर्यटकों को कोतवाली ले आई। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि सड़क पर मारपीट करने पर रामपुर निवासी मो. सोफियान व हरिद्वार निवासी अंकुश के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

सार-संक्षेप

बेस अस्पताल के ब्लड बैंक में निगेटिव रक्त की कमी

हल्द्वानी : बेस अस्पताल के ब्लड बैंक में निगेटिव ग्रुप के रक्त की कमी चल रही है। एबी निगेटिव और बी निगेटिव ब्लड ग्रुप खत्म हो गया है। साथ ही निगेटिव ग्रुप के अन्य रक्त समूहों की भी कमी चल रही है। अस्पताल के ब्लड बैंक में सोमवार को ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप के 52 यूनिट थे। ए पॉजिटिव ब्लड ग्रुप के 20, बी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप के 19 यूनिट थे। एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप के भी सात यूनिट थे। ए निगेटिव और ओ निगेटिव ब्लड ग्रुप के केवल चार-चार यूनिट थे। साथ ही एबी निगेटिव और बी निगेटिव ब्लड ग्रुप खत्म हो गया था। ब्लड बैंक से जानकारी मिली कि गर्मियों के दिनों में लोग कम रक्तदान करते हैं। इस वजह से भी रक्त की कमी चल रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत निगेटिव ग्रुप के ब्लड की है। मरीजों के तीमारदार आ रहे हैं तो उन्हें मुश्किल से इस ग्रुप का रक्त मिल पा रहा है। पीएमस डॉ. केके पांडे ने बताया कि लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही समय-समय पर रक्तदान शिविर भी लगाये जाते हैं।

महिपाल छोटा कैलाश समिति के अध्यक्ष बने

भीमताल : छोटा कैलाश समिति की बैठक हैड़ाखान में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष पद पर महिपाल सिंह संभल के नाम का प्रस्ताव पास हुआ। समिति के पूर्व अध्यक्ष गुमान सिंह संभल के निधन के बाद पद रिक्त चल रहा था। बैठक में मंदिर परिसर में कोई भी विकास कार्य समिति की स्वीकृति के बगैर नहीं कराए जाने पर प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक की अध्यक्षता आन सिंह संभल ने की। इस दौरान पूर्व प्रधान नवीन पलड़िया, दीवान सिंह, नंदन सिंह, जीवन सिंह, नारायण सिंह, हरक सिंह, चंदन सिंह व मंदिर के तीनों पुजारी मौजूद रहे।

राजकीय पॉलीटेक्निक में प्रवेश प्रक्रिया दो जुलाई से

रामनगर : राजकीय पॉलीटेक्निक पीरूमदारा में प्रवेश प्रथम चरण की काउंसिलिंग के माध्यम से दो जुलाई से शुरू होने जा रहे हैं। निदेशक प्राविधिक शिक्षा विभाग उत्तराखंड ने बताया कि इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर साइंस पाठ्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर है। प्रधानाचार्य गजेन्द्र सिंह ने बताया कि संस्था में वर्तमान में दो ब्रांच इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा कम्प्यूटर साइंस में 30-30 सीटें उपलब्ध है। प्रवेश से संबंधित सूचना उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा परिषद् की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

समाजवादी लोकमंच का धरना-प्रदर्शन 27 को

रामनगर : समाजवादी लोकमंच ने बैठक कर वनाग्नि के दौरान मारे गये लोगों को 50 लाख व घायलों को 25 लाख रुपये का मुआवजा, आश्रित को नौकरी देने व सभी फायर वाचरों को नियमित नियुक्ति, जीवन रक्षक उपकरण व आग बुझाने के उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही बताया कि 27 जून को सुबह 11 बजे से लखनपुर चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि उत्तराखंड के जंगल और लोग आग में झुलस रहे हैं और सरकार के मुखिया आग बुझाने की व्यवस्था करने व आग बुझाने में लगे लोगों को अग्निशमन व जीवन रक्षक उपकरण उपलब्ध कराने की जगह मीडिया में चाय बनाते हुए अपनी फोटो वायरल कर रहे हैं। भाजपा के विधायक प्रेम चंद्र हाथों में टहनी लेकर आग बुझाने की रील बना रहे हैं। बैठक में ललित उप्रेती, जमनराम, किशन शर्मा, सरस्वती जोशी, मुनीश कुमार, कौशल्या चुनियाल, मदन मेहता, राजेंद्र सिंह, किशन शर्मा, ललित रावत ने विचार रखे।

शिविर में रक्तदान करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

शिविर में हुआ 30 यूनिट रक्त एकत्र

रामनगर : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस पर ग्राम पंचायत कानिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान पति सुरेश घुघत्याल ने किया। शिविर काशी चेरिटेबल ब्लड बैंक की ओर से लगाया गया, जिसमें 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इस दौरान विनोद करगेती, पंकज रावत, भानु सैनी, हरदीप चौहान, मोहन पटवाल, वीरेंद्र अधिकारी, गोपाल दत्त नौटियाल, बिरजू त्यागी मौजूद रहे।

NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% • NO AGE LIMIT
• प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. 7617632557

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनोटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सार-संक्षेप

रक्तदान शिविर में मौजूद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी।

रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

हल्द्वानी : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में रक्तदान और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ नवनियुक्त प्रांत अध्यक्ष कृष्णा कांडपाल ने किया। उन्होंने संगठन के उद्देश्य और योजनाओं पर रोशनी डालते हुए सभी सदस्यों को संगठित होकर समाजसेवा के लिए आगे आने को कहा। इस अवसर पर काफी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। वहीं, चिकित्सकों ने लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया और विभिन्न जांचें कीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष एएम जंतवाल, आनन्द पांडे, करण सिंह, मोहन सिंह, प्रतीक, प्रशांत, विजय, और राहुल आदि मौजूद रहे।

अयोध्या में सरयू नदी किनारे मौजूद श्रद्धालु।

मंगलम तीर्थ सेवा ने 40 लोगों को कराए अयोध्या के दर्शन

हल्द्वानी : मंगलम तीर्थ सेवा की ओर से 40 श्रद्धालुओं के एक दल को तीन दिवसीय यात्रा के लिए अयोध्या धाम के दर्शन कराए गए। तीन दिवसीय इस यात्रा में श्री रामलला एवं हनुमानगढ़ी के दर्शन, सरयू स्नान आदि तीर्थाटन कराया गया। स्व. श्री बालकिशन देवकी जोशी समिति के अध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया कि यात्रा माह में दो बार अयोध्या धाम को जाती है, इसमें यात्रियों का आना जाना, भोजन वगैरह निशुल्क रहता है।

एनएच के ईई को ज्ञापन सौंपते प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी।

जाम से निजात के लिए एनएच के ईई को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक शिष्टमंडल सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 87 के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार से मिला। इससे पूर्व शिष्टमंडल ने सांसद अजय भट्ट से भी मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, जिला अध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता और जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने ईई को रानीबाग के भीमताल डायवर्जन में लगने वाले जाम की समस्या के बारे में बताया। साथ ही समस्या के निराकरण के लिए एक मानचित्र बनाकर उन्हें ज्ञापन दिया। कहा कि भीमताल मार्ग को जाने वाले ट्रैफिक को वन विभाग नर्सरी से निकालकर एक अंडरपास बनाया जाए जो अंडरपास भीमताल वाली रोड पर यू बैंड से पहले मिलेगा। इससे भीमताल की ओर जाने वाले सभी वाहन बिना राजमार्ग को क्रॉस किए हुए सीधा अंडरपास से निकल जाएंगे और हल्द्वानी की ओर आने वाला ट्रैफिक पूर्व निर्धारित मार्ग पर चलता रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि यह सुझाव भविष्य के लिए भी बहुत उपयोगी साबित होगा। इससे भीमताल डायवर्जन पर जाम से निजात मिल जाएगी।

मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपते गौलापार के ग्रामीण।

बिजली कर्मी पर अभद्रता का आरोप, प्रदर्शन

हल्द्वानी : गौलापार क्षेत्र के ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम के एक कर्मचारी पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। साथ ही मुख्य अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गांव के उपभोक्ता गौरव शर्मा ने विभागीय काउंटर पर अपना बिजली का बिल जमा किया, लेकिन विभाग के कर्मचारी ने किसी अन्य के बिल का भुगतान कर दिया गया। शिकायत करने पर कर्मचारी अभद्रता करने लगा। ग्रामीणों ने अभद्रता करने वाले कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान कमल बिष्ट, नितिन सुयाल, महिपाल रैक्वाल, नवीन चंद्र, यशवंत, बालम सिंह नौला मौजूद रहे।

हरीश मौर्या बने पीपीआईडी के राज्य अध्यक्ष

हल्द्वानी : पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक की देहरादून में हुई बैठक में हरीश मौर्या को पार्टी का राज्य अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व राज्य अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि पीपीआईडी ने पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी सीटों पर चुनाव लड़ा था और लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रही। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम ने बताया कि यह पार्टी व्यक्तिवाद, परिवारवाद, सुप्रीमोवाद, पूंजीवाद से मुक्त है। हरीश को जिम्मेदानी मिलने मिलने पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कविता बेनीवाल, महावीर सिंह, हरि से खोरवाल, महासचिव केपी सिंह, श्याम सिंह, कार्यालय सचिव आरबी राम, संगठन सचिव मनोज तिनसोला, प्रकाश आगरी, किशोरी लाल, पुष्कर बैछवाल, सुधीर कुमार, शिव कुमार, राजेंद्र प्रसाद, सुरेशी कोहली, प्रदीप कुमार, तुलसी, गुलाब सिंह, चंदन राम ने शुभकामनाएं दी हैं।

रेलवे स्टेशन में कूड़े की दुर्गंध से लोग परेशान

हल्द्वानी : हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर घुसते ही लोग दुर्गन्ध से परेशान हैं। स्टेशन पर टिकट व अन्य संबंधी कार्य के लिए पहुंचने वाले लोग मुंह को रूमाल से ढक कर जा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट से प्रवेश करते ही बदबू शुरू हो जाती है। आरक्षण खिड़की तक पहुंचने पर बदबू और अधिक बढ़ जाती है। बदबू इतनी तेज आती है कि खिड़की के पास खड़ा होना मुश्किल हो जाता है। अब बारिश का मौसम शुरू होने वाला है, यहां पर जमा कूड़ा सड़ने से आसपास के इलाकों में संक्रामण बीमारियों का भी फैलने का खतरा रहेगा। जमे कूड़े को हटाने के लिए न तो रेलवे विभाग की सजग है और नहीं नगर निगम ऐसे में नियमित तौर पर रेलवे स्टेशन पर लोगों का आना-जाना है, लेकिन कूड़े का निस्तारण नहीं होने से आमजन दुर्गन्ध से परेशान है।

अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम पर मानसून का खतरा

पिछले वर्ष 200 मीटर दीवार समा गई थी गौला नदी में, सुरक्षा दीवार के लिए भेजा गया प्रस्ताव शासन में फाइलों में फांक रहा है धूल

संवाददाता, हल्द्वानी

02 करोड़ 50 लाख का बाढ़ सुरक्षा का प्रस्ताव सिंचाई विभाग ने शासन को भेजा लेकिन शुरू नहीं हुआ काम

70 मीटर अंदर तक भूकटाव कर चुकी है गौला नदी, अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का फुटपाथ और नाली भी जद में

27 जून से मानसून दे सकता है दस्तक, गौला नदी में पानी बढ़ने पर पिछले हिस्से में भूकटाव का खतरा भी बढ़ेगा

अमृत विचार : गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम पर मानसून का खतरा मंडरा रहा है। पिछले वर्ष गौला नदी के तेज बहाव में ढही स्टेडियम की 200 मीटर दीवार का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हो सका है। जबकि प्री-मानसून की दस्तक हो चुकी है और इसी हफ्ते मानसून भी आने की उम्मीद है।

गौलापार में नदी के किनारे 70 एकड़ वन भूमि में 173 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाया गया था। पिछले वर्ष गौला नदी के तेज बहाव के चलते स्टेडियम के पीछे की तरफ की 200 मीटर सुरक्षा दीवार जमींदोज हो गई थी। जिसके बाद आनन-फानन में शासन व प्रशासन के जिम्मेदार अफसरों ने स्टेडियम का दौरा कर सिंचाई विभाग को बाढ़ सुरक्षा का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सिंचाई विभाग ने 2.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेज दिया।

स्टेडियम को बचाने के लिए गौला नदी में 200 मीटर लंबी और साढ़े छह मीटर ऊंची सुरक्षा दीवार बनाई जानी है। मानसून से पहले सुरक्षा दीवार बनाने के दावे किए जा रहे थे पर निर्माण तो दूर अभी तक बजट जारी नहीं हुआ है। वहीं प्री-मानसून की बारिश शुरू हो गई है। गौला नदी का जल स्तर भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। राज्य में 27 जून से मानसून आने के आसार हैं। यदि इस साल भी गौला नदी का बहाव स्टेडियम की ओर रहा तो इससे और अधिक नुकसान होने की आशंका है।

अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के पीछे की तरफ दीवार ढहने के बाद गौला नदी लगातार भूकटाव कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में बना फुटपाथ व नाली भी भूस्खलन की चपेट में आई। ● अमृत विचार

गौला में समाया फुटपाथ व नाली

हल्द्वानी : पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के चलते अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के पैदल मार्ग और नाली गौला नदी में समा गई थी। गौला नदी के प्रवाह से नदी स्टेडियम की ओर 70 मीटर अंदर तक कटान कर चुकी है। वहीं अब नदी से स्टेडियम की दहलीज ज्यादा दूर नहीं है। समय रहते बाढ़ सुरक्षा संबंधी कार्य नहीं किए गए तो यह कटान और बढ़ जाएगा।

स्टेडियम की सुरक्षा दीवार व तटबंध निर्माण सिंचाई विभाग की ओर से किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 2.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन में भेजा है, जिसका शासनादेश होना बाकी है। वहीं बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए व्यय को वित्त समिति की ओर से मंजूरी मिल गई है, धनराशि आवंटित होते ही सिंचाई विभाग निर्माण शुरू कर देगा।
-रशिका सिद्दीकी, खेल उप निदेशक उत्तराखंड

गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्टस स्टेडियम। ● अमृत विचार

सांप निकलने पर तुरंत वन विभाग को दें सूचना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बारिश के मौसम में अक्सर सांप व अन्य जहरीले जीवों का खतरा बढ़ जाता है। घरों में सांप घुसने के मामले भी बढ़ जाते हैं। सांप को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने के लिए वन विभाग ने क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) का गठन किया है।

डीएफओ यूसी तिवारी ने बताया कि हल्द्वानी व रुद्रपुर में क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि घर या आसपास कहीं भी सांप निकलने पर तुरंत विभाग की ओर से जारी किये गये नंबरों पर सूचना दें, जिससे क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंचकर सांप को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ सके।

उन्होंने बताया कि आमतौर पर सांप निकलने से लोग दहशहत में आ जाते हैं। ऐसे में सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर मैदानी इलाकों में धामन, कोबरा और रसल वाइपर प्रजाति के सांप पाए जाते हैं। इनमें धामन खतरनाक नहीं होता है, लेकिन कोबरा व रसल वाइपर प्रजाति के सांप खतरनाक होते हैं। ऐसे में इन्हें बिल्कुल छेड़ना नहीं चाहिए।

इनसे करें संपर्क

घर व आसपास कहीं भी सांप निकलने पर वन विभाग की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर में फोन करें। हल्द्वानी के लिए रमेश सती को इंचार्ज बनाया है, जिनका मोबाइल नंबर 9368327484 और आनंद कुमार जिनका मोबाइल नंबर 9917127619 है। जबकि रुद्रपुर के लिए गोपाल सिंह बिष्ट को प्रभार दिया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 9897106769 है।

सड़क की गुणवत्ता को लेकर भड़के ग्रामीण

प्रदर्शन

- पीएमजीएसवाई के कार्यालय पहुंचकर दिया धरना
- एसडीएम ने मौके पर पहुंच समझाकर शांत किया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हरीशताल, पतलोट और आसपास के ग्रामीणों ने सोमवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के काठगोदाम स्थित कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीण कार्यालय में तालाबंदी करने की तैयारी कर रहे थे तभी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने क्षेत्र में खराब गुणवत्ता की सड़क बनाने पर आक्रोश प्रकट किया।

पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू ने कहा कि पदमपुरी-हैड़ाखान मार्ग में स्यूड़ा, कौंता, ककोड़, हरीशताल के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 32 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है, लेकिन सड़क की गुणवत्ता खराब है। सड़क निर्माण में घटिया डामर का प्रयोग किया जा रहा है। कलमठ भी सही नहीं बनाए गए हैं। रोड काटने के बाद वहां दीवार बनाई जहां पर दीवार नहीं बनानी चाहिए। आये दिन सोशल मीडिया पर खराब सड़क को लेकर वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को बताने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। मौके पर पहुंचे एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों ने मार्ग में क्षतिग्रस्त कलवर्ट का पुनर्निर्माण करने, दीवारों बनाने व मजदूरों को ठेकेदार से भुगतान दिलाने की मांग की। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारी से सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान गंगा सिंह, सुरेश चंद्र, गणेश राम, दीवानी राम, चनर राम, चतुर सिंह, विद्यासागर, पीसी शर्मा, सुरेश भट्ट, हरीश कुड़ाई, कमल शर्मा, बच्ची राम, पंकज कुमार, रमेश सिंह, नंद राम मौजूद रहे।

काठगोदाम पीएमजीएसयाई कार्यालय के बाहर सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

पर्यटन बढ़ाने को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पर्यटन विभाग और टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल के तत्वावधान में चल रहे दस दिवसीय टूर गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को धरोहर शिक्षा, व्यावहारिक आतिथ्य कौशल और पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

तीन सत्र में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को शेवरॉन फेयरहैवंस होटल ले जाया गया। जहां छात्रों को पर्यटन उद्योग में आतिथ्य कौशल की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को हेरिटेज होटल व्यवसाई प्रवीण शाह ने अपने अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों की जानकारी और व्यावहारिक दिक्कतों की जानकरी दी।

दूसरे सत्र में छात्रों ने नैनीताल चिड़ियाघर का भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य उन्हें वन्यजीव संरक्षण और स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण में चिड़ियाघर की भूमिका के बारे में शिक्षित करना था। इसके अलावा छात्रों ने मालरोड पर स्वच्छता अभियान रैली में भाग लिया।

फैरहेवनस होटल में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल युवा। ● अमृत विचार

व्यापारी मुमताज हुसैन के निधन पर जताया शोक

हल्द्वानी, अमृत विचार: प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी शकील हुसैन कुरेशी के बड़े भाई मुमताज हुसैन के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक जताने वालों में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्सवान, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, धर्म यादव, पूरन लाल साह, राकेश गुप्ता, महबूब अली, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, नुसरत सिद्दीकी शामिल थे।

मटेला गांव की सड़क आठ वर्षों से बजट का इंतजार कर रही है। ● अमृत विचार

58 से 144 लाख हो गई लागत पर नहीं बनी सड़क

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बजट की कमी से सड़क की लागत आठ वर्षों में लगभग तिगुनी हो गई। फिर भी बजट नहीं मिला और सड़क नहीं बन सकी है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सड़क निर्माण के लिए बजट देने की मांग की है।

जनपद के रामगढ़ ब्लॉक के मटेला गांव में वर्षों से मोटर मार्ग नहीं है। वर्ष 2016 में लोक निर्माण विभाग ने राज्य योजना के अंतर्गत 58 लाख रुपये से छीमी-मटेला-तोला भूमिया देव मंदिर तक 4 किमी सड़क को स्वीकृति दी थी। शुरुआत में वन विभाग से अनापत्ति नहीं मिलने से मामला लटक गया। जैसे-तैसे वन विभाग से स्वीकृति मिली और वन विभाग ने सड़क निर्माण में आ रहे पेड़ों का कटान किया और पिलर्स भी लगा दिए। फिर इस सड़क का निर्माण बजट की कमी से लटक गया। वर्ष 2016 से अब तक लगभग 8 वर्षों बाद इस सड़क की लागत 58 से बढ़कर 144 लाख हो गई, लेकिन सड़क अब तक नहीं बन सकी। वहीं, सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। काश्तकारों को फसल मंडी तक पहुंचाने में खासी मेहनत व खर्च करना पड़ता है। मरीज, गर्भवती महिलाएं समय से गांव से सड़क तक नहीं पहुंच पाती हैं। नतीजा गांव में तेजी से पलायन हो रहा है। जो ग्रामीण रह भी रहे हैं, उन्हें जान हथेली पर लेकर कठिन मार्ग से गुजरना पड़ता है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारी, विधायक, सांसद से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय से जानकारी मांगी तो हर बार बजट की कमी का हवाला दिया गया।

मटेला गांव के तारा चंद्र जोशी, कैलाश चंद्र जोशी व अन्य ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल में शिकायत कर सड़क निर्माण की मांग की है। वहीं, अब ग्रामीण बजट के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपने का मन बना रहे हैं।

मांग | उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने मंडलायुक्त का किया घेराव, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

सीबीआई से कराएं नीट पेपर लीक की जांच

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नीट व नेट जेआरएफ सहित अन्य परीक्षाओं में धांधली को लेकर उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने मंडलायुक्त का घेराव किया। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

संघ के विधानसभा अध्यक्ष पवन रावत और उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी के नेतृत्व में छात्रों ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ओर से राज्य में आयोजित अन्य परीक्षाओं की भी जांच की जानी आवश्यक है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय स्टेनो तथा उच्च न्यायालय क्लर्क परीक्षाओं सहित एनटीए की परीक्षाओं में धांधली और अनियमितताओं के संदेह के चलते छात्र धोखाधड़ी के डर से जांच की मांग कर रहे हैं। इन परीक्षाओं की पारदर्शिता तथा निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई जांच आवश्यक है।

मंडलायुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंपते बेरोजगार संघ के सदस्य।

पीयूष जोशी ने कहा कि छात्र-छात्राएं तय कार्यक्रम के अनुसार ज्ञापन के बाद एनटीए का पुतला दहन करने आए थे, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने उनका पुतला छीन लिया और कहा कि पुतला दहन की अनुमति नहीं ली गई है।

पवन रावत ने कहा कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो जल्द एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कबीर शाह, विनीत कबड़वाल, कार्तिक शाह, प्रदीप आर्या, तरुण कुमार, राहुल रावत, नितेंदर बिष्ट, संदीप सिंह, आकांशा राय, अनुष्का, अभिषेक कुमार, अभिषेक बिष्ट, पीयूष कुमार, नीरज कन्याल, राहुल जोशी, राहुल आर्या मौजूद रहे।

एक नजर

एसडीएम से की जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग

काशीपुर : काशीपुर के वार्ड 11 ढकिया गुलाबो क्षेत्र में हो रही जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने जलभराव की समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग की है। सोमवार को एसडीएम को भेजे ज्ञापन में लोगों ने कहा कि वार्ड 11 में जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बताया कि मानसून में वार्ड की गलियों में जगह-जगह पानी की समस्या होती है। इसके चलते कई गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। उन्होंने एसडीएम से जल्द ही जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। इस दौरान सौरभ, जतिन, पवन कुमार, मोहित, विशाल, अंकित, मुस्तफा, निखिल, आकाश समेत कई लोग मौजूद रहे।

नौ हजार लीटर लहन और छह भट्ठियां की नष्ट

रुद्रपुर : आबकारी टीम ने कई स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर हजारों लीटर लहन व कई भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा ने बताया कि आबकारी आयुक्त और जिलाधिकारी के आदेश पर आबकारी टीम छापामार कार्रवाई कर रही है। मुहिम के तीसरे दिन टीम ने रुद्रपुर के गांव रायपुर व बिंदुखेड़ा, बाजपुर नदी किनारे और लालपुर इलाके में छापामार कार्रवाई कर छह भट्ठियों व नौ हजार लीटर लहन को नष्ट कर दिया है, जबकि लालपुर निवासी शराब तस्कर मान सिंह को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने सभी स्थानों से 280 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब तस्करों को चिह्नित कर मुकदमा दर्ज करना भी शुरू कर दिया है।

बेटे और पुत्रवधु पर गाली गलौज, मारपीट का आरोप

बाजपुर : बुजुर्ग ने अपने बेटे व पुत्रवधु पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगरपालिका के वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर निवासी भूपराम मौर्य पुत्र पोपीराम ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र व पुत्रवधु आए दिन बुजुर्ग माता-पिता साथ लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं। इनके अभद्रता पूर्ण व्यवहार से वह काफी परेशान हो चुके हैं, जबकि बुजुर्ग दंपती अपना भोजन इत्यादि आरोपियों से अलग बनाते हैं। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा पीड़ित को दिलाया है।

शहीद हिमांशु की तृतीय पुण्यतिथि 30 को

काशीपुर : कुमायूं रेजीमंट यूनिट के अमर शहीद हिमांशु की तृतीय पुण्य तिथि पर आगामी 30 जून को गौशाला मोड़ प्रतापपुर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भंडारा भी होगाद। शहीद के परिजनों ने उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से पहुंचने की अपील की है।

चाकू के साथ दबोचा

खटीमा : बाजार पुलिस चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल रविवार की देर शाम को नगर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक चाकू के साथ संदिग्ध अवस्था में प्रेम टाकीज के पास घूम रहा है। जो किसी अप्रिय वारदात का अंजाम देने वाला है। इस पर चौकी प्रभारी पिलखवाल ने मौके पर पहुंच वार्ड नंबर चार इस्लामनगर निवासी उवैश उर्फ मुन्नी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय पेश कर दिया।

31 जुलाई तक जेजेएम की अपूर्ण योजनाओं को पूरा करें : डीएम

जल जीवन मिशन की समीक्षा में दिया आदेश, अधीनस्थों के साथ की समीक्षा बैठक

बैठक

28 जून तक विद्युत कनेक्शन लगाने, 30 जून तक 116 राजस्व ग्रामों में कनेक्शन का प्रमाणीकरण पूर्ण करने का आदेश दिया

100 से अधिक शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में हैं लंबित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि 31 जुलाई तक जेजेएम की 333 योजनाओं में से अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करें। इसके अलावा जिन आवेदनकर्ताओं के विद्युत मीटर नहीं लगे। उसे तत्परता के साथ लगाएं, ताकि पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

सोमवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए डीएम ने जल स्रोत संवर्धन के कार्यों को 15वां वित्त, मनरेगा के युगपती करण से करना सुनिश्चित करने, जल उत्सव के तहत एवं हरेला पर्व पर वृहद स्तर पर पौधरोपण, जल संरक्षण का कार्य किया जाएं। शुद्ध पेयजल के लिए नियमित पानी की जांच करने, सितारगंज-खटीमा इलाकों में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन नहीं देने पर नाराजगी जताते हुए 28 जून तक विद्युत कनेक्शन लगाने, 30 जून तक 116 राजस्व ग्रामों में कनेक्शन का प्रमाणीकरण पूर्ण करने का आदेश दिया। कहा कि कॉस्ट ऑथेंटिकेशन के कार्य पूर्ण करे व नल जल मित्रों का प्रशिक्षण नियमित रूप से कराया जाए। अभी तक 65 प्रतिशत योजनाओं का ही जियो टेगिग परिलक्षित हुआ है, उसे शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने मैकेनिकल एवं सिविल कार्यों को 30 जून तक पूरा करने का आदेश दिया। उन्होंने आदेशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 से ज्यादा शिकायतें लंबित हैं, जिनका निदान तीव्र गति से किया जाएं। इस मौके पर सीडी ओ मनीष कुमार, परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल जेजेएम मृदुला सिंह, ईई ज्योति पालनी, विजय सकरिया आदि मौजूद रहे।

अधीनस्थों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

बर्थ-डे में गए युवक पर जानलेवा हमला

बाजपुर: बर्थ-डे पार्टी में गए युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया जिसे पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पीड़ित ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नई कालोनी भोना निवासी सूरज ठाकुर पुत्र सियाराम ठाकुर ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात वह अपने परिवार के साथ मछली मोहल्ला चीनी मिल वार्ड नंबर-10 में एक बच्ची की बर्थ-डे पार्टी में गया था। आरोप है कि देर रात करीब साढ़े 10 बजे घर लौट रहा था तो मछली मोहल्ला में ही एक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर सूरज को घेर लिया और बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो दोनों हमलावर हो गए और पास में पड़ा पत्थर उसके सिर पर वार कर दिया जिसमें वह घायल हुआ है। इतना ही नहीं उसके साथ गए सुंदर, रोशन पुत्रगण सियराम के साथ भी जमकर की गई है। बाद में जान से मारने की धमकी देकर हमलावर फरार हो गए। तहरीर में आरोपियों पर उसका मोबाइल तोड़ने का आरोप भी लगाया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

ट्रेलर की टक्कर से दो वाहन हुए क्षतिग्रस्त

शांतिपुरी गेट पर ट्रेलर की चपेट में आई कार। ● अमृत विचार

संवाददाता, शांतिपुरी

हादसा

- पार्किंग के लिए साइड ले रहे वाहन को मारी टक्कर
- एक अन्य कार को भी लिया चपेट में, तीनों वाहन पुलिस के कब्जे में

अमृत विचार: बरेली हल्द्वानी मुख्य मार्ग पर शांतिपुरी गेट पर कोलकाता से सिडकुल जा रहे कार ट्रेलर ने पार्किंग के लिए साइड ले रहे वाहन को टक्कर मार दी। जिसमें वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रेलर की चपेट में एक अन्य वाहन भी आ गया। स्थानीय पुलिस ने तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिय।

सोमवार देर शाम को बरेली हल्द्वानी मुख्य मार्ग पर शांतिपुरी गेट स्थित शिव मंदिर के पास हल्द्वानी से शांतिपुरी आ रहे एक स्विफ्ट कार संख्या यूके06 बीजी 7531 मंदिर के पास पार्किंग के लिए साइट ले रहा था। तभी सामने किच्छा की ओर से आ रहे एक कार ट्रेलर वाहन संख्या एनएल 01 क्यू 6264 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार काफी दूर छटक गई। वहीं पास में खड़ी बलेनो कार संख्या यूके06 बीजे 3555 को भी टक्कर मार दी।

गनीमत या रही कि तीनों ही वाहनों के चालक परिचालकों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। इधर घटना के बाद तीनों वाहनों को स्थानी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

हेमपुर स्माइल में सड़क से अवैध निर्माण हटाने की मांग

ज्ञापन

- एसडीएम को ज्ञापन देकर रास्ता बंद करने का आरोप लगाया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : हेमपुर स्माईल के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर एक व्यक्ति पर सार्वजनिक रास्ता बंद करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने रास्ते को कब्जा मुक्त करने की मांग की।

सोमवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह को ज्ञापन देकर हेमपुर इस्माइल, नई बस्ती के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक रास्ता पीछे से 18 फिट चौड़ा है, जो आगे निकलकर गांव की आबादी में जाता है। इस रास्ते का ग्रामीण आवाजाही के लिए वर्षों से इस्तेमाल करते चले आ रहे हैं। आरोप है कि एक व्यक्ति ने सड़क की तीन फिट जगह अपने प्लॉट में मिला ली तथा उस पर दीवार बनाकर रास्ते पर कब्जा कर लिया है।

जब ग्रामीण कब्जा हटाने को कहते हैं तो वह गाली-गलौज कर मारपीट पर आमादा हो जाता है। ग्रामीणों ने मामले में उचित कार्यवाही कर अवैध कब्जा हटाने व रास्ता खुलवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में एमए राहुल, मोनू, विशल, अभिषेक चौहान, रवि कश्यप, शिव औतार, ओम प्रकाश आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते हुए हेमपुर स्माइल के लोग। ● अमृत विचार

सिडकुल कर्मी की मौत में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : किच्छा हाईवे पर सड़क किनारे खड़े होकर सवारी वाहन का इंतजार कर रहे सिडकुल कर्मी मौत प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुड़वारा वहेड़ी यूपी निवासी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि उसका भाई मुकेश सिडकुल की कंपनी में काम करता था, 18 जून को दूधिया नगर के समीप सवारी का इंतजार कर रहा था कि आठ बजे के करीब रुद्रपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने सड़क किनारे खड़े भाई को टक्कर मार दी। आनन फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई का कहना था कि ट्रक चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन का संचालन किया। जिसकी वजह से उसकी भाई की मौत हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

तापमान गिरा

- चोक नालियों से जल निकासी की समस्याएं सामने आई
- तापमान गिरकर 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: नगर और ग्रामीण क्षेत्र में आज हुई तेज वर्षा से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है, वहीं इस वर्षा से धान की रोपाई ने तेजी पकड़ ली है। नगर क्षेत्र की चोक नालियों से जल निकासी की समस्याएं सामने आई हैं।

रविवार को नगर क्षेत्र में हुई दो मिमी वर्षा रिकार्ड की गई लेकिन झनकट, पहेनियां, सैंजना, भूड़ाकिशनी, थारू भुडिया, चकरपुर आदि में तेज वर्षा हुई थी। इधर सोमवार सुबह तेज वर्षा के साथ ही कड़क के साथ बिजली गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। थारू राजकीय इंटर कॉलेज स्थित मौसम केंद्र प्रभारी एनएस रौतेला ने बताया कि तापमान गिरकर 35 डिग्री पहुंच गया है। एक पखवाड़े से चल रही धान की रोपाई में बरसात होने के साथ तेजी आई है। वहीं कहीं कहीं निचले स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी है। भूड़ महोलिया वासियों का कहना है कि जगह जगन नाली पर अतिक्रमण होने से नालियां चोक हो गई है और पहली ही वर्षा में पानी घरों में घुसने लगा है। यह भी कहा की इस संबंध में दो माह पूर्व एसडीएम और अधिशासी अधिकारी को ज्ञान दिया गया था लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है।

खटीमा के पहेनियां गांव की सड़क पर भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

प्रतिज्ञा दोहराकर लिया भूमि बचाने का संकल्प

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बहुचर्चित 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से तहसील परिसर बाजपुर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को 330 दिन पूरे हो गए हैं। इस दौरान आंदोलनकारियों ने सामूहिक रूप से किसान प्रतिज्ञा दोहराते हुए भूमि बचाने का संकल्प लिया।

सोमवार को मकसूद अहमद, देवेश प्रताप सिंह, विचित्र सिंह, भैरव दत्त जोशी, मंजीत सिंह मन्ना को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा आदि ने संयुक्त रूप से फूल-मालाएं पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया। इस दौरान आंदोलन की भावी रणनीति पर विचार-विमर्श करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज आंदोलन को 330 दिन पूरे हो चुके हैं, मुख्यमंत्री द्वारा कई बार दिए गए मजबूत आश्वासन के बावजूद भी सरकार अभी तक समाधान नहीं कर पाई है, जो चिंताजनक है। कहा कि किसान यूनियन के युवा योद्धा आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। उन्होंने जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रखने की बात कही। इस मौके पर पाल सिंह विक्रमपुर, मलूक सिंह नमनू, दीपक लारेंस, महेंद्र सिंह, नत्था सिंह आदि मौजूद रहे।

बाजपुर तहसील में क्रमिक अनशन के दौरान सामूहिक रूप से भूमि बचाने की प्रतिज्ञा लेते किसान आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

तैयारी | व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एसडीएम ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी आदि विभागों संग की बैठक

बारिश में जलजनित बीमारियां फैलने से रोकें

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : बारिश में पनपने वाले डेंगू मच्छर की रोकथाम के लिए जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के उद्देश्य से एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी एवं नगरपालिका आदि विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली जिसमें आपसी समन्वय स्थापित कर काम करने की बात कही गई।

सोमवार को एसडीएम कार्यालय में उप जिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी ने बैठक लेते हुए कहा कि प्रदेश में प्री-मानसून ने दस्तक दे दी है और जल्द ही मानसून भी आने वाला है। बारिश के दिनों में डेंगू मच्छर एवं जलजनित बीमारियां फैलने का प्रभाव काफी बढ़ जाता है जिसके चलते इससे बचाव के लिए जरूरी व्यवस्थाएं समय से करनी है। आमजन में जागरूकता फैलाने की बात कहते हुए कहा कि लोगों को समझाया जाए कि घरों की छतों व घर के आंगन एवं आसपास रखे गमलों, बर्तनों, पुराने टायर आदि सामान एवं घरों के आसपास गड्ढों में पानी नहीं भरने दें। कूलर इत्यादि में भी नियमित रूप से पानी चेंज किया जाए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। खास तौर पर टायर की दुकानों का संचालन करने वाले व्यापारियों को यह बताया जाए कि वह अपने पुराने टायर खुले में ना रखें। इस मौके पर सरकारी अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डा.पीडी गुप्ता, शिक्षा विभाग से इंदिरा पांडेय, नगरपालिका से सीताराम तिवारी, बृजबाला शर्मा के साथ ही कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बाजपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक करते एसडीएम आरसी तिवारी। ● अमृत विचार

छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में करियर बनाने की जानकारी दी

काशीपुर: ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जिपर, काशीपुर) में करियर डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में करियर बनाने के मौकों के बारे में जानकारी देना था। साथ ही छात्रों को बताना कि इस क्षेत्र में छात्र क्या काम कर सकते है। इस अवसर पर डॉ. आरुनी सक्सेना (जिपर संस्थान के सेक्रेटरी) ने ऑनलाइन माध्यम से फार्मेसी के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में बताया और जिपर के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किये गए प्रयासों को सराहा। डॉ. अनिल कुमार सक्सेना ने छात्रों को प्लेसमेंट की जानकारी देते हुए छात्रों को फार्मेसी मे करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मधुकर मोहन ने ऑनलाइन माध्यम से बताया कि छात्रों को किस तरह अपना बायोडाटा बनाना चाहिए तथा वर्तमान में फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री में नौकरी के अवसरों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर सरफराज अहमद ने किया। इस मौके पर डॉ. दीपक तेवतिया, डॉ. सिसिर नंदी, अरुण कुमार, मुनीर आलम, राहुल कुमार, फरीद अहमद उपस्थित थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

पशुपालन विभाग में तैनात होमगार्ड की मौत

रुद्रपुर : पशुपालन विभाग में तैनात होमगार्ड की अचानक मौत हो गई। मूल रूप से ग्राम आमुआ बहराइच देवरिया व हाल निवासी खेड़ा बस्ती का रहने वाला 55 वर्षीय रामअवध प्रसाद होमगार्ड विभाग में तैनात थे। वर्तमान में तैनाती पशु पालन विभाग में है। बताया जा रहा कि सोमवार की सुबह नौ बजे रोजमर्रा की भांति होमगार्ड घर से निकले और रास्ते में पड़ोसी से बातचीत करने लगा। तभी अचानक वह गश खाकर गिर गया। आनन फानन में होमगार्ड को जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

संदिग्ध अवस्था में घूमते धरा

जसपुर : पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान जसपुर-भूतपुरी मार्ग पर नगर के मोहल्ला नत्था सिंह निवासी विशाल को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए गिरफ्तार कर लिया। उससे चाकू बरामद किया गया। मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

संपर्क में आए तीन लोग भी निकले पॉजिटिव, सीएमओ ने कहा- सभी लोगों की जांच गोपनीय होगी, पश्चिमी यूपी की जेल में बंद है किच्छा निवासी महिला

जेल में एचआईवी पॉजिटिव निकली लुटेरी दुल्हन, अलर्ट जारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पश्चिमी यूपी की जेल में बंद एचआईवी पॉजिटिव लुटेरी दुल्हन को लेकर जिले का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है और सीएमओ ने अलर्ट जारी कर महिला के संपर्क में आने वाले लोगों से गोपनीय तरीके से सरकारी एचआईवी जांच केंद्र में आकर एचआईवी की जांच कराने का आदेश जारी किया है। पता चला है कि लुटेरी दुल्हन के संपर्क में आने वाले जिले के तीन लोगों को एआरटी में डालकर उपचार शुरू कर दिया है।

बताते चलें कि पश्चिमी यूपी की जेल में बंद किच्छा की रहने वाली एक महिला की तबीयत बिगड़ने पर खून की जांच की गई, तो जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जांच में पता चला कि लुटेरी दुल्हन के नाम से विख्यात महिला एचआईवी पॉजिटिव है और कई लोगों से शारीरिक संबंध बना चुकी है। रिपोर्ट आते ही पश्चिमी यूपी के जेल प्रशासन ने इसकी जानकारी ऊधमसिंह नगर स्वास्थ्य विभाग को दी। जिस पर विचार विमर्श करने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने अलर्ट जारी कर दिया है। उन्होंने अपील की है कि मामला संज्ञान में आते ही जब एचआईवी पॉजिटिव महिला से पूछताछ की तो तीन लोगों के नाम सामने आए हैं। जो कि अपने ही जनपद के हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने ब्लड सैंपल की जांच की, तो पाया कि तीनों व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव हैं। जिसके बाद तीनों को एआरटी मूड पर रखते हुए इलाज शुरू कर दिया है।

इसके अलावा सीएमओ ने उन लोगों से आग्रह किया है कि वह सरकारी एचआईवी जांच केंद्र में जाकर गोपनीय तरीके से अपनी जांच करवा सकते हैं और यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो ऐसे लोग दूसरों से अपना संपर्क कर ना छोड़ दें। साथ ही एआरटी की दिशा में अपना उपचार शुरू कर दें। ताकि समय रहते एचआईवी बीमारी को बढ़ने से रोका जा सके।

पांच शादियां कर लूट चुकी है लाखों के जेवरात

रुद्रपुर : पश्चिमी यूपी की जेल में बंद एचआईवी पॉजिटिव निकली आरोपी महिला पांच लोगों से शादी कर लाखों के जेवरात लूट चुकी है। गिरफ्तारी के बाद यह चौकाने वाली बात सामने आई। पूछताछ में आरोपी महिला का कहना है कि वह अपने नेटवर्क के माध्यम से ऐसे लोगों को चिह्नित करती थी, जो आर्थिक स्थिति से बेहद मजबूत होते है और शादी करने के बाद वह शारीरिक संबंध बनाने के बाद रातों रात जेवरात लेकर फरार हो जाती थी। यही कारण है कि सारी घटनाएं उसने पश्चिमी यूपी में जाकर की और ऊधमसिंह नगर में अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया।

जेल प्रशासन ने एहतियातन दूसरी सेल में रखा

रुद्रपुर : पश्चिमी यूपी की जेल में बंद लुटेरी दुल्हन के एचआईवी पॉजिटिव होने की बात उस वक्त सामने आई। जब अचानक जेल में बंद आरोपी महिला की तबीयत बिगड़ने लगी और 15 दिसंबर 2023 को जेल प्रशासन ने ब्लड सैंपल लिए। जब जांच रिपोर्ट आई, तो आरोपी महिला पॉजिटिव निकली। जिसके बाद जेल प्रशासन ने एहतियातन महिला को दूसरी सेल में रख दिया और एआरटी के तहत उपचार भी शुरू कर दिया है।

इसी महीने छोटी बहन की हो चुकी है मौत

रुद्रपुर : किच्छा की रहने वाली लुटेरी दुल्हन का नशे और ऊंचे शौक की खातिर बर्बाद हो गया है। बताया जा रहा है कि पिता की मौत के बाद जहां उसकी छोटी बहन नशे की लती बन गई। वहीं आरोपी महिला ने दुल्हन बनकर लूटना शुरू कर दिया। ऐशो आराम की जिंदगी की सोच रखने वाली लुटेरी दुल्हन जहां अब मौत आने का इंतजार कर रही है। वहीं उसकी छोटी बहन की जून में नशे की ज्यादा डोज लेने के कारण मृत अवस्था में मिली।

पति ने छोड़ा, तो बना लिया नेटवर्क

रुद्रपुर : किच्छा की रहने वाली महिला की शादी वर्ष 2012 के बीच वहीं के रहने वाले एक युवक से हुई थी, लेकिन घरेलू कलह होने के कारण दाम्पत्य जीवन ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों ने एक दूसरे का साथ छोड़ दिया। पति को छोड़ने के बाद ही उसने अपना नेटवर्क बनाया। गिरोह के सभी सदस्य यूपी के रहने वाले है। जो यूपी में ऐसे लोगों को चिह्नित करते थे। जिनकी शादी नहीं होती थी। इसके बाद गिरोह के लोग रिश्तेदार बनकर रिश्ता कराते थे और लुटेरी दुल्हन लूट की घटना को अंजाम दे डाल ती थी।

एसटीपी प्लांट का निर्माण पूरा न होने पर फटकारा

शहरी विकास मंत्री ने निरीक्षण के दौरान जताई नाराजगी, अधिकारियों को जुलाई में ट्रायल शुरू करने को कहा

दिशा निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर में लंबे समय से बन रहे एसटीपी प्लांट का शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही प्लांट का कार्य अब तक पूरा नहीं होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने एसटीपी प्लांट निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए जुलाई माह में प्लांट का ट्रायल शुरू करने को कहा।

सोमवार को शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल काशीपुर मंडी स्थित गेस्ट हाउस में पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। साथ ही कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी, जिसके बाद शहरी विकास मंत्री काशीपुर जल निगम स्थित निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट में निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते लंबे समय से एसटीपी प्लांट में लापरवाही की शिकायत मिल रही थी, जिसके बाद सोमवार को प्लांट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि प्लांट का कार्य पूर्ण होने पर विलंब पर नाराजगी जताई। उन्होंने जल निगम के अधिशासी अभियंता से नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगे निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम अभय प्रताप सिंह, नगर आयुक्त विवेक राय, एसपी सिटी अभय सिंह, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, हरेंद्र चौधरी, राम मेहरोत्रा, रवि पाल, पुष्कर सिंह बिष्ट, बिजेंद्र पाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

एसटीपी प्लांट का निरीक्षण करते शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

देहरादून के बाद काशीपुर को स्मार्ट सिटी बनाने की तैयारी

काशीपुर : सोमवार को काशीपुर पहुंचे शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि भाजपा सरकार का सौ स्मार्ट सिटी बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में देहरादून के बाद काशीपुर को भी स्मार्ट सिटी के रूप में तैयार किया जाएगा।

शो टैक्स को लेकर शहरी विकास मंत्री ने नगर आयुक्त से जताई नाराजगी

काशीपुर : सोमवार को काशीपुर पहुंचे शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शो टैक्स को लेकर मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि काशीपुर में दो सिनेमा हॉल का संचालित हैं। जिसमें प्रदेश के सभी नगर निगमों द्वारा 30 रुपए प्रति शो के हिसाब से कर लिया जाता है।लेकिन काशीपुर में सिनेमा हॉल संचालकों से पांच सौ रुपए प्रति शो टैक्स वसूला जा रहा है। जिसको लेकर शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने नगर आयुक्त से कड़ी नाराजगी जताते हुए नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

विभागों में आपसी समन्वय नहीं होने से अटका प्लांट का निर्माण

विलंब

- जल निगम के अधिकारियों ने ऊर्जा निगम पर लगाया पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं देने का आरोप
- जून में होना था एसटीपी प्लांट का ट्रायल कार्य शुरू, अब तक 80 फीसदी ही हो सका निर्माण कार्य

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर में करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे एसटीपी प्लांट का कार्य जल्द ही पूरा होता नहीं दिख रहा है। एसटीपी प्लांट में अधिकारियों के आपसी समन्वय नहीं होने से अब तक प्लांट का कार्य लंबित है। सोमवार को प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्लांट का कार्य जल्द ही पूरा हो सकें।

आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2015 में अमृत योजना लागू की थी। इसके तहत नगर निगम प्रशासन ने एसटीपी के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था।

वर्ष 2017 में प्रस्ताव को मंजूरी भी मिल गई। साथ ही 35.38 करोड़ रुपये में प्लांट का टेंडर दिल्ली की एसएन एनवायरटेक कंपनी को मिला था। तब कार्यदायी कंपनी ने वर्ष 2017 में मुरादाबाद रोड स्थित पेयजल निगम प्रांगण के पास एसटीपी बनाने का कार्य शुरू किया, जिसे पूरा करने का समय 2021 तय किया गया था। लेकिन निर्माण पूरा नहीं हो सका। इसके बाद कंपनी को मार्च 2023 तक का समय दिया। उसके बाद मशीन स्थापित न होने से अगस्त 2023 तक का समय दिया गया था। जो अभी तक चल रहा है।

वहीं इसके बाद जून 2024 में प्लांट का ट्रायल शुरू होना था। लेकिन अब तक ट्रायल शुरू नहीं हो सका।

ऊर्जा निगम पर लोड नहीं देने का लगाया आरोप

काशीपुर : सोमवार को शहरी विकास मंत्री ने जल निगम के अधिशासी अभियंता शिवम द्विवेदी से कार्य पूरा नहीं होने पर जवाब मांगा। इस दौरान अधिशासी अभियंता ने कहा कि इस प्लांट के लिए ऊर्जा निगम पूरा लोड नहीं दे पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम से पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध नहीं होने से प्लांट को शुरू करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग से दूरभाष पर वार्ता कर एसटीपी प्लांट में शीघ्र विद्युत संयोजन देने के निर्देश दिए, ताकि कार्य तेजी से पूर्ण हो सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता पेयजल को निर्देश दिए की वे आपसी समन्वय बना कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। मंत्री अग्रवाल ने जुलाई माह में एसटीपी प्लांट के टेस्टिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। जिससे कि कार्य का संचालन निर्बाध रूप से चल सके।

प्रताड़ना का आरोपी कर्नाटक से धरा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : थाना गदरपुर पुलिस का 25 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बेंगलुरु कर्नाटक से गिरफ्तार कर लिया।

सोमवार को खुलासा कर एसएसपी मंजूनाथ टीसी और एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि एक जनवरी 2023 को थाना गदरपुर की रहने वाली एक महिला ने अपने पति हारुन उर्फ बाबू निवासी ग्राम पसियापुरा थाना रामपुर यूपी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के तहत मुकदमा दर्ज करवाया था।

मुकदमा होने के बाद से ही आरोपी हारुन फरार हो गया था। गिरफ्तारी के काफी प्रयास के बाद भी जब आरोपी पकड़ में नहीं आया तो पुलिस ने उसके ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया और गिरफ्तारी के लिए थाना गदरपुर व एसओजी की एक संयुक्त टीम बनाई। सुरागरसी व पतारसी के आधार पर डेढ़ साल बाद पता चला कि आरोपी बेंगलुरु कर्नाटक में देखा गया है। जिसके चलते संयुक्त टीम ने थाना अनुगोंडान हल्ली जाकर पुलिस को सूचना दी और चिक्का तिरुपति रोड सेंचुरी पार्किंग स्थल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, चूंकि नियमानुसार लंबा सफर होने के कारण पुलिस ने आरोपी को होसकोटे बेंगलुरु कर्नाटक स्थित न्यायालय में पेश किया और आरोपी को गिरफ्तार कर रुद्रपुर लाई। जहां पुलिस ने आरोपी को रुद्रपुर स्थित न्यायालय में पेश कर दिया है।

गिरफ्तार इनामी आरोपी के साथ खुलासा करते एसएसपी और एसपी क्राइम।

जॉब का झांसा देकर ठगे 3.30 लाख रुपये

काशीपुर : ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर साइबर ठगों ने धोखाधड़ी से 3.30 लाख की रकम ठग ली। पुलिस को दी तहरीर में कुंडेश्वरी निवासी काफिया पत्नी शोएब अली ने कहा कि 12 जून 2024 को वह अपने मोबाइल पर इंस्टाग्राम की वीडियो देख रही थी। उसमें घर बैठे जॉब कर रुपये कमाने का विज्ञापन दिखाई दिया। उसमें दिए व्हाट्सएप नम्बर पर संपर्क करने पर उसे विभिन्न टास्क के बारे में जानकारी दी गयी। उसके पीएनबी खाते में 320 रुपये की प्रोफिट राशि भी भेजी गई। साथ ही टेलीग्राम के माध्यम से टास्क पूरे करने पर लिंक भेजा गया। इसके बाद उसके खाते में कुछ और राशि भेजी गई। बाद में उन्होंने भरोसे में लेकर 13 जून 2024 से 16 जून 2024 तक अलग-अलग खातों में कुल 3,30,900 रुपये ट्रान्सफर कराये।

अघोषित बिजली कटौती पर किया प्रदर्शन

रोष

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से गुस्साए कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए जिन्होंने जोरदार प्रदर्शन कर ऊर्जा निगम का पुतला दहन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।

सोमवार को काफी संख्या में कार्यकर्ता पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पं.जितेंद्र कुमार शर्मा 'सोनू' के नेतृत्व में एकत्रित होकर बेरिया मोड़ पर पहुंचे, जहां ऊर्जा निगम का पुतला फूंका गया। इस दौरान विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की गई। इसके पश्चात एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा। इस मौके पर सोनू शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या दूर नहीं किया गया तो बिजली दफ्तर में तालाबंदी की जाएगी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, कांग्रेस नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, मुड़िया कलां के पूर्व ग्राम प्रधान लियाकत अली, रेशम यादव, आदित्य चानना, उस्मान अली, बब्बू सैफी, सभासद महेश कुमार, सादक हुसैन, साबिर हुसैन, जैदी खान, तनवीर खां 'गुड्डू', जावेद वारसी, हरपाल यादव, बहादुर भंडारी आदि मौजूद रहे।

बाजपुर बेरिया मोड़ पर ऊर्जा निगम का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पुलिस के खिलाफ अगले महीने होगी महापंचायत

पत्रकार वार्ता करते श्रमिक संयुक्त मोर्चा के नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : संयुक्त श्रमिक मोर्चा के नेता कैलाश भट्ट ने कहा कि प्रदेश के साथ ही जिले में अफसरशाही पूर्णतया हावी हो चुकी है और पुलिस अब पूंजीपतियों एवं कंपनी प्रबंधन के इशारे पर कार्य कर रही है।

यही कारण है कि श्रमिकों का दोहन कर रही कंपनी प्रबंधन के इशारे पर पुलिस पांच श्रमिक नेताओं पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर रही है, जिसके खिलाफ सात जुलाई को महापंचायत की जाएगी और आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले लंबे समय से सिडकुल की डॉल्फिन के श्रमिक कुछ मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग को रख रहे हैं। एक ओर कंपनी प्रबंधन के इशारे पर श्रमिक नेताओं पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। पुलिस झूठी रिपोर्ट बनाकर डीएम को भेजती है और गुंडा एक्ट की मोहर लगवा लेती है। जिसके खिलाफ श्रमिक पीड़ित नेताओं की पैरवी करेगी और पुलिस की कार्यशैली व अफसरशाही के खिलाफ सभी श्रमिक संगठनों को बुलाकर सात जुलाई को महापंचायत करेगी, जहां रायशुमारी के बाद आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

गुरमीत सिंह बोले आरोप लगाने वालों पर होगी मानहानि की कार्रवाई, कोषाध्यक्ष ने लगाया था गबन का आरोप

गुरु नानक शिक्षा समिति पर लगे आरोप बेबुनियाद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : गुरु नानक शिक्षा समिति के मैनेजर गुरमीत सिंह ने कहा कि समिति के कोषाध्यक्ष की ओर से लगाए गए 31.26 लाख रुपये गबन के आरोप बेबुनियाद हैं, जबकि सत्यता यह है कि विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जीवाड़ा किया था, जिसमें बैंक की भी गलती सामने आई थी और वर्ष 2023 में ही गबन राशि को जमा कर दिया गया था।

सोमवार को आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए गुरु नानक शिक्षा समिति के मैनेजर गुरमीत सिंह और अध्यक्ष दिलराज सिंह सहित पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने पोस्ट ऑफिस से दो चेक बुक रिसीब किए थे और एक चेक बुक में फर्जी हस्ताक्षर कर 53 चेकों के माध्यम से 17 लाख रुपये का गबन किया था, जबकि पड़ताल के दौरान अध्यक्ष दिलराज सिंह ने हेराफेरी प्रकरण को पकड़ा, तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और बैंक कर्मचारी की मिलीभगत सामने आई। जिस पर बैंक द्वारा 17 लाख रुपये की धनराशि 17 जून 2023 को बैंक में जमा करा दी गई और चतुर्थ श्रेणी कर्मी को निकाल दिया गया। बताया कि प्रकरण के एक साल बाद अचानक सोची समझी साजिश के तहत समिति के कोषाध्यक्ष अमरदीप सिंह ने समिति के पदाधिकारियों को बदनाम करने के उद्देश्य से झूठी शिकायत पुलिस से की। जिसकी जांच सीओ निहारिका तोमर द्वारा किया जा रहा है, जबकि अभी तक पुलिस ने कोई बयान दर्ज नहीं किए और कोई भी नोटिस जारी नहीं किया। वास्तविकता यह है कि समिति द्वारा कोई भी गबन नहीं किया और जो प्रकरण सामने आया था। उसका समिति पदाधिकारियों ने निस्तारण कर दिया था। बावजूद इसके द्वेष भावना से ग्रसित कोषाध्यक्ष द्वारा कुछ लोगों के साथ मिलकर आरोप लगाए। ऐसे लोगों के खिलाफ समिति मानहानि की याचिका न्यायालय में दायर करेगी और पुलिस की हर जांच का जवाब साक्ष्यों के आधार पर देगी।

पत्रकारों से वार्ता करते गुरुनानक शिक्षा समिति के मैनेजर व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

...काल ने छीन ली हंसते खेलते परिवार की खुशी

धान की रोपाई के लिए निकले लोगों पर गिरी आकाशीय बिजली, हृदय विदारक घटना के बाद गांव में शोक

दुखद

- धान की रोपाई करते समय ही कड़कने लगी थी बिजली
- एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार को दी सांत्वना

ओम प्रकाश मौर्य, खटीमा

खटीमा के सैजना में आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों की मौत पर रोती-बिलखती मां संक्रांति देवी और अन्य। ● अमृत विचार

बच्चों की मौत पर शोकाकुल बीमार पिता।

अमृत विचार : सैजना गांव में आकाशीय बिजली गिरने से भाई व बहन की मौत से पूरे परिवार पर बज्रपात सा गिर गया है। जहां पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं एकाएक हुई इस दर्द विदारक घटना को देख बीमारी से जूझ रहे घर के मुखिया जगदीश सिंह राणा की आंखें मानो पथरा सी गई हैं।

बीमार पिता जगदीश सिंह राणा को छोड़कर पूरा परिवार जिसमें बड़ा भाई गोविंद सिंह, बहन सुहावनी, मझला भाई सुमित सिंह और छोटा भाई हरीश सिंह सुबह-सुबह हंसते खेलते अपने खेत में धान की रोपाई करने निकला था। तो उन्हें क्या पता था कि काल वहां दो भाई बहन का इंतजार कर रहा है। धान की रोपाई करते समय ही आकाश में बिजली कड़कने लगी और वर्षा शुरू हो गई। बड़ा भाई फावड़ा लेकर मेड़ बांधने चला गया जबकि मां संक्रांति देवी धान लगाने में काफी पीछे थी। मां ने छोटे भाई हरीश को यह कहते हुए घर भेजा कि बारिश हो रही है बरसाती ले आ।

यह अलग अलग हुए कि आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में पास-पास रोपाई कर रहे सुमित सिंह और सुहावनी आ गए और उनकी मौत हो गई। घटना से न केवल पूरा परिवार, सगे संबंधी और क्षेत्रवासी सदमे में हैं। सितारगंज के उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह जगोता ने अस्पताल में पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले और ढांढस बंधाया।

दर्द विदारक घटना पर विधायक भुवन कापड़ी, गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, रमेश राणा, सोबरन सिंह राणा, प्रकाश पांडे, मनोज बाधवा, डॉ नवीन भट्ट, रमेश जोशी, विमला बिष्ट, सतीश गोयल आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

मोर्चरी के बाहर खड़े तहसीलदार हिमांशु जोशी और अन्य। ● अमृत विचार

गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत

जसपुर/काशीपुर। सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से भीषण गर्मी में नगर के कई स्थानों पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। सोमवार को जसपुर के ठाकुरद्वारा प्राइवेट बस स्टैंड पर नगर के मोहल्ला जोशीयान के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छबील लगाई।

इस मौके पर जितेंद्र चौहान, अजय जोशी, कार्तिक कश्यप, नकुल जोशी, ऋतिक जोशी, जतिन जोशी, क्रिस जोशी, मानव जोशी कृष्णा जोशी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गुरुद्वारे के पास व जीजीआईसी के पास भी कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा राहगीरों को शरबत पिलाया गया। वहीं काशीपुर में रामनगर रोड स्थित एक प्रतिष्ठान के आगे पूर्व दर्जा राज्यमंत्री व पूर्व पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय मुकेश मेहरोत्रा की चौथी पुण्यतिथि पर शरबत व चने वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्वर्गीय मुकेश मल्होत्रा की धर्मपत्नी बीना, नवदीप मेहरोत्रा ,सुशील मेहरोत्रा, राकेश मेहरोत्रा, ममता मेहरोत्रा, दीपक, मोहन, विपिन समेत कई लोग मौजूद रहे।

वैकल्पिक पुलिया भी क्षतिग्रस्त, परेशानी बढ़ी

खटीमा सैजना मार्ग पर नदी पर बनी वैकल्पिक पुलिया हुई क्षतिग्रस्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : चार साल पहले टूटा पुल तो बना नहीं, आवागमन को बनी वैकल्पिक पुलिया आज पहली ही बरसात में क्षतिग्रत हो गई। पुलिया टूटने से आवागमन बाधित हो गया है। बनबसा से निकलने वाली शारदा कैनाल से लालकोठी से निकली परवीन नदी पर पहेनियां गांव में बना पुल चार साल पहले क्षतिग्रस्त हो गया था।

चार दिनों तक आवागमन बाधित रहने के बाद लोनिवि की ओर से वैकल्पिक पुलिया का निर्माण कराया गया ताकि पुल निर्माण तक इस पुलिया से आवागमन हो सके। सोमवार को सुबह हुई इस मौसम की पहली ही बरसात में वैकल्पिक पुलिया छतिग्रस्त हो गई। वहीं इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सैंजना गांव में भाई बहिन की मौत हो गई है। ऐसे में इस मार्ग पर आवागमन बढ़ गया है। वहीं इसी मार्ग से निकले नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, तहसीलदार हिमांशु जोशी ने भी क्षतिग्रस्त पुलिया को देखा। बावजूद इसके खबर लिखे जाने तक लोनिवि का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच है। यदि रात्रि में वर्षा हुई तो यह पुलिया पूरी तरह छतिग्रस्त हो जायेगी और विभाग को फिर वैकल्पिक मार्ग बनाना पद जायेगा।

कांग्रेस ने अमरदीप सिंह को बनाया वार्ड 33 का अध्यक्ष

वार्ड कमेटी गठन के दौरान मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : नगर निगम के वार्ड संख्या 33 अंतर्गत पटेल नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक वार्ड प्रभारी मुक्ता सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्ष के नाम के चयन एवं वार्ड समिति के गठन पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं द्वारा अध्यक्ष पद के लिए अमरदीप सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा गया।

सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से अमरदीप सिंह के नाम का समर्थन किया और उनको वार्ड संख्या 33 (मोहल्ला पटेल नगर) के वार्ड अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया। वार्ड अध्यक्ष अमरदीप सिंह को कमेटी बनाने का अधिकार देते हुए 4 दिन में वार्ड प्रभारी मुक्ता सिंह को सदस्यों की सूची सौंपने को कहा गया। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता उमेश जोशी, जसवीर सिंह, जाहिद हुसैन, सुशील कुमार, हरमीत सिंह, जितेन्द्र सरस्वती, दीपक सिंधवानी, उमेश कांडपाल, हरिशंकर, ललित कुमार, शशांक कुमार, जफर मुन्ना, प्रशान्त कुमार, तुषार कालिया, मोहम्मद सरताज आदि उपस्थित थे।

साधारण मशीनों से नहीं लगता एचआईवी वायरस का पता

बाजपुर। रक्तवीर वार्ड नंबर-8 बाजपुर निवासी डा.सौरभ परमार ने मुख्यमंत्री को मांगपत्र प्रेषित कर कहा कि एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, सी संक्रमण की समस्या न्यूक्लियर टेस्टिंग मशीन और एलिसा टेस्ट की अनुपस्थिति के कारण है।

लोग परीक्षण के लिए अपना रक्त देते हैं, लेकिन साधारण मशीनों द्वारा इस वायरस का पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, हेपेटाइटिस-बी, सी हमारे जिले में बहुत तेजी से फैल रहा है, क्योंकि अनधिकृत पैथोलाजी लैब और अप्रशिक्षित चिकित्सक बिना जांच के रक्त चढ़ाते हैं और वायरस फैलता रहता है। यह समस्या निर्दोष लोगों के जीवन को नष्ट कर रही है और सरकार इस मुद्दे के लिए कुछ नहीं कर रही है। यह पूरे भारत की समस्या है।

सीनियर रेड ने सीनियर ब्लू को हराया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : शेमफोर्ड एकेडमी के ग्राउंड पर सीनियर खिलाड़ियों का एक डे-नाइट मैच सीनियर रेड व सीनियर ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें सीनियर रेड की टीम विजेता बनी। सीनियर रेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 148 रन बनाये।

शिशिर शर्मा ने नाबाद 20 रन व एसडीएम अभय प्रताप ने नाबाद 29 रन बनाये। सीनियर ब्लू की तरफ से शमशुद्दीन, संजय डंगवाल, एके शुक्ला, विवेक मिश्रा, एके चहल ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में सीनियर ब्लू की पूरी टीम 131 रन बना सकी। राजेन्द्र सक्सेना ने पहले ही ओवर में कप्तान एके चहल को दीपक बाली के हाथ कैच करा दिया। जिससे टीम दबाव में आ गयी। कुलदीप रावत ने 20 रन, अमरपाल 16 रन, जोगेन्द्र ने 11 रन, केशव अग्रवाल नाबाद 12 रन, अश्वनी शर्मा ने 15 रन बनाये। इस प्रकार पूरी टीम 131 रन ही बना सकी। दीपक बाली ने शानदार गेंदबाजी कर 2 विकेट, संजय भट्ट ने 3 विकेट, शिशिर शर्मा व राजेंद्र सक्सेना ने एक विकेट लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी दीपक बाली ने दी। उपविजेता टीम को ट्रॉफी विजेन्द्र चौधरी व केशव अग्रवाल ने दी। संचालन शरद पंत व राजेन्द्र सक्सैना ने किया। क्रिकेट मैच के बाद सभी सीनियर खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष शमशुद्दीन, राजीव चौधरी, योगेश जोशी, विमल गुड़िया, डॉ. अशरफ अली, महेन्द्र खुराना, रवि शर्मा, रवि श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे। मैच आयोजन में नैनी पेपर मिल, सिद्धार्थ पेपर मिल, केशव अग्रवाल ने विशेष सहयोग दिया। क्रिकेट मैच में विशेष सहयोग आरबी लॉ, कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड का रहा।

विजेता टीम सीनियर रेड को ट्रॉफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

पोस्टमार्टम रिपोर्ट न आने से नहीं हो पा रही गिरफ्तारी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : खाटू श्याम के दर्शन कराने के बहाने जसपुर से राजस्थान ले जाकर पति द्वारा पत्नी की हत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना का खुलासा तो हो गया, लेकिन अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ आई है। पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है, जिससे यह मामला संदेह के घेरे में आने लगा है।

जसपुर के मोहल्ला शिवाजी नगर कॉलोनी (गुजरातियान) वार्ड नंबर 3 निवासी विशाल कुमार पुत्र संजय कुमार प्रधान द्वारा अपनी पत्नी वर्षा को खाटूश्याम के दर्शन कराने के बहाने उसे राजस्थान ले जाकर कर चालक व अपनी प्रेमिका के भाई मोहित उर्फ़ मन्नू व अपने एक अन्य साथी सोनू ठाकुर के सहयोग से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई थी। यह घटना राजस्थान के पाली जिले के थाना सोजत क्षेत्र में घटी थी। इस घटना का खुलासा हो हो चुका है। इस मामले में राजस्थान पुलिस द्वारा आरोपी पति तथा सहयोगी कार चालक व उसकी प्रेमिका के भाई मोहित उर्फ मन्नू मंडुवा खेड़ा, जसपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, लेकिन पुलिस इस हत्याकांड के तीसरे आरोपी सोनू ठाकुर को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। राजस्थान पुलिस ने इस मामले में नामजद विशाल के परिजनों को भी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। घटना क्षेत्र से संबंधित थाना सोजत सिटी के एचएसओ कपूराराम ने बताया कि अभी तक शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल पाई है।

बहुउद्देशीय भवन निर्माण को भूमि पूजन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : पीएम जनमन योजना के अंतर्गत ग्राम बन्नाखेड़ा में स्वीकृत बहुउद्देशीय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष भाजपा नेता कुलविंदर सिंह किंदा, मंदिर कमेटी सचिव हीरा शर्मा व पदाधिकारियों ने कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग के एई मदन मोहन शर्मा, जेई प्रताप सिंह और ठेकेदार डा.नरेंद्र खत्री ने संयुक्त रूप से किया।

कमेटी सचिव हीरा शर्मा ने बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री और वर्तमान गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय के सौजन्य से शिव मंदिर की भूमि में बहुउद्देशीय भवन के निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शासन को भेजा गया था। मंदिर कमेटी अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा व सचिव हीरा शर्मा ने शिव मंदिर की खाली पड़ी भूमि में बहुउद्देशीय भवन निर्माण के लिए उपलब्ध कराई। वहीं उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से 60 लाख रुपये से बनने वाला बहुउद्देशीय भवन आमजन के लिए फायदेमंद करेगा। लोक कल्याणकारी इस भवन का गांव के लोग उपयोग कर सकेंगे। इस मौके पर कृष्णा सिंह, शेर सिंह, कृपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष खेम सिंह राणा, सर्वजीत शर्मा, कमलजीत सिंह, मुकेश दिवाकर, चरनजीत शर्मा, चमन लाल वर्मा, मदन लाल वर्मा, उप प्रधान योगेश कुमार, पवन कुमार वर्मा, गुड्डू दिवाकर आदि मौजूद रहे।

बाजपुर बन्नाखेड़ा में बहुउद्देशीय भवन निर्माण को भूमि पूजन करते अतिथि। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

मेन बाजार के बड़े नाले की सफाई कराई

जसपुर। नगर पालिका प्रशासन की ओर से नगर के मेन बाजार स्थित बड़े नाले की सफाई कराई जा रही है। इस नाले में काफी समय से सफाई नहीं हो पाई थी, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा था और लोग काफी परेशान थे। उनके द्वारा काफी समय से इस नाले की सफाई करने की मांग की जा रही थी। इस नाले की सफाई होने से आसपास के लोगों को प्रदूषण से राहत मिल सकेगी।

बूंदाबांदी से नहीं मिली गर्मी से राहत

जसपुर। सोमवार को जसपुर के नगर व ग्रामीण क्षेत्र में काली घटाओं के साथ बादल उमड़कर आये, लेकिन कोई खास बारिश नहीं हुई। केवल बूंदाबांदी होकर ही रह गई, जिससे लोगों को गर्मी से कोई खास रात नहीं मिल पाई। जबकि भीषण गर्मी के चलते लोगों की निगाहें बादलों की और टिकीं थीं और उन्हें भारी बारिश होने की उम्मीद थी।

कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

बाजपुर। अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के 7वें स्थापना दिवस पर सोमवार को नगर के डा.पांडेय हास्पिटल स्थित सेवा चेरिटेबल ब्लड बैंक में लगे रक्तदान शिविर में एएचपी कार्यकर्ताओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। इस मौके पर भगवंत सिंह मियान, देवेंद्र सैनी, मिथुन विश्वास, अमन यादव, रोहित भट्ट, अरविंद कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर में हिस्सा लेते एएचपी कार्यकर्ता।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर भूख हड़ताल जारी

जसपुर। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह की ओर से नगर के पुराना नगर पालिका चौक में शुरू की गई भूख हड़ताल सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रही। नगर पालिका प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी।

भूख हड़ताल पर बैठे महेंद्र सिंह।

खनन वाहन की टक्कर से गर्भवती गाय की मौत

बाजपुर : खनन वाहन की टक्कर से गर्भवती गोवंश की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे नगरपालिका कर्मियों ने सम्मान सहित मृत मवेशी को ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना रविवार मध्य रात्रि की बताई जा रही है। नगर पालिका में तैनात सीताराम तिवारी को कुछ युवाओं ने फोन करके जानकारी दी कि नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर आदर्श कन्या इंटर कालेज के सामने खनन वाहन की टक्कर से एक गोवंश बुरी तरह से घायल हो गई है। इस पर सीताराम तिवारी रात में ही मौके पर पहुंच गए और जब तक मवेशी के उपचार की कोई व्यवस्था की जाती उसने दम तोड़ दिया। वहीं युवाओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने पालिका कर्मी को फोन करने से पहले खुद को गौरक्षा प्रतिनिधि नगरपालिका क्षेत्र के तौर पर पेश करने वाले एक युवक को फोन किया था जिसने रात में मौके पर पहुंचने से इन्कार कर दिया।

मांग खंड विकास कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया

'एक राज्य एक पंचायत चुनाव' की व्यवस्था लागू की जानी चाहिए

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : 'एक देश-एक चुनाव' की भावनाओं को फलीभूत करते हुए प्रदेश में एक राज्य एक पंचायत चुनाव की व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

सोमवार को काफी संख्या में ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान संघ की ब्लाक अध्यक्ष रजनी शर्मा की अगुवाई में एकत्रित होकर खंड विकास कार्यालय जा धमके और खंडविकास अधिकारी की गैर मौजूदगी में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सहायक खंडविकास अधिकारी सुरेश चंद्र पंत को सौंपा गया। उनका कहना था कि उत्तराखंड में हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जनपदों का त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव 2024- 25 में किया जाना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री जी आपकी पहल के बाद पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने 'एक देश एक चुनाव' पर अपनी सिफारिश कर दी है। आपके इस पहल का हम उत्तराखंड के समस्त निर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत के प्रतिनिधि स्वागत करते हैं। उत्तराखंड में 'एक राज्य एक पंचायत चुनाव' के लिए हम लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उत्तराखंड के 12 जनपदों के पंचायत चुनाव हरिद्वार जनपद के साथ किया जाना अति महत्वपूर्ण है। उत्तराखंड में वर्ष 2001 में तत्कालीन राज्य सरकार ने अधिसूचना के माध्यम से एक वर्ष से तीन माह का कार्यकाल बढ़ाते हुए निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही पंचायत में कार्य करने का अवसर दिया है। देश के विभिन्न राज्यों में पंचायत का कार्यकाल बढ़ाने के लिए अध्यादेश लाया गया है और निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को ही कार्य करने का मौका दिया गया है। वर्ष 2019 में गठित त्रिस्तरीय पंचायतों के कार्यकाल में कोविड-19 महामारी के कारण दो वर्ष तक विकास कार्य के लिए कोई बजट नहीं आया तथा पंचायतों की बैठक तक नहीं हो पाई।

इसलिए महामारी के इन दो वर्षों के कार्यकाल को पंचायती के पांच वर्ष के कार्यकाल के साथ नहीं जोड़ा जा सकता। कोविड-19 महामारी को रोकने के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों का अविस्मरणीय योगदान रहा है। ज्ञापन में प्रदेश के 12 जनपदों के त्रिस्तरीय पंचायतों का चुनाव हरिद्वार जनपद के साथ कराए जाने के लिए राज्य तथा केंद्र सरकार आपस में समन्वय स्थापित कर निर्णय लेने का अनुरोध किया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि समय रहते निर्णय नहीं लेने की दशा में एक जुलाई को उत्तराखंड के 12 जनपदों के जिला मुख्यालय में त्रिस्तरीय पंचायतों के 70 हजार प्रतिनिधि अपनी मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष संदीप आनंद, मो.साजिद, अली मुर्तजा, रामपाल सिंह, सरताज अंसारी, वसीम अहमद, कमल सक्सेना, मंजू देवी, माया देवी, सुखवीर सिंह, सावित्री देवी, इसरत जहां, सुरेंद्र कौर, रूना पारुल, सरोज देवी, अंजू देवी, शेर चंद्र, ब्रह्मानंद, गुरचरन सिंह आदि मौजूद रहे।

बाजपुर ब्लाक कार्यालय में सहायक बीडीओ को ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान व ग्राम प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

एक नजर

छिपकली गिरी सब्जी खाने पर पिता-पुत्र रेफर

बाजपुर : पिता-पुत्र ने छिपकली गिरी सब्जी का सेवन कर लिया जिसकी जानकारी से परिजनों में हड़कंप मच गया। इससे बीमार हुए पिता-पुत्र को परिजन आनन-फानन में उपजिला चिकित्सालय ले गए, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम गुलड़िया फौजी कालोनी निवासी रामबीर (65) पुत्र शंकर व अशोक सागर (30) पुत्र रामबीर को रविवार की देर रात करीब दस बजे परिजन सरकारी अपताल लेकर पहुंचे। बताया गया कि इन दोनों पिता-पुत्र ने जिस सब्जी का सेवन किया है उसमें छिपकली गिर गई थी। जब से इस बात की जानकारी सामने आई है दोनों का जी मिचला रहा है और वह उल्टी कर रहे हैं। इस पर चिकित्सीय टीम ने दोनों को प्राथमिक उपचार दिया। बाद में उनकी हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं इस घटना से स्वजनों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

मारपीट की घटनाओं में दो महिलाएं घायल

बाजपुर : अलग-अलग जगहों पर आपसी बात को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में दो महिलाएं घायल हो गई जिन्हें पुलिस के माध्यम से उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। ग्राम हरलालपुर निवासी निशा पत्नी लखपत सिंह का रविवार की देर रात आपसी घरेलू कलह को लेकर विवाद हो गया जिसमें वह घायल हो गई जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि निशा का अपने ससुरालियों से भी किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था जिसमें वह घायल हुई है। इसके अलावा मारपीट की ही एक अन्य घटना में ग्राम महेशपुरा निवासी चंद्रावती पत्नी नन्हें घायल हो गई। इसे भी दोराहा चौकी की पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। दोनों ही मामलों में पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीरें देकर कार्रवाई की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। अलबत्ता कुछ गणमान्य व्यक्ति आपसी समझौते के प्रयास कर रहे थे।

आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक होना चाहिए

व्यापारियों एवं युवा शक्ति संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : क्षेत्र के व्यापारियों एवं युवा शक्ति संगठन कार्यकर्ताओं ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव अधिकारी राजेंद्र अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के वर्तमान पदाधिकारियों के माध्यम से विगत 3 वर्षों में व्यापार मंडल के कोष का आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग की।

युवा शक्ति संगठन के प्रमुख सोनू गुप्ता के नेतृत्व में तमाम व्यापारी एवं संगठन के कार्यकर्ता चुनाव अधिकारी राजेंद्र अरोड़ा के मुख्य बाजार स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि व्यापारी हितों की रक्षा के लिए व्यापार मंडल संगठन का गठन किया गया है तथा चुनाव के माध्यम से व्यापारीगण अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का चयन करते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अपने संगठन के चुने गए पदाधिकारियों से अपेक्षा होती है कि उनके द्वारा संगठन हित में कार्य कर व्यापारी हितों की रक्षा की जाएगी तथा व्यापारियों के द्वारा संगठन के कोष में जमा की गई धनराशि का दुरुपयोग नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है तथा तमाम व्यापारियों द्वारा विगत वर्षों में नगर की कार्यकारिणी द्वारा किए गए खर्च एवं आय-व्यय का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया के माध्यम से आय व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग करने पर व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा द्वारा नगर के मुख्य बाजार स्थित आरएस टेलीकॉम के स्वामी राजीव अग्रवाल के साथ उनकी प्रतिष्ठान पर जाकर अभद्र व्यवहार किया गया, जिसकी व्यापारी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। व्यापारियों ने मांग कर कहा कि एक चुने हुए व्यापारी नेता को अपनी इस हरकत के लिए व्यापारी राजीव अग्रवाल से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। व्यापारियों ने जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों से संगठन के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा की आजीवन सदस्यता समाप्त करने की भी मांग की। इस मौके पर सोनू गुप्ता, के साथ रामावतार अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संदीप बाबा, शिव कुमार मित्तल, अर्जुन सिंह, आशीष वर्मा, पंकज कुमार, मनोज गुप्ता, अंकुर गर्ग आदि मौजूद रहे।

किच्छा में चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

विजय अरोरा ने आरोपों को बताया निराधार

किच्छा : व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद तथा झूठे हैं, अगर उन पर लगाए गए आरोप सत्य साबित होते हैं तो वह सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के साथ ही किच्छा छोड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले व्यापारी के प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं और वे उनकी दुकान पर सामान लेने गए थे तथा शालीनता के साथ वार्ता हुई है। बताया कि व्यापारी द्वारा उनसे आय व्यय का विवरण सार्वजनिक करने की बात कही गई थी। जिस पर उन्होंने उक्त व्यापारी को संगठन अध्यक्ष के माध्यम से अपनी बात रखने का सुझाव दिया था। उन्होंने गाली गलौज करने के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि चुनाव की दृष्टि से उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश के तहत ये आरोप लगाया जा रहा है। व्यापारी नेता अरोरा ने कहा कि उनके द्वारा किसी भी व्यापारी के साथ कोई अभद्रता नहीं की गई है।

जसपुर में जनसंघ के संस्थापक डॉ .मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

शक्तिफार्म में डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

जसपुर/शक्तिफार्म : भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉ शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान, अशोक खन्ना, सुधीर बिश्नोई, तरुण गहलौत, अभिषेक चौहान, बृजेश एडवोकेट, दीपक कश्यप, विनोद प्रजापति, चौधरी रणवीर सिंह, डॉ शिवकिशोर, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। वहीं शक्तिफार्म में भी भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर उन्हें याद किया तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में भाजपायों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्तिक राय, विजय बागला, विश्वजीत हालदार, अशोक मंडल, जगदीश डालमिया, विक्रम सिंह भंडारी, गोविंद पोखरियाल, उत्तम दास, मुकुल पोद्दार, मनोज सुतर आदि मौजूद थे।

प्लॉट विवाद : दूर-दूर तक जुड़ रहे हैं सत्ता से तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर 15 करोड़ के प्लॉट पर कब्जे के लिए सड़क पर दो घंटे तक गोलीबारी और आगजनी की घटना के तार दूर-दूर तक सत्ता से जुड़ रहे हैं। उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी पप्पू और पूर्व विधायक पप्पू भरतौल के बाद अब राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने भी इस मामले में दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्लॉट पर अपराधियों के दम पर कब्जे की कोशिश के मामले में कार्रवाई की मांग की।

राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री के पत्र के साथ प्रकरण में नया नाम शुभ अजमेरा भी सामने आया है। राज्यमंत्री ने पत्र में कहा कि शुभ उनके विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के शिवाजीनगर का रहने वाला है और बरेली में मार्बल का कारोबार करता है। जमीन कब्जाने के लिए अपराधियों व माफिया ने 22 जून की सुबह उसके किराए पर लिए गोदाम में रखी मार्बल की थप्पियों और स्लैब में तोड़फोड़ कर डेढ़ करोड़ का नुकसान किया है। मामले में प्रभावी कार्रवाई के साथ शुभ अजमेरा को सुरक्षा दिलाने और नुकसान की भरपाई की मांग की। राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि घटना पर अजमेर के फूल-माली समाज में काफी गुस्सा है।

मामला

- गिरधारी पप्पू, पप्पू भरतौल के बाद अब विवाद में राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री भी कूदे

राजीव राणा ग्रुप के खिलाफ शुभ अजमेरा ने भी की शिकायत

बरेली : शुभ अजमेरा विवादित प्लॉट पर टाइल्स और मार्बल का कारोबार कर रहे आदित्य उपाध्याय का पार्टनर है। सोमवार को उसने भी एडीजी और एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। इसमें उसने राजीव राणा, केपी यादव समेत कई लोगों को नामजद करते हुए उसके मार्बल गोदाम में तोड़फोड़ कर डेढ़ करोड़ के नुकसान का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है। शुभ ने बताया कि उसके परिवार ने सारी जमापूंजी के साथ 70 लाख उधार लेकर व्यापार शुरू किया था। तीन महीने पहले अपना मकान भी गिरवी रख दिया। अब वह और उसका परिवार के आगे आत्महत्या करने की नौबत आ गई है।

बिजली विभाग ने पकड़े विद्युत चोरी के 23 मामले

खटीमा : विद्युत विभाग प्रवर्तन दल द्वारा गोटिया, इस्लामनगर, जमौर, हल्दी, सुनपहर आदि क्षेत्र में अलग-अलग टीम बनाकर छापामार कार्रवाई करते 19 विद्युत चोरी और चार अनाधिकृत रूप से विद्युत प्रयोग के मामले पकड़े। जिनपर 9 .84 लाख का जुर्माना के साथ ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने बताया कि जो विद्युत चोरी में पकड़े गए हैं। उनमें इस्लामनगर से मेहरुद्दीन, रुकसाना बेगम, मोहम्मद मियां और शकील खान, गोटिया से मोहम्मद समर, इस्लाम, बाबू, रुस्तम, नफीस, रजवी, मोहम्मद नसीब और मोहम्मद शाहिद, जमौर से शिवा सूनपहर से रोहित, हल्दी से जमुना प्रसाद, कमला देवी, धर्मवीर, छत्रपाल आदि चोरी के मामले पकड़े गए हैं।

भाखड़ा नदी पर शुरू हुआ पुल निर्माण का कार्य

दिनेशपुर, अमृत विचार : शासन की ओर से क्षेत्रवासियों की लंबे समय से सुंदरपुर गांव से कुंदननगर नंबर-5 के मध्य भाखड़ा नदी पर पुल की मांग को कार्यदायी संस्था लघु सिंचाई विभाग की ओर से 16 लाख की लागत से निर्माण किया जा रहा है। सड़क की भूमि विवाद होने से आठ दिनों तक निर्माण कार्य बंद रहा। जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की ग्रामीणों के साथ वार्ता के बाद रफ्टा पुल का निर्माण शुरू हो गया। सोमवार को दिनेशपुर से गदरपुर को जाने वाले लिंक मार्ग के मध्य सुंदरपुर गांव से कुंदननगर नंबर-पाच के मध्य भाखड़ा नदी पर बन रहा रफ्टा पुल निर्माण मार्ग को लेकर चल रहे सड़क विवाद को वरिष्ठ भाजपा नेता अमित नारंग व कार्यदायी संस्था लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार एवं अवर अभियंता टिंकू सिंह की ग्रामीण से हुई वार्ता के बाद कार्य शुरू हो गया। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित नारंग ने बताया भाखड़ा नदी पर बन रहे रफ्टा पुल के एक तरफ एक किसान द्वारा मार्ग के लिए सड़क की चौड़ाई के लिए सड़क कम देने पर निर्माण कार्य रुक गया था। जो तहसील प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद किसानों से हुई वार्ता के साथ रफ्टा पुल की सड़क का कार्य शुरू हो गया है। निर्माण का कार्य आठ दिनों से रुका हुआ था। इस मौके पर ठेकेदार ऋषभ बाठला, सुभाष शर्मा, पवित्र ढाली, भवतोष बाछाड़, गुरुपद सरदार, जतिन राय, सुब्रत बाछाड़ आदि सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

धर्म दर्शन

यज्ञोपवीत के प्रवर

यज्ञोपवीत में गांठ लगाने के पहले धागे के एक छोर से लूप बनाया जाता है और दूसरे छोर को तीन या पांच बार लपेटा जाता है। ये तीन या पांच लपेटन की संख्या प्रवरों की संख्या पर निर्णीत होती है। जिन गोत्रों के पांच प्रवर होते हैं वे पांच लपेटन देते हैं। तीन प्रवर वाले तीन लपेटन देते हैं। इसके बाद धागे को लूप से ले जाकर कसा जाता है और गांठें दी जाती हैं। प्रवर गोत्र के पूर्वज ऋषियों के नाम होते हैं। उदाहरण के लिए वत्स गोत्र वालों के पांच प्रवर हैं। वे ऋषि हैं- भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि। ब्रह्मा के मानस पुत्रों में सर्वश्रेष्ठ भृगु ऋषि गोत्रोत्पन्न वत्स ऋषि से यह गोत्र स्थापित हुआ। मूल ऋषि भृगु रहे। इस वंश में पांच प्रवर-भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि हुए। मूल ऋषि होने के कारण भृगु ही इनके गण हुए। परशुराम इसी वंश के थे, वह जमदग्नि के कनिष्ठ पुत्र थे।

डॉ सुधांशु के . मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यज्ञोपवीत के ये पांच प्रवर हमें याद दिलाते हैं इन ऋषियों का। हमें यह भी जानना चाहिए कि उन ऋषियों ने क्या किया था। केवल यज्ञोपवीत धारण करना काफी नहीं है। केवल नाम जानना पर्याप्त नहीं है। कुछ लोगों का कहना है कि नाम पर्याप्त होता है। यह झूठ है। कहते हैं-उल्टा नाम जपत जग जाना/वाल्मीकि भये ब्रह्म समाना। लेकिन यह बेकार बात है। छांदोग्य उपनिषद (7.1-26) में बतलाया गया है कि नाम काफी नहीं होता। कहानी कुछ यूं हैः एक बार नारद ऋषि सनत्कुमार के पास गए और उनसे ज्ञान का मार्ग दिखाने तथा सर्वोच्च सत्य की शिक्षा देने का अनुरोध किया। सनत्कुमार ने नारद जी से कहा, "मुझे बताओ कि तुम क्या जानते हो, और फिर मैं तुम्हें उससे आगे की बातें सिखाऊंगा।" तब नारद ने उनसे विनम्रतापूर्वक कहा, "मैं चारों वेदों और महाकाव्यों को जानता हूं, मैंने व्याकरण, कर्मकांड, गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन, मनोविज्ञान, ललित कला और विभिन्न अन्य धर्मनिरपेक्ष विषयों का अध्ययन किया है, लेकिन इस सारे ज्ञान ने मुझे आत्म को जानने में मदद नहीं की है। मैंने आप जैसे आध्यात्मिक गुरुओं से सुना है कि जो व्यक्ति आत्म को जान लेता है, वह दुःख से परे चला जाता है। मैं दुःख में खोया हुआ हूं। कृपया मुझे सिखाएं कि मैं कैसे परे जाऊं।" नारद और सनत्कुमार के बीच एक बहुत लंबा संवाद है जिसके माध्यम से सनत्कुमार नारद को बताते हैं कि नारद जो कुछ भी जानते हैं वह केवल नाम है। इससे परे जाने के लिए व्यक्ति को यह जानना होगा कि नाम से बड़ा क्या है। इस उपनिषद से हम सीखते हैं कि नाम काफी नहीं है। यह शुरुआत जरूर है, लेकिन केवल नाम जपते रहने से आपको कुछ नहीं मिलना है। ब्रह्मसमाना होने का भ्रम न पालिए। तो प्रवरों के नाम जानना पर्याप्त नहीं है। अपने प्रवर ऋषियों को जानिये। उनके कामों को जानिए। उनका अनुकरण कीजिए।

ऋग्वेद और अथर्ववेद

ऋग्वेद और अथर्ववेद में पादबद्ध मंत्र हैं और इनका गान होता है। उपनिषदों का कहना है कि वाणी और प्राण का जैसा संबंध है, वैसा ही संबंध ऋचा और साम का है। ऋचा शब्द का अर्थ है-चरण युक्त मंत्र। इन मंत्रों का षड्ज, मध्यम आदि स्वरों में आलाप होता है। वेदमंत्रों के गान को ही साम कहा गया है। केवल मंत्र पाठ को ही साम नहीं माना जा सकता है और न सिर्फ गान को ही, बल्कि इन दोनों के मिश्रण को ही साम कहा गया है। स्वर-आलाप ही साम की गति है। स्वर अथवा आलाप के बिना साम नहीं होता है। साम का स्वरूप आलाप है। अतः निश्चित है कि साम शब्द से हमें उन गानों को समझना चाहिए, जो भिन्न-भिन्न स्वरों में ऋचाओं पर गाये जाते हैं। जिन ऋचाओं के ऊपर ये साम गाये जाते हैं, उनको वैदिक लोग "साम -योनि" नाम से पुकारते हैं। यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि जिसे सामवेद संहिता कहा गया है, वह इन्हीं सामयोनि ऋचाओं का संग्रह है। यही सामवेद के रूप मे पुस्तकाकार संकलित है। सामवेद के दो प्रधान भाग हैं-आर्चिक तथा गान। आर्चिक शब्द का अर्थ है ऋचासमूह। इसके दो भाग हैं पूर्वआर्चिक तथा उत्तरार्चिक। इसमें प्रमुखतः अग्नि, इन्द्र व सोमदेव विषयक ऋक् मंत्रों का समन्वय उपस्थित किया गया है। सोम विषयक ऋचाएं पूरी तरह से ऋग्वेद के नवम् मंडल से ली गई है। पहले से लेकर पांचवें अध्याय तक की ऋचाओं को तो ग्राम गान कहते हैं, लेकिन छठे अध्याय की ऋचाएं अरण्य में गेय होने के कारण "अरण्यगान" कही जाती हैं। पूर्व आर्चिक के मंत्रों की संख्या 650 है उत्तरार्चिक मे 1225 मंत्र हैं। इस प्रकार सामवेद में कुल 1875 ऋचाएं हैं। सामान्य तौर पर यह आम धारणा है कि सामवेद में उपलब्ध ऋचाएं ऋग्वेद से ही गान के लिए संगृहीत की गई है, लेकिन कहीं-कहीं सामवेद और ऋग्वेद की ऋचाओं में केवल आंशिक साम्य ही देखने को मिलता है। सामवेद में लगभग 450 ऐसे मंत्र है जिन पर कोई गान नहीं है। यदि सामवेद, ऋग्वेद के बाद की रचना है, तो ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर 'साम' का उल्लेख नहीं मिलना चाहिए। ऋग्वेद के अनेक स्थलों पर साम का उल्लेख देखा जा सकता है। इतना ही नहीं यज्ञ की सफलता के लिए होता, अध्वर्यु तथा ब्रह्मा नामक व्यक्तियों के साथ उद्गाता का काम गायन ही तो है। तब साम को अर्वाचीन किस आधार पर माना जाए? इससे यह भी आभास मिलता है कि साम संहिता के मंत्र ऋग्वेद से उधार लिए नहीं प्रतीत होते। यह उतने ही स्वतंत्र और प्राचीन हैं, जितने कि ऋग्वेद के मंत्र। इस प्रकार साम संहिता की अपनी स्वतंत्र सत्ता की पुष्टि होती है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वर्ग पहेली-111

बाएं से दाएं

1.1. अनाज ओसाने की क्रिया या भाव 2. अनाज ओसाने का पारिश्रमिक।

4.1. विघटन करने वाला 2. बरबाद करने वाला 3. दूर करने वाला 4. कलह या बंटवारा कराने वाला।

5.1. लकड़ी

7. रूठे या मान किए हुए किसी आत्मीय या प्रेमी को मनाने के लिए की जाने वाली कोशिश, प्रणय में होने वाला रूठना-मनाना।

ऊपर से नीचे

2.1. ईमानदार होने की क्रिया

3.1. उकेरने या खोदकर बेलबूटे बनाने का कार्य 2. नक्काशी करने की क्रिया, (एनग्रेविंग)।

4.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

6. आदमी, मनुष्य, व्यक्ति।



वर्ग पहेली -110 का हल

1 म	ढ़ी		2 अ	3 क
ती			व	लां
	4 प	द	ना	मि	त
	र		य		र
	का		क		
	स				5 त
6 ई	ना	म		7 तो	ड़ी

सुडोकू -24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			6			1
9			5		2	4		
	7			4		2		3
		4	9				6	
1		2				5		9
	3				5	8		
3		1		5			4	
		6	7		4			8
2			8			9		

सुडोकू -23 का हल

9	2	5	3	1	6	7	4	8
4	6	1	8	7	5	3	2	9
8	7	3	9	2	4	6	5	1
7	8	6	1	4	9	5	3	2
1	3	4	5	8	2	9	7	6
2	5	9	6	3	7	8	1	4
5	1	8	4	6	3	2	9	7
6	9	7	2	5	1	4	8	3
3	4	2	7	9	8	1	6	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 23 .10 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 14 .32 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आये खर्चों में कमी आयेगी। आपका मन काफी शांत रहेगा। धन से जुड़ी समस्याएं सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी का विचार बना सकते हैं। आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं।

वृष — आज आप मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। जीवनसाथी के करियर को लेकर समस्या दूर होगी।

मिथुन — आज रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। आज आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए, जो आपके सिद्धान्तों के अनुरूप न हों। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर ही वक्तव्य देने चाहिए।

कर्क — आज आप सभी कार्य सम्भलकर करेंगे। गृहस्थ जीवन काफी सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। व्यापार में सहकर्मियों पर निर्भरता बढ़ेगी।

सिंह — आज आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर विभिन्न जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा।

कन्या — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। लापरवाही के कारण आपके कई काम बिगड़ सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है।

तुला — आज अधिकारी वर्ग के लोग आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन को लेकर परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। आज आप कुछ नया करने का विचार बनायेंगे।

वृश्चिक — आज कार्यक्षेत्र में आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। एसिडिटी और सिरदर्द की समस्या बढ़ सकती है। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाये रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

धनु — आज कार्यक्षेत्र में प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आयेंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। संतान को काफी अच्छी सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी को आप काफी अच्छा समय देंगे। खरीदारी के दौरान बिल आदि का पूरा ध्यान रखें।

मकर — आज आप आराम के मूड में रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

कुंभ — आज जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव हानि हो सकती है। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया देने से बचें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। रिश्तेदारों से झगड़ा हो सकता है।

मीन — आज परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आज वेबसीरीज और मनोरञ्जन के सन्साधनों में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी — सुबह : 10 .45
हम साथ साथ है — रात : 08 .12

&pictures
हसीना मान जाएगी — सुबह : 10 .58
विवाह — रात : 07 .30

SONY PIX
मैड मैक्स :फरी रोड — दोपहर : 12 .03
2012 — शाम : 06 .19

ZEE CINEMA
लगान — दोपहर : 03 .24
पथु थल — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
देवदास — सुबह : 07 .32
हनुमान — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।

सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।

चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,

रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पत्नी- देखो मौसम कितना हसीन है

तुम्हारा क्या प्लान है ?

पति- मेरा तो वही है 178 में 1 जीबी का 28 दिन के लिए।

पत्नी- घुस जाओ तुम मोबाइल में पहले...

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्द इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर ख़ुशी से फूल नहीं उठता, और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुण्ड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।।

संपादकीय

विपक्ष की एकजुटता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक की शुरुआत में कामकाज को लेकर स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार सहमति के साथ चलने का प्रयास करेगी। देश जिम्मेदार विपक्ष चाहता है और देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। वहीं 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने एकजुटता दिखाकर साबित कर दिया कि विपक्ष इस बार लोकसभा में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के नेता संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे। गौरतलब है कि आठ कार्य दिवसों के छोटे सत्र में पहले दो दिन नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, उसके बाद लोकसभाध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति द्वारा दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शामिल है। इस छोटे सत्र में प्रधानमंत्री मोदी पर अनेक मुद्दों को लेकर विपक्ष के हमले होने तय हैं। विपक्ष कितना आक्रामक हो सकता है, इसका इशारा राहुल गांधी ने यह कहकर दे दिया है कि कांग्रेस देश की जनता के समर्थन से किसी भी कीमत पर संविधान की रक्षा करेगी। साथ ही विपक्ष ने आपातकाल वाले बयान को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है। भाजपा की संख्या अभी भी कांग्रेस से दोगुनी से अधिक है, लेकिन सत्तारूढ़ दल पूर्ण बहुमत से दूर है। इस बार दो दलों के समर्थन पर टिकी सरकार को जहां एक ओर बहुत मजबूत व संयुक्त विपक्ष (इंडिया) का सामना करना होगा, वहीं उनके अपने सहयोगी दलों का भी दबाव होगा।

नए सदन में कांग्रेस की शक्ति लगभग दोगुनी हो गई है। इंडिया की सदस्य संख्या भी इतनी है कि सरकार विपक्ष की उपेक्षा नहीं कर पाएगी। खासतौर पर संवेदनशील मसलों पर। 2014 के बाद पहली बार कांग्रेस आधिकारिक तौर पर नेता पद का दावा करने के लिए पात्र होगी। नई लोकसभा में सरकार का एजेंडा 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक में स्पष्ट करेंगी। उसके बाद 1 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में चर्चा की जाएगी और 2 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर अपना जवाब देंगे। नई लोकसभा में वह प्रधानमंत्री का पहला संबोधन होगा। जाहिर है अगर विपक्ष चुनाव पूर्व हुए गठबंधन को बरकरार रखने में कामयाब रहता है तो वह महत्वपूर्ण सवाल खड़े करने की स्थिति में होगा। यह संसदीय लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा।

अतीत से बोझा नहीं जीवन की ऊर्जा लेनी है

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

लोकजीवन में घटनाएं घटती हैं और अपने चिह्न सामूहिक-स्मृतियों में छोड़ जाती हैं, समष्टिस्मृति की वाचिक-परंपरा बहती रहती है। समय की गति के साथ स्मृतियों में अभिप्राय (मोटिफ) ढलते रहते हैं। समसामयिक इतिहास भी है, क्योंकि बीते हुए कल में से आज निकला है, आज में से आने वाला कल निकलेगा। यही जीवन की निरंतरता है। जीवन में स्मृतियों की भूमिका निर्णायक होती है। स्मृतियां जीवन के साथ चलती हैं, व्यक्ति से व्यक्ति मे, व्यक्ति से समूह में, एक समूह से दूसरे समूह में, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में चलती रहती हैं। देश-काल में संक्रमण करती रहती हैं। श्रुति-स्मृति की परंपरा।

यह बात दूसरी है कि इस चला-चली में संदर्भ बदलते हैं, परिस्थितियां बदलती हैं और इस अदल बदल में अनेक विसंगतियां, विस्मृतियां, विकृतियां, प्रक्षेप और अन्य दोष भी आते रहते हैं जैसे एक व्यक्तित्व पर दूसरे व्यक्तित्व का अध्यारोप और चमत्कार। लोकमेधा यथावसर उनका परिहार और परिष्कार भी करती है। जगत सेठ रामजी दास गुड़वाले स्वतंत्रता-संग्राम के पहले शहीद थे। उन्हें अंग्रेजों ने धोखे से पकड़ा, उन पर शिकारी कुत्ते छुड़वाये और फिर चांदनी चौक की कोतवाली के सामने फांसी पर लटका दिया था यह कहानी दिल्ली की लोककथा ही तो है। यदि आपके इतिहास में यह कहानी नहीं है तो आपके इतिहास को अधूरा क्यों न कहा जाय? बुन्देले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी। लोकमन अपनी मान्यता और विश्वास के लिए कहानी गढ़ लेता है।

बादशाह अकबर ने तानसेन से पूछा-क्या तुमसे भी अच्छा गाने वाला कोई है? तानसेन बोला-जहांपनाह, मैं क्या हूं, जो मेरे गुरु स्वामी हरिदासजी हैं? उनको बुलवाओ, बादशाह ने कहा। जहांपनाह, वे तो अकिंचन हैं, उन्हें दरबार से क्या लेना? बादशाह तडप उठा, ठीक है, तो हम ही निधिवन चलेंगे। तानसेन बोला-बादशाह बन कर चलेंगे तो संगीत सुनने को नहीं मिलेगा। वे तो अपने आराध्य के रस में डूबे हैं। बादशाह आम आदमी बन कर तानसेन के पीछे-पीछे निधिवन पंहुचा। जब गायन सुन कर लौटा तो बोला-तानसेन, तुम ऐसा क्यों नहीं गा सकते? तानसेन ने कहा, मालिक। मैं आपको खुश करने को गाता हूं, मेरे मन में लालच है, वे

> एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दु:खों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है।

क्षुद्र वासनाओं से ऊपर जा चुके हैं, वे बादशाहों के बादशाह के गायक हैं।

इतिहासकार घटनाओं की पूर्वापरता को महत्त्वपूर्ण बतलाते हैं और इसके लिए वे पुरातात्त्विक और लिखित -साक्ष्य को प्रामाणिक मानते हैं, यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण है और इसमें किसी का मतभेद नहीं हो सकता। परन्तु इस वैज्ञानिक तथ्य के बावजूद क्या कारण है कि किसी भी युग और सत्ता की प्रवृत्तियों को लेकर उन इतिहासकारों के परस्पर मतभेद हैं? शायद ही कुछ ऐतिहासिक तथ्य हों, जिनमें वे एकमत हों। क्या इसका कारण यह है कि इतिहास-लेखन व्यक्ति स्तर पर किया जाता है और यदि इतिहासकार सामूहिकता से ओतप्रोत नहीं है तो व्यक्तिहित का भाव अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता। व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

क्या यह सच नहीं है कि इतिहासकार पर परिवेश और सत्ता का दबाव होता है, उस दबाव से उसकी दृष्टि बनती है। हिटलर के जमाने में शारीरिक-मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानव जीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। आग्रह-शून्य होना बहुत कठिन होता है। ममता का विसर्जन हो सके, दबावों को नकार सके, यह बहुत ही बलवान-चरित्र का लक्षण है। सवाल तो यह है कि वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है? आर्य शब्द इतना पुराना है किन्तु प्रजाति के अर्थ में उसका प्रयोग कहीं नहीं है। उन्होंने मजहब के ऐसे पेच डाल दिए कि लड़ते रहो। जाति के आधार पर राजनीति करने वाले सत्ता में आए तब उनका जयजयकार करने- वाले इतिहासकारों ने कहा कि यहां तो जाति और वर्ण आपस में लड़ते-झगड़ते ही रहे है, सो प्रत्येक जाति और वर्ण एक दूसरे से घृणा करते रहो, लड़ों और बदला लो। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़ कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं जनता की एकता को तोड़ना, जनता को लड़वाना, घृणा और वैमनस्य का विस्तार करना, मिथ्या-सिद्धांतों के स्टैचू खड़े करने में यह इतिहास सत्ता के बहुत काम आता है।

एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दुःखों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है। सत्ता की छत्रछाया में लिखा गया इतिहास जाल ही नहीं, जंजाल है,जैसे आतंकवादी अपने घर में अवैध अस्त्र और विस्फोटक बनाने का काम करते हैं, वैसे ही ये इतिहास भी अवैध अस्त्र और विस्फोटक का काम करता है। वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए वे लोग इतिहास के खेत में जाति और धर्म-वैमनस्य के जहर की खेती कर रहे हैं, किन्तु क्या यहां सामंजस्य-समन्वय का अमृत था ही नहीं? देखें तो सही भारत के लोकजीवन में अन्तर्भुक्तियों का इतिहास कितना व्यापक है?

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया?

जनता का इतिहास केवल द्वन्द्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है, समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर,पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, व ह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोकजीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है, जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके,सामंजस्य-भाव को खोज सके,समष्टि-चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम -आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती?क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन,समष्टिजन,सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते? जिन्होंने बृहत्तर-भारत के विशाल भूभाग से लोकगाथाएं एकत्र कीं, सामूहिक-राष्ट्रीय-स्मृतियां संजोयी, जीवन और प्रकृति के प्रति विकसित होने वाले दृष्टिकोण की व्याख्या की, सामाजिक-आंदोलनों का इतिहास लिखा। भारत के लोगों ने वे पुराण- गाथाएं धरती और अपने समूचे परिवेश में लिख दीं। देश के नाम (भारत) की बात हो या हमारे-आपके नाम हों, पर्व-त्योहार हों, वे गाथा और मिथक जीवित हैं, जीवित रहेंगे।

प्रसंगवश

ऑनलाइन गेम के चंगुल से क्या मुक्त होगा बचपन

आज के तकनीकी युग में नित्य नए मोबाइल धारकों की बढ़ती संख्या पर हमारी व्यवस्था भले ही इठला लें, कि 21 वीं सदी में हम अंगुलियों पर सब कुछ संभव बना रहे हैं, मगर शायद तकनीक में मशगूल होकर यह भूलते जा रहे हैं कि इससे हम अपनी अमिट पुरातन विरासत को तो क्षीण कर ही रहे हैं। साथ ही बालमन और युवावस्था को पथभ्रष्ट तथा उनकी ज़िंदगी को काल के गाल में भी धकेल रहे हैं।

आज के भौतिकवादी युग में अभिभावकों के पास समय का अभाव है, जिसके चलते वे जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौना एवं सिर पर माता-पिता का प्रेम होना चाहिए, उसमें वे उन्हें मोबाइल थमा देते हैं। यह वास्तव में बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

वस्तुतः ऑनलाइन गेम के प्रति युवाओं और बच्चों का बढ़ता झुकाव सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। बीते कुछ वर्षों में दुनिया भर के बच्चों में इसे लेकर एक अलग प्रकार की दीवानगी पनपी है। जो कहीं न कहीं अब लत का रूप लेती जा रही है। लत किसी भी चीज़ की हो अगर उसकी अति हो जाए तो फिर उसका नुकसान भी भयानक होता है। अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर इस लत का काफी बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत में इसकी स्थिति क्या है, यह हम सबसे छिपा हुआ नही है। हमारे देश में तो एक दो साल के बच्चे के हाथ में भी मोबाइल थमा दिया जाता है। और वह बड़े चाव से मोबाइल देखते-देखते बड़ा हो जाता है।

भारत इस मामले में कहां खड़ा है इसका आकलन हम इन आंकड़ों से कर सकते हैं कि वर्ष 2022 में भारत में आनलाइन गेमिंग का बाजार 1.5 बिलियन से अधिक का था। तो वहीं 2025 तक इसके 5 बिलियन तक हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में जहां इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या 40 फीसदी (80 मिलियन) थी तो वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 50 फीसदी (95 मिलियन) हो गई। 'एफआईसीसीआई' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 'ट्रांजेक्शन बेस्ड गेम्स' के राजस्व में 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। और यह संख्या आगे और भी ज्यादा बढ़ने की ओर अग्रसर है।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में ऑनलाइन गेमों की वजह से रूस में 130 से अधिक बच्चों की मौत हुई थी। तो वहीं भारत में करीब 100 बच्चों ने मौत को गले लगाया था। ऑनलाइन गेम्स को लेकर बच्चे इसके इतने आदि हो जाते हैं कि खाना-पीना तक छोड़ कर दिन-रात उसी में लगे रहते हैं। जिससे उनकी नींद भी प्रभावित होती है एवं उनमें चिड़चिड़ापन की समस्या भी बढ़ती है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक वर्तमान में भारत में करीब तीस करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। और 2028 तक यह संख्या बढ़कर 55 करोड़ हो जाने की संभावना है।

वहीं एक अन्य आंकड़े की बात करें तो वर्तमान में देश में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार करीब सात से दस हजार करोड़ रुपए के बीच है। जिसके अगले एक साल में 29 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इन आंकड़ों से ही स्थिति की भयावहता को समझा जा सकता है। लेकिन इसको लेकर न हमारी व्यवस्था सचेत नजर आती है और न ही परिजनों के पास इतना समय होता है कि वे हर पल बच्चों पर नजर रख सकें कि आखिर मोबाइल में उनका बच्चा क्या कर रहा है?

गौरतलब है कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने भी ऑनलाइन गेम खेलने की लत (जिसे गेमिंग डिसऑर्डर नाम दिया गया है) को मानसिक अस्वस्थता की स्थिति माना है। जब कोई बच्चा लगातार घंटों तक मोबाइल और कंप्यूटर गेम खेलता है तो उसकी आंखों और शरीर के अन्य अंगों पर उसके गंभीर दुष्प्रभाव भी पड़ते हैं। वैसे संयुक्त परिवार की जड़ों से हमारे समाज का कटना भी कई समस्याओं का कारण है। और इसके लिए हम सरकार को दोष नहीं दे सकते। फिर भी ऑनलाइन गेमों पर अंकुश आज की जरूरत है और इसे गंभीरता से लिया भी जाना चाहिए। देखा जाए तो मोबाइल जीवन में अब शायद सांस लेने जितना जरुरी हो गया है। जिसके बिना हम जी नहीं सकते। मगर इसने हमें काफी हद तक नुकसान भी पहुंचाया है।

कड़वाहटों को कब तक ढोते रहेंगे

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत आईजी पुलिस, उप्र.

हर धर्म के मुख्य त्योहारों पर बधाई देना मेरी आदत में शुमार है। इस बकरीद में भी मैने बधाई दी, जिस पर कुछ भाइयों ने नाराजगी जाहिर की। प्रत्येक व्यक्ति की सोच अलग हो सकती है लेकिन किसी अन्य के त्योहार की बधाई देना घृणित कार्य कैसे हो गया,यह मेरे समझ से परे है। प्रतीत होता है कि यह विभिन्न राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा फैलाए जा रहे धार्मिक विद्वेष एवं घृणा का ही यह परिणाम है।

काम, क्रोध, लोभ, मोह की तरह घृणा भी मानव स्वभाव का ही अंग है। हम अपने परिवार के किसी सदस्य से या किसी पड़ोसी से किसी कारण वश घृणा करते हैं लेकिन यहां तो धर्म के आधार पर करोड़ों व्यक्तियों से घृणा की बात है। यह सत्य है कि मुसलमानों ने अतीत में हमारे देश पर आक्रमण कर हमें पराजित किया, कुछ लूटपाट कर वापस लौटे तथा कुछ ने यहां राज किया और हमारे धार्मिक स्थल तोड़े, हमें प्रताड़ित किया, गुलाम बनाया,धर्म परिवर्तित कराया। क्या इसलिए मुस्लिमों से घृणा की जाय? तो ऐसा ही कुछ कार्य पोर्तुगीज, डच, फ्रेंच और ब्रिटिश ने भी यहां आधिपत्य जमा कर किया। जलियांवाला बाग का सामूहिक नरसंहार तो 100 वर्ष ही पुराना है जबकि मुस्लिम राज्य तो कई शताब्दी पुराने है। इसाई तो अभी भी बड़े स्तर पर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उनसे ऐसी घृणा क्यों नहीं? ऐसा ही कार्य तो अतीत में सवर्ण हिंदुओं ने दलितों के साथ किया है। उन्हें अछूत माना, सामान्य नागरिक अधिकार तक नहीं दिया। तपस्या कर रहे शंबूक की हत्या की गई। मंदिरों में पूजा करने की कौन कहे, कितनी जातियों को मंदिर प्रवेश से वंचित किया गया। तो क्या ऐसी जातियां तथाकथित उच्च जातियों से अब घृणा करें,उनका बहिष्कार करे, उन्हें मतदान न करें? प्राचीन काल में हमारे देश के ही राजाओं में राज्य विस्तार, स्त्री, अहंकार या पुरानी शत्रुता के लिए युद्ध होते रहे हैं और विजयी राजा पराजित राज्य की प्रजा का उत्पीड़न भी किया करते थे, लेकिन सारी प्रजा हिंदू ही थी, इसलिए धर्म परिवर्तन की बात नहीं आई। मुस्लिमों ने भी विजयी होकर हमारा उत्पीड़न किया क्योंकि हम शत्रु प्रजा थे। उनकी दृष्टि में हम काफिर थे इसलिए धर्म के आधार पर भी उत्पीड़न हुआ। मुसलमानों की संख्या हमारी तुलना में कम थी, अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लिए साम, दाम, दंड भेद का सहारा लेकर उन्होंने हमारा धर्म परिवर्तन भी कराया। अंग्रेज जाते जाते धर्म के आधार पर देश का विभाजन भी कर गए, इससे धार्मिक विद्वेष पुनः चरम पर पहुंच गया।

> प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें?

प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें? आज हम रोहिंग्या मुसलमान तथा अवैध रूप से रह रहे बंगलादेशी मुसलमानों को तो निकाल नहीं पा रहे हैं, 20 करोड़ वैध मुसलमान नागरिकों को कैसे निकालेंगे,कौन सा देश उन्हें स्वीकार करेगा? मुसलमानों को भी विचार करना होगा कि उनके पूर्वजों द्वारा किए गए अत्याचारों से हिंदू उनसे नाराज़ है,वे कोई ऐसा काम न करें जिससे यह कटूता बढ़े। दुष्टों की कमी दोनों संप्रदाय में नहीं है जो आपसी सौहार्द बिगाड़ने का भरसक प्रयास करें, ऐसे तत्वों का हम सामाजिक बहिष्कार करें तथा इनसे शासन, प्रशासन सख्ती से निपटे। राजनीतिक दल वोट के लिए तुष्टिकरण एवं घृणा का खेल बंद कर सामाजिक समरसता का प्रयास करते रहें। विभेद कारी शिक्षा दृढ़ता से बंद की जाय। पुरानी तल्खियों को कब तक हम ढोते रहेंगे?

यह देश हम सभी का है यदि साथ साथ हम न चले तो हम सब मिट जाएंगे। खालिस्तान की आग बहुत कुर्बानी के बाद बुझी लेकिन विदेशों में अभी भी धधक रही है। नागालैंड तो कुछ शांत हुआ लेकिन मणिपुर की हिंसा समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मैंने उत्तर प्रदेश पुलिस में 1977 से 2013 तक सेवा की है और इस अवधि में छ दंगे झेले हैं। इन दंगों में सबसे बड़ा नुकसान होता है आपसी संबंधों का जिन्हें सामान्य होने में दशकों लग जाते हैं। इन दंगों से देश में जो हानि होती है,उससे कहीं अधिक हानि विदेशों में होती है। हमारी विरोधी लाबी इसका दुष्प्रचार करके हमें बदनाम करती है। अधिकांश मुस्लिम देश हमारे मित्र हैं। दंगों से उनसे हमारे संबंध खराब होते हैं और व्यापारिक क्षति पहुंचती है। विदेशों में रहकर पैसा कमाने वालों पर संकट आता है, उन्हें जीवन भय भी बना रहता है।

सोशल फोरम

पर्यावरण समस्या का दोषी मनुष्य

पर्यावरण की समस्या पृथ्वी में मौजूद जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर खड़ी है। यह सृष्टि अनंत संयोगों से बनी है। इस पर जीवन भी अरबों साल में अनंत संयोगों से धीरे-धीरे विकसित हुआ है। अगर इन संयोगों में एक संयोग वैसा न होता, जैसा वह हुआ, तो संभव है हम मनुष्य इस धरा पर न विकसित होते! हम मनुष्य तो इस पृथ्वी पर अन्य जीवों की तुलना में बहुत बाद में विकसित हुए हैं।

अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह दुनिया अनंत काल में स्वतः बनी है। यह आत्मसंचालित और आत्मनियंत्रित है। अगर यह स्वतः विकसित न होती, तो इसके विकास में अनंत समय न लगता। इसी तरह मनुष्य भी कंदराओं, गुफाओं में रहते, आखेट करते, पत्थरकाल, आदि कालों से गुजरता हुआ न आगे बढ़ता, बल्कि पूर्ण विकसित सभ्यता-संस्कृति के साथ पैदा होता और दुनिया के सभी मनुष्यों की एक ही सभ्यता-संस्कृति होती। वास्तव में दुनिया के विभिन्न समाजों में ईश्वर संबंधी विचारों की भिन्नता इसलिए है, क्योंकि यह विचार मानव के मन की उपज है।

इस पृथ्वी को बचाने, संरक्षित करने और सुंदर बनाने का दायित्व मनुष्य का है, क्योंकि संयोगों द्वारा प्राप्त तथाकथित योग्यता के कारण हम मनुष्य इस पृथ्वी के उपभोक्ता बन बैठे हैं। इसकी हमने अपने हिसाब से मनुष्य को केंद्र में रखकर मनमानी व्याख्या की है। इसका हमने अंधाधुंध दोहन किया है। आज पर्यावरण को लेकर जो समस्या खड़ी है, उसका एकमात्र दोषी मनुष्य है। आज की परिस्थितियों में पेड़ काटना मानव वध से गंभीर अपराध है। इसलिए यह हम सभी मनुष्यों का दायित्व है कि हम प्रकृति को बचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। आवश्यकता से अधिक इसके संसाधनों का उपभोग करने से बचें। उपभोक्तावादी दृष्टिकोण को बदलें। अब बहानेबाज़ी, विलंब और हीलाहवाली करने का समय नहीं रहा। पहले ही इस मामले में बहुत देर हो चुकी है।

-फेसबुक वॉल से

जरुरी स्वास्थ्य या पैसा

नशीली चीजों और पदार्थों के निराकरण के लिए प्रत्येक 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसंबर 1987 से इसे मनाने का निर्णय किया था। आंकड़ों के अनुसार शराब पीने वालों की संख्या पूरी दुनिया में 230 करोड़ के लगभग है। इसमें सबसे सबसे ज्यादा अमेरिका, यूरोप,और पश्चिमी प्रशांत महासागरीय देशों के लोग है जबकि भारत में शराब पीने वाले करीब 16 करोड़ है। यह आश्चर्य की बात है कि देश में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है। भारत में शराब की खपत के मामले में सबसे ऊपर छत्तीसगढ़ है। यहां कुल आबादी का 35.67 प्रतिशत लोग शराब पीते हैं। दूसरे स्थान पर त्रिपुरा का नाम है और जहां शराब पीने वालों की तादाद कुल जनसंख्या का 34.7 प्रतिशत है जबकि आंध्र प्रदेश 34.5 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर और 28.5 प्रतिशत के साथ पंजाब चौथे नंबर पर है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वैश्विक बीमारी के बोझ का लगभग 5.1 प्रतित शराब के सेवन के कारण है और हर साल लगभग 3.3 मिलियन मौत का कारण यह बनता है। एक अन्य सर्वे के अनुसार हर 20 में से एक व्यक्ति को मौत का कारण शराब ही है। केवल भारत में हर साल शराब की वजह से 2.5 लाख मौतें हो जाती हैं जो काफी दुर्भाग्य पूर्ण है हर साल हजारों लोग जहरीली शराब से भी मरते है। इन सबके बाबजूद भारत में सरकारों के लिए शराब 'खराब' नहीं है। क्योंकि उनके राजस्व वसूली में से 10 से 15 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी शराब की बिक्री से मिलने वाले टैक्स से होती है।

हमारे समाज में दिन प्रतिदिन मादक पदार्थों व द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिनका उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान तंबाकू, गुटखा, सिगरेट की लत और नशीली चीजों के समाज को अवगत कराना होता है ताकि मादक द्रव्यों और पदार्थों के सेवन से रोकथाम के लिए उचित वातावरण और चेतना का निर्माण हो सके।

शराब बंदी सही और ठोस उपाय नहीं है। जिन्हें पीनी होती है वो नकली पी कर भी जान गंवाते हैं। जिन प्रदेशों में बंदी है वहां स्मगलिंग के द्वारा पहुंचती है। इलेक्शन के दौरान जिन्हें पिलानी होती है वो पहले से ही इंतज़ाम करके रख लेते हैं। सामाजिक चेतना और लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है।

ऐसी भी सरकारें हैं जो बढ़ावा देने के लिएएक पर एक फ्री की स्कीम चलाती हैं। ऐसे लोगों के लिए दंड व्यवस्था आवश्यक है, पंजाब में हर तरह के नशे को जीवन में घोल दिया गया है।

उन शहरों में जहां स्कूल कालेज के हब हैंटार्गेट बना कर पूरी पीढ़ियों को नशे की लत विदेशी एजेंसियों के द्वारा लगाई जा रही हैइन साजिशों को बेनकाब करना भी बहुत ज़रूरी है।

आमदनी बढ़ने के साथ ही मोबाइल, मोटरसाइकिल, कार खरीदने के साथ नशे की लत भी बढ़ रही है। इसलिए सामाजिक चेतना और स्वयं पर नियंत्रण ही सबसे प्रभावी कदम हो सकते हैं। इसके विपरित हाल में मुंबई के अंग्रेजी अखबार में छपी खबर के अनुसार एमएलसी पोल के दौरान 24, 25, और 26 जून को मुंबई में होने वाली शराब बंदी का विरोध किया जा रहा है। मुंबई के करीब 15000होटल और बार इस शराब बंदी का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे 100 करोड़ का नुकसान होगा इसके लिए वो न्यायालय की शरण में भी गए हैं। अब माननीय न्यायालय को ही तय करना है की स्वास्थ्य और पैसे में क्या जरूरी है?

संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है। लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। लेकिन स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर-इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा रहा है। लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं। मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभिक विकासकाल से ही मनुष्य जहां औज़ार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामुहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है; ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है; ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं।

पहली चीज़ समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज़ पीछे ले जाती है। लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

एक नजर

एमवी एक्ट के तहत 34 चालकों पर कार्रवाई

अल्मोड़ा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। सोमवार को यातायात पुलिस ने नगर के टैक्सी स्टैंड, लिंक रोड थपलिया और लोअर मालरोड में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 34 दोपहिया और चौपहिया वाहन चालक नियम तोड़ते पाए गए। सभी के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। इंटरसेप्टर प्रभारी टीएसआई सुमीत पांडे ने कहा कि अभियान आगे को भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती की जाएगी।

सहकारिता प्रबंध समिति में महिला आरक्षण उचित

अल्मोड़ा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे ने सहकारिता की प्रबंध समिति में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मंजूरी मिलने को ऐतिहासिक कदम बताया। कहा कि आरक्षण देने वाला उत्तराखंड, भारत का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट का यह फैसला उत्तराखंड के लिए लिए हर्ष का विषय है। कहा कि प्रदेश की महिलाएं अब सहकारिता से संबंधित निर्णय लेने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगी।

थाने से 200 मीटर दूर खड़ी बाइक ले गए चोर

रानीखेत : शहर के श्रीधर गंज निवासी हर्षित कुमार आर्य ने बीते दिनों रानीखेत के सदर बाज़ार में डाबर गली के पास अपनी बाइक खड़ी की और अपने घर चले गया था। अगली सुबह उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने पुलिस स्टेशन में चोरी की सूचना दी। जिस स्थान पर बाइक खड़ी थी वह स्थान पुलिस स्टेशन से महज 200 मीटर की दूरी पर है। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक बाइक चोरी कर रोडवेज की तरफ ले जाते दिख रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बाइक बरामद करने की मांग की है।

जवानों ने रैली निकाल नशे के दुष्प्रभाव बताए

अल्मोड़ा। एसएसबी जवानों ने क्षेत्रक मुख्यालय से बाजार तक जागरूकता रैली निकाली। हाथों में बैनर लेकर जवानों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। उप महानिरीक्षक डीएन भोम्बे ने कहा कि आज युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। नशा मुक्त भारत बनाने के लिए सभी को पहल करनी होगी। रैली में द्वितीय कमान अधिकारी मनोज सनवाल, सहायक कमांडेंट फूल सिंह मीणा आदि रहे।

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग

जिलेभर के पंचायत प्रतिनिधियों ने एक राज्य-एक चुनाव व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन, आंदोलन की भी चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग को लेकर पंचायत जनप्रतिनिधियों ने बिगुल फूंक दिया है। सोमवार को जिला प्रधान संगठन के आह्वान पर जिलेभर में पंचायत प्रतिनिधियों ने ब्लॉक मुख्यालयों में अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। एक राज्य में एक चुनाव फॉर्मूले को लागू करने की मांग उठाई।

अल्मोड़ा में सोमवार को जिला प्रधान संगठन के नेतृत्व में ज्ञापन के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायतें चुनी गई थी। कहा कि निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को कोरोना काल में दो साल तक विकास के काम करने का अवसर नहीं मिला है। इसलिए पंचायत प्रतिनिधियों को काम के लिए अतिरिक्त समय मिलने के साथ सरकार को अध्यादेश लाकर पंचायतों के दो वर्ष के कार्यकाल को बढ़ाने की कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत एक्ट के तहत पंचायत की बैठक नहीं होने पर उस कालखंड को पंचायत के कुल कार्यकाल में नहीं जोड़ा जा सकता। प्रदेश के 12 जिलों में पंचायत का कार्यकाल बढ़ाया जाना एक्ट के अनुरूप है। कहा कि एक राज्य एक चुनाव के लिए पंचायत का कार्यकाल दो साल बढ़ाया जाना बेहद जरूरी है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने उठाई एक राज्य-एक चुनाव की मांग

रानीखेत : उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने प्रधानमंत्री से एक देश- एक चुनाव की भावना को फलीभूत करते हुए एक राज्य- एक चुनाव व्यवस्था उत्तराखंड में भी लागू करने की मांग की है। इस आशय का ज्ञापन उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जनपदों का त्रिस्तरीय चुनाव 2024-25 में होना प्रस्तावित है। कहा कि आपकी पहल के बाद पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने एक देश एक चुनाव पर अपनी सिफारिश कर दी थी। इस पहल का उत्तराखंड के समस्त निर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत के प्रतिनिधि स्वागत करते हैं। कहां कि एक राज्य- एक पंचायत के लिए हम लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। कहा कि उत्तराखंड राज्य में एक राज्य एक पंचायत चुनाव व्यवस्था को लागू करें। कहा कि उत्तराखंड के 12 जनपदों के त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव हरिद्वार के साथ कराने के लिए राज्य तथा केंद्र सरकार आपस में समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल निर्णय ले। चेतावनी दी अगर यह निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगामी 1 जुलाई को उत्तराखंड के 12 जनपदों के जिला मुख्यालय में त्रिस्तरीय पंचायतों के 70 हजार प्रतिनिधि अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। ज्ञापन देने वालों में प्रधान संगठन की अध्यक्ष प्रमिला देवी, प्रधान हेमा कुर्वाबी, हेमा मेहरा, रजनी रावत, हेमा पांडे, बीना देवी, संजय सिंह, भारती बिष्ट आदि सम्मिलित थे।

रानीखेत में बीडीओ के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजते पंचायत प्रतिनिधि।

ये लोग रहे मौजूद

जिला प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह गैलाकोटी, देव सिंह भोजक, हेम भंडारी, बलवंत कुमार, बलवीर सिंह, दीपा उपाध्याय, बची राम, रूपा देवी, चंपा देवी, राजेंद्र सिंह, नंद किशोर, बीना देवी, गुड्डी बिष्ट, कमलेश कुमार, नरेंद्र राम, बालादत्त काण्डपाल, अर्जुन बिष्ट, अर्जुन मस्यूनी, किशन बिष्ट, ममता मेहरा, हरेंद्र प्रसाद शैली, हेमा देवी, भगवान बिष्ट समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

भैसियाछाना ब्लॉक कार्यालय में पंचायत प्रतिनियों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन

धौलछीना : एक राज्य में एक चुनाव फॉर्मूले को लागू करने की मांग को लेकर भैसियाछाना ब्लॉक के पंचायत जनप्रतिनिधि मुखर हो गए है। सोमवार को जनप्रतिनिधियों ने विकासखंड कार्यकाल में सांकेतिक प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने एक राज्य एक चुनाव फॉर्मूले को लागू करने और पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने की मांग की। यहां प्रदर्शन करने और ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र सिंह मेहरा, ब्लॉक प्रमुख खुशबू पांडे, दीवान सिंह मेहता, गीता चम्याल, हरीश चम्याल, देवेंद्र सिंह कार्की, महेश बोरा, हेमा देवी, सुनीता देवी, हेमा देवी आदि लोग मौजूद रहे।

भैसियाछाना में सोमवार को बीडीओ को ज्ञापन सौंपते विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि।

बागेश्वर में भी एक राज्य-एक चुनाव की मांग को लेकर मुखर हुए पंचायत प्रतिनिधि

बागेश्वर : उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने एक देश एक चुनाव की भावनाओं के तहत एक राज्य- एक पंचायत चुनाव कराने की मांग की है। मांग के समर्थन में कपकोट विकास खंड के ग्राम प्रधानों ने यहां प्रदर्शन किया व पीएम व सीएम को ज्ञापन भेजकर कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। विकास खंड के ग्राम प्रधान सोमवार को विकास खंड कार्यालय में एकत्र हुए व प्रदर्शन करके दो साल का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग की। पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास खंड सभागार में आयोजित सभा में कहा कि कोविड काल के चलते ग्राम प्रधान अधिक कार्य नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि राज्य में हरिद्वार व अन्य जनपदों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। अन्य 12 जनपदों में चुनाव प्रस्तावित हैं। कहा कि एक ओर राष्टपति की अध्यक्षता में बनी कमेटी द्वारा एक देश-एक चुनाव पर अपनी सहमति व्यक्त कर दी है। ऐसे में राज्य में अलग-अलग जनपदों में चुनाव अलग तिथि को कराना प्रस्तावित किया जा रहा है। उन्होंने अन्य जनपदों में भी हरिद्वार के साथ ही चुनाव कराने की मांग की। इसके बाद खंड विकास अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर एक देश-एक चुनाव की भावना के तहत एक राज्य- एक चुनाव की मांग की। उन्होंने अनुरोध किया कि इस मामले में प्रदेश व केंद्र सरकार तुरंत पंचायत के हित में निर्णय लेते हुए निर्णय लें अन्यथा एक जुलाई से प्रदेश के सभी पंचायत प्रतिनिधि जिला मुख्यालय में आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान प्रधान गीता देवी, नीमा टम्टा, विनोद कुमार, जानकी देवी उपस्थित थे। ज्ञापन में जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव के भी हस्ताक्षर हैं।

रामगंगा नदी में डूबने से युवक की हुई मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

- भिकियासैंण के नजदीक केदार क्षेत्र में हुआ हादसा
- काशीपुर निवासी था युवक पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा

अमृत विचार : तहसील अंतर्गत केदार पुल के पास रामगंगा नदी में नहाते वक्त भंवर में फंस जाने से एक युवक की मौत हो गई है। नदी के आसपास मौजूद लोगों ने अचेत अवस्था में निकालकर उसको 108 एंबुलेंस से सीएचसी भिकियासैंण पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

चौकी प्रभारी भिकियासैण संजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया बीते रविवार देर शाम विशाल बडौला पुत्र चन्द्र प्रकाश उम्र 21 वर्ष निवासी सैनिक कालोनी काशीपुर जो द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिले के सिलसिले में गया था। वहां से वापस लौटते वक्त केदार पुल के पास रामगंगा नदी में नहाते वक्त विशाल अचानक नदी के भंवर में फंस गया। चीख-पुकार सुनकर नदी के आस-पास मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे नदी से निकालकर 108 की मदद से सीएचसी भिकियासैंण पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक चिकित्सालय रानीखेत भेज दिया है। पुलिस की सूचना पर परिवार जन भिकियासैण पहुंच गये।

राशन कार्ड धारकों का सत्यापन 15 जुलाई तक

अल्मोड़ा। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना व राज्य खाद्य योजना के जिन कार्ड धारकों के केवाईसी सत्यापन नहीं हुआ है। ऐसे राशन कार्ड धारकों की सूची संबंधित क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं को उपलब्ध करा दी गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि बताया कि राशन कार्ड धारक अपने उचित दर विक्रेताओं की दुकान पर संपर्क कर अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में 15 जुलाई, 2024 तक किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से जमा करवाते केवाईसी करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड की सत्यापन नहीं होने पर राशन कार्ड निरस्त हो जाने की दशा में समस्त उत्तरदायित्व स्वयं संबंधित राशन कार्डधारक का होगा।

मार्ग की मरम्मत को धरने पर डटे रहे लोग

आंदोलन

- सड़क सुधारीकरण की मांग को तीसरे दिन भी जारी रहा धरना
- जल्द सड़क में डामरीकरण नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : धार की तूनी से सांईबाबा मंदिर को जोड़ने वाली बदहाल हो चुकी सड़क के सुधारीकरण को स्थानीय लोग सोमवार को तीसरे दिन भी धरने में डटे रहे। इस दौरान धरना स्थल पर शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। क्षेत्र की उपेक्षा का भी आरोप लगाया।

जल्द सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि सीवर लाइन निर्माण के चलते लंबे समय से मार्ग बदहाल बना है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कहा कि शासन प्रशासन से पूर्व में भी कई बार सड़क के सुधारीकरण की मांग कर चुके है। लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे कई दोपहिया वाहन चालक भी गिरकर चोटिल हो गए है। लेकिन इसके बाद भी अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। जिससे लोगों में आक्रोश है। कहा कि अब मजबूरन धरना प्रर्दशन को बाध्य होना पड़ रहा है। इसके अलावा चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक पूरे मार्ग का सुधारीकरण कार्य पूरा नहीं होगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

अल्मोड़ा में सोमवार को रानीधारा सड़क सुधारीकरण की मांग को धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

ये लोग रहे मौजूद

विनय किरौला, डॉ. सैयद अली हामिद, सुजीत टम्टा, मनीष वर्मा, संजय बिष्ट, अजय पांडे, ऊषा उप्रेती, चंद्र शेखर, मीनू पंत, अर्चना पंत, नाएला अमान, नीमा पंत, गीता पंत, नरेंद्र द्रमवाल, पवन पंत, राहुल पंत, पंकज पंत, जीसी पंत, सुमित नज्जौन, कैलाश रौतेला, पंकज कुमार पंत आदि लोग मौजूद रहे।

दिल्ली जा रही बस में धुआं उठने से दशहत में आए यात्री

- स्टेशन से चार किमी चलने के बाद बस में आई खराबी

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

अमृत विचार : सोमवार को लोहाघाट से दिल्ली के लिए निकली रोडवेज की बस चार किमी की दूरी तय करने में ही हांफ गई। बस में एकाएक धुआं उठने से यात्री दशहत में आ गए। बस में आई खराबी के चलते यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया।

सोमवार को लोहाघाट से 18 यात्रियों को ले जाकर रोडवेज बस संख्या-यूके07, पीए-4219 दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। करीब चार किमी दूर मानेश्वर से पहले बस में एकाएक धुआं उठने लगा। जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। चालक ने बस को रोकने के बाद इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। चालक और परिचालक ने बताया कि लंबे समय से नए स्पेयर पार्ट्स नहीं मिल रहे हैं। कुछ पार्ट्स मिल भी रहे हैं तो वह लोकल हैं। जिससे दिक्कतें हो रही हैं। पार्ट्स में कमी और खराबी के कारण अधिकांश बसें बीच रास्ते में रुक रही हैं।

इधर रोडवेज लोहाघाट डिपो के एजीएम नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि बस में डीजल लीक हो रहा था। वर्कशाप से मैकेनिक बुलाकर खराबी को दूर किया गया। उन्होंने बताया कि बस में सवार सभी 18 यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य की ओर भेजा गया। आए दिन टनकपुर, लोहाघाट और पिथौरागढ़ डिपो की कई बसों में इस तरह की दिक्कत देखने को मिल रही है जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

सड़क पर खराब खड़ी हुई बस।

मंत्री रेखा आर्या चम्पावत में आज लेंगी बैठक

टनकपुर, अमृत विचार: महिला सशक्तीकरण और बाल विकास मंत्री एवं चम्पावत जनपद की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में मंगलवार को आज पूर्वान्ह 11 बजे से जिला कार्यालय सभागार चम्पावत में जिला नियोजन समिति (डीपीसी) की बैठक होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की जिला योजना की संरचना पर विचार विमर्श और अनुमोदन किया जाएगा। इस दौरान जिला योजना की संरचना और विकास कार्यों की भी समीक्षा होगी। डीएम नवनीत पांडेय ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

संवाददाता, अल्मोड़ा

आक्रोश

- केंद्र सरकार का पुतला फूंक दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग
- जल्द पेपर लीक मामले में कार्रवाई नहीं होने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

अमृत विचार : नीट और नेट पेपर लीक प्रकरण में दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने से यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता आक्रोशित है। सोमवार को मामले में शीघ्र दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने चौघानपाटा में प्रदर्शन किया। विरोध में केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आज बेरोजगार युवा पेपर ली होने से हताश और निराश है। कहा कि मेहनत करने के बाद युवा परीक्षा देता हैं, लेकिन परीक्षा के बाद पेपर लीक प्रकरणों से युवाओं में निराशा है। कहा कि भाजपा राज में छात्र अपना करियर बनाने के लिए पढ़ाई नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से लड़ाई लड़ने को मजबूर है। कहा कि हर बार चुप-चाप तमाशा देखने वाली सरकार पेपर लीक रैकेट और शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह से बेबस हैं। उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की भी मांग उठाई। चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो यूथ कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।

ये लोग रहे मौजूद

एनएसयूआई राष्ट्रीय संयोजक गोपाल भट्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जागेश्वर वीरेंद्र मलारा, राहुल खोलिया, अमित बिष्ट, गोविंद प्रसाद, रवी वाणी, गोलू सतवाल, कार्तिक कनवाल, अमित नेगी, मयंक कुमार, अमित कुमार, नवीन कुमार, विश्वास टम्टा, सुंदर सिंह, नारायण सिंह, दीपांशु महारा, विनोद जोशी, मनोज आर्या, आयुष सिंह, मनोज गैड़ा, रोहित मलारा, अशोक सिंह, मेघा सिंह, सुधीर कुमार व अन्य मौजूद रहे।

आज से बंद हो जाएगी पूर्णागिरि मेला ट्रेन

टनकपुर : सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले के दौरान तीन माह तक चली मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन मंगलवार को बंद हो जाएगा। मेला समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में आई गिरावट के कारण रेलवे ने मेला स्पेशल ट्रेन बंद करने का निर्णय लिया है।

रेलवे अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि टनकपुर से रात में नौ बजे बरेली के लिए जाने वाली ट्रेन का संचालन मंगलवार से बंद हो जाएगा। बताया कि पूर्णागिरि का सरकारी मेला समाप्त होने के बाद यात्रियों की संख्या में कमी के कारण ट्रेन का संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है। मेला लगभग तीन माह चला। सरकारी मेला बीते 15 जून को समाप्त हो गया था। जिसके बाद से श्रद्धालुओं की संख्या घट गई है।

अल्मोड़ा के कई मोहल्लों में पेयजल व्यवस्था चरमराई

- लंबे समय से बारिश नहीं होने से कोसी बैराज का पानी घटा
- नदी में पानी कम होने से शहर में तीसरे दिन मिल रहा पानी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मुख्यालय व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है। कहीं निर्धारित अवधि तक जलापूर्ति नहीं हो रही है तो कही एक दिन छोड़ कर लोगों को पेयजल उपलब्ध हो पा रहा है। ऐसे हालात में उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिले में लंबे समय से बारिश नहीं होने का असर कोसी बैराज में दिखने लगा है। दिनों दिन कोसी बैराज का जल स्तर घट रहा है। घटते जल स्तर के कारण नगर की पेयजल आपूर्ति इन दिनों चरमरा गई है। हालत यह है कि खत्याड़ी, चौघानपाटा, सेलाखोला, चौक बाजार, कचहरी बाजार, जिला पंचायत परिसर, जोशी खोला, विवेकानंदपुरी वार्ड, दुगालखोला, डुबकिया, नयालखोला, धारानौला में निर्धारित समयावधि और एक दिन छोड़कर पानी की जा रही है। वहीं, नलों में जरूरत के अनुसार पानी नहीं आने से लोग जैसे-तैसे नौलों व धारों से पानी की व्यवस्था कर रहे है।

कोसी बैराज के पानी पर एक लाख की आबादी निर्भर

अल्मोड़ा की लाइफ लाइन मानी जानी वाली कोसी नदी पर इन दिनों घटने जल स्तर ने चिंताए बढ़ा दी है। कोसी नदी से शहर समेत आसपास की एक लाख की आबादी निर्भर है। लेकिन दिनों पानी की कमी के चलते नगर के टैंकों में पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है। जिससे नगर के कई मोहल्लों में पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है।

> लंबे समय से बारिश नहीं होने से कोसी नदी का जल स्तर लगातार घट रहा है। जिसके चलते नगर के कई मोहल्लों में पानी की कटौती कर एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति की जा रही है। **-महेंद्र बिष्ट**, जेई जल संस्थान अल्मोड़ा।

विभाग ने मौनी, शीतलाखेत, दुगालखोला में बांटा पानी

अल्मोड़ा : नगर समेत ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। बीते कई माह से ग्रामीण टैंकरों के सहारे अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है। सोमवार को भी जल संस्थान ने विभिन्न विकासखंडों के जल संकट क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से लोगों को पानी बांटा। पेयजल संकट ने इन दिनों ग्रामीणों की समस्या को दोगुना कर दिया है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के सूखने से ग्रामीण टैंकरों के भरोसे अपनी प्यापस बुझा रहे है। वहीं, ग्रामीण दिनभर पानी की व्यवस्था में जुटे रहते हैं। सोमवार को जल संस्थान ने मोनी, नगरखान, जैंती, लमगड़ा, उडलगांव, पनुवानौला, भंडोली, गुरना, ध्याड़ी, चनोली, गेरचोना, घनेली, हवालबाग, शीतलाखेत, बल्टा, डीनापानी, भेटुली, कालीमठ, कसारदेवी समेत कई जल संकट वालें ग्रामीण इलाकों में टैंकर और पिकअप से लोगों को पानी बांटा गया।

जल संस्थान पर बजाया कनस्तर

- महनरबूंगा के चार दर्जन से अधिक परिवार पेयजल संकट से परेशान

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गांव महनरबूंगा के चार दर्जन से अधिक परिवार पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। सरयू नदी के किनारे बसे इस गांव में पानी की योजना न होने के कारण ग्रामीण सरयू से पानी ढो रहे हैं।

परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को जल संस्थान के कार्यालय में कनस्तर बजाकर प्रदर्शन किया। कहा कि यदि जल संस्थान की नींद नहीं खुली तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। नगर पालिका के अंतर्गत वैणीमाधव वार्ड के मेहनरबूंगा के नागरिक सोमवार को जल संस्थान कार्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने कनस्तर बजाकर प्रदर्शन किया तथा विभाग समेत शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीण एक किमी पैदल चलकर रात में माघ के धारे से पानी ढो रहे हैं। रास्ते में गुलदार दिखाई देता है जिससे खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के लिए जल जीवन मिशन योजना से पूर्व मेहनरबूंगा में पानी आता था परंतु नगर पालिका में शामिल होने व योजना के जल संस्थान के अधीन होने के बाद पानी की किल्लत शुरू हो गई है। उन्होंने पूर्व में एससीपी के तहत पेयजल योजना के लिए टेंक का निर्माण का प्रस्ताव भेजा था परंतु अब तक इसका धन स्वीकृत नहीं किया है। उन्होंने क्षेत्र की पेयजल किल्लत दूर किए जाने की मांग की तथा चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मांग न मानी गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान अर्जुन देव, चनर राम, रीता देवी, मनोज कुमार, ममता देवी, हेमा देवी, किशन राम, देवेंद्र कुमार, जीवन लाल, अनिल, नीरज कुमार, सुरेश चंद्र आदि उपस्थित थे।

वाणी संयमित हो तो शत्रु भी बन जाते हैं अच्छे मित्र

- सूराकोट के भगवती मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा का पारायण

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार: बाराकोट ब्लाक के सूराकोट के मां भगवती मंदिर में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा का यज्ञ और भंडारे के साथ पारायण हो गया है। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व पूजा-अर्चना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

अंतिम दिन कथा वाचन करते हुए व्यास प्रकाश कृष्ण शास्त्री ने कहा कि वाणी ही व्यक्ति के व्यक्तित्व को दर्शाती है, इसलिए हमें अपनी वाणी को संयमित रखना चाहिए। संत की वाणी प्रेम की वाणी होती है। प्रेम पूर्ण वाणी से शत्रु भी मित्र बन जाते हैं। शांत वाणी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कराती है। जबकि क्रोध में मनुष्य का विवेक नष्ट हो जाता है।

प्रकाश कृष्ण शास्त्री।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को सत मार्ग पर चलकर नवयुग का निर्माण करना चाहिए। कथा में केवल बैठने से पुण्य प्राप्त नहीं होता, उस पर मनन करने की आवश्यकता होती है। कथा के सफल संचालन और आयोजन में सहयोग देने के लिए आयोजक भुवन नाथ, पुष्कर नाथ, दिनेश नाथ, हरीश नाथ, कैलाश नाथ, दयाल नाथ, गंगा नाथ आदि ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1115 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5600 मसूरी- 4800 बासमती- 9500 परमल- 3800 दाल दलहन :काला चना- 7400-7700 साबुत चना दाल- 7000-7600 मूंग साबुत- 10300-10500 राजमा- 11400-17000 दाल उड़द- 10700-11200 साबुत मसूर दाल- 7400 मसूर दाल- 7500-8500 उड़द साबुत- 11600-12000 काबुली चना- 11800-12700 अरहर दाल- 16500-17000 लोबिया/करमानी- 8400-8700 सोयाबीन- 4200 मूंगफली- 10500-11500 मटर (सूखी)- 5000-5300 मक्का- 2000-3000

श्रम संगठनों के साथ बजट से पहले चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने सुझाव रखे

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर श्रम संघों और श्रमिक संगठनों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ ही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे

● वित्त और राजस्व सचिवों, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार बैठक में हुए शामिल

अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा चरण 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चल सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा।

वित्त मंत्रालय की आज बैंक प्रमुखों के साथ बैठक

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने पीएम विश्वकर्मा, जन सुरक्षा और मुद्रा योजना सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) प्रमुखों की बैठक बुलाई है। अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी करेंगे। बैठक में पीएम विश्वकर्मा, स्टैंडअप इंडिया, पीएम स्वनिधि और अन्य कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वित्तीय समावेशन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल सितंबर में पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत शिल्पकारों और कारीगरों को बिना गारंटी न्यूनतम ब्याज दर पर कर्ज दी जाती है। पांच साल के लिए 13,000 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ शुरू की गई इस योजना से बुनकर, सुनार, लोहार, कपड़े धोने वाले श्रमिक और नाई सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

इन योजनाओं की बैठक में होगी समीक्षा

पीएम जनधन योजना, पीएमजेडीवाई के तहत निष्क्रिय खातों और रुपे कार्ड जारी करने की स्थिति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के उन लोगों को, जिनके पास बैंक या डाकघर खाता है, किसी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 18-70 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को दुर्घटना मृत्यु या विकलांगता के लिए दो लाख और आंशिक विकलांगता के लिए एक लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। बैंकों ने 7 साल में स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत 1.80 लाख से अधिक को 40,700 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। इस योजना को अब बढ़ाकर 2025 तक कर दिया गया है।

मार्च तिमाही में चालू खाता 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के चालू खाते में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति रही जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.6% है। आरबीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन में विकास पर कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में चालू खाता में 1.3 अरब डॉलर के घाटे की स्थिति थी जो जीडीपी का 0.2%थी। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 8.7 अरब डॉलर का घाटा रहा था जो जीडीपी का 1% था। मार्च तिमाही के आंकड़े के साथ ही 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा 23.2 अरब डॉलर पर आ गया जो जीडीपी का 0.7% है। 2022-23 में चालू खाते का घाटा 67 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 2% था। पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा 50.9 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 52.6 अरब डॉलर से कम

● 4.1% वृद्धि से शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले 39.1 अरब डॉलर से अधिक है

है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस खंड में 4.1% वृद्धि होने से देश की शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले के 39.1 अरब डॉलर से अधिक है। इससे चालू खाते को अधिशेष की स्थिति में लाने में मदद मिली। आरबीआई के मुताबिक, प्राथमिक आय खाते पर शुद्ध बर्हप्रवाह, जो मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को दर्शाता है, एक साल पहले के 12.6 अरब डॉलर से बढ़कर 14.8 अरब डॉलर हो गया। विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन को दर्शाने वाली निजी हस्तांतरण प्राप्तियां 11.9% बढ़कर 32 अरब डॉलर हो गईं। में यह 3.6 अरब डॉलर थी। 2023-24 की में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश दो अरब डॉलर था, जबकि एक साल पहले यह 6.4 अरब डॉलर था।

पेटीएम ने हवाई यात्रा के लिए बुकिंग में 19% की वृद्धि दर्ज की

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में हवाई यात्रा के लिए बुकिंग में सालाना आधार पर 19% की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी।

पेटीएम का यात्रा के लिए टिकट बुकिंग कारोबार विपणन सेवा खंड के तहत आता है। कंपनी के टिकट बुकिंग का राजस्व मार्च 2024 की तिमाही में सालाना आधार पर 1% बढ़कर 395 करोड़ हो गया है। कंपनी ने कहा कि 2023-24 की चौथी तिमाही में पेटीएम ने ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर के बीच बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी को कायम रखा है। कंपनी ने उड़ान बुकिंग में 19% की वृद्धि दर्ज की है जो उद्योग की 3% की वृद्धि से कहीं अधिक है। पेटीएम के विपणन सेवा कारोबार में मुख्य रूप से टिकट बुकिंग (यात्रा, फिल्म या किसी कार्यक्रम के टिकट), विज्ञापन, क्रेडिट कार्ड मार्केटिंग और गिफ्ट वाउचर आते हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	91150
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73800
गिन्नी (प्रति नग)	55000-55200
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,550
सोना रवा	72,400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	90,5000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71400
सिल्वर (पक्की)	888 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,675
चांदी आभूषण	90,100

एसएंडपी ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर रखा कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

● ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में आएगी कमी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर कायम रखते हुए कहा है कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी।

एशिया प्रशांत के लिए सोमवार को जारी आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है और 2023-24 में यह 8.2% की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ने कहा df हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर घटकर 6.8% पर आ जाएगी। एसएंडपी का अनुमान है कि 2025-26 और 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 6.9 और 7% की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए एसएंडपी का वृद्धि दर का अनुमान आरबीआई के अनुमान से कम है। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2%की दर से बढ़ेगी।

गेहूं भंडारण सीमा तय, आयात शुल्क घटाने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इसका मकसद जमाखोरी रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी पर विचार हो सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40% आयात शुल्क है।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और जमाखोरी रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। चोपड़ा ने कहा कि हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें। पिछले हफ्ते केंद्र

● कीमतों को नियंत्रित करने व जमाखोरी रोकने के लिए लिया गया निर्णय : केंद्रीय खाद्य सचिव

ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि उनके पास मौजूद स्टॉक तय सीमा से अधिक है तो उन्हें अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों में इसे तय सीमा तक लाना होगा।

लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है। इस महीने की शुरुआत में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने तीसरे अनुमान में फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं उत्पादन को संशोधित कर रिकॉर्ड 11 करोड़ 29.2 लाख टन कर दिया।

राष्ट्रीय

10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए मोदी : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री आज ज्यादा बोले, इसे कहते हैं रस्सी जल गई, बल नहीं गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है।

उन्होंने कहा कि देश को उम्मीद थी कि संसद सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे, लेकिन उन्होंने मौन साध लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को लोकतंत्र पर लगा काला धब्बा करार देते हुए सोमवार को कहा कि इसकी 50वीं बरसी पर देशवासी यह संकल्प लें

● प्रधानमंत्री मोदी ने नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक पर मौन साध लिया

कि फिर कभी कोई ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नहीं करे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र पर संसद परिसर में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा किप्रधानमंत्री मोदी अपने रस्मी संबोधन में आज ज़रुरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। उन्होंने कहा कि देश को आशा थी कि मोदी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे। नीट व अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बारे में युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, पर उन्होंने अपनी सरकार की धांधली व भ्रष्टाचार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं ली। हाल ही में हुई पश्चिम बंगाल की रेल दुर्घटना के बारे में भी मोदी मौन रहे। मणिपुर 13 महीनों से हिंसा की चपेट में है पर मोदी न वहां गए और ना कोई चिंता व्यक्त की है। असम व पूर्वोत्तर में बाढ़ हो, महंगाई हो, रुपये का गिरना हो, एग्जिट पोल-स्टॉक बाजार घोटाला हो, जातिगत जनगणना पर भी मोदी बिलकुल चुप थे। उन्होंने कहा कि मोदी विपक्ष को नसीहत दे रहे हैं।

इंडिया समूह ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होते ही इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान अखिलेश यादव और डिंपल यादव समेत सपा के कई नेता भी संविधान की प्रति लेकर संसद पहुंचे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब सोमवार और मंगलवार को नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाएंगे।

भाजपा को कोई समर्थन नहीं : पटनायक

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के सत्र के दौरान जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने को भी कहा। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि इस बार बीजद सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक सीमित नहीं रहेंगे, अगर ओडिशा के हितों की अनदेखी होती है तो वह आंदोलन करने के लिए दृढ़ हैं।

तमिलनाडु शराब हादसे पर खरगे को नड्डा ने लिखा पत्र, कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। नड्डा ने लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु शराब त्रासदी मानव जनित आपदा है और अगर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की सरकार और माफिया के बीच सांठगांठ नहीं होती तो 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

नड्डा ने कहा कि शराब त्रासदी के बाद करुणापुरम गांव में जलती चिताओं की भयावह तस्वीरों ने देश को झकझोर दिया है। मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध रखी है। नड्डा ने खरगे से कहा कि वह सीबीआई जांच और राज्य के मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री एस मुथुसामी को उनके पद से तत्काल हटाने का अनुरोध करें।

शराब कांड की सीबीआई से कराएं जांच : भाजपा

चेन्नई। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की अगुवाई में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल आरएन रवि से भेंटकर उनसे 53 लोगों की जान लेने वाली कल्लाकुरिचि अवैध शराब त्रासदी की सीबीआई जांच की मांग की। अन्नामलाई ने एक्स पर दावा किया कि इस त्रासदी से 60 लोगों की जान गयी है। उन्होंने मद्यनिषेध एवं आबकारी विभाग के मंत्री एस मुथुस्वामी को इस प्रकरण के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए रवि से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का निर्देश देने की भी अपील की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौंदर्यराजन भी थीं।

शराब त्रासदी के खिलाफ अन्नाद्रमुक का प्रदर्शन

तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने जहरीली शराब पीने से लोगों के मारे जाने के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सीबीआई जांच और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से इस्तीफे की मांग की। विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ काली शर्ट पहनकर कल्लाकुरिची में विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

एक नजर

टॉय ट्रेन का डिब्बा पलटने से बच्चे की मौत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के मॉल में टॉय ट्रेन का डिब्बा पलट जाने से उसमें सवार 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात एलांटे मॉल में हुई, जहां पंजाब के नवांशहर के बलाचौर से यह बच्चा परिवार के साथ घूमने आया था। घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है। शहबाज आखिरी डिब्बे में बैठा था, जो टॉय ट्रेन के मुड़ने ये पलट गया, जिससे लड़के के सिर में चोटें आईं। उसको सेक्टर-32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

एक नक्सली गिरफ्तार

गया। बिहार में गया जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्य गोरेलाल रवानी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने सोमवार को यहां बताया कि 14 जून को जिले के कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में पूर्व नक्सली की हत्या की गई थी। इसके बाद कोंच थाना में प्राथमिक भी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में गया पुलिस, औरंगाबाद पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पूर्व में चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। गोरेलाल रवानी भी उक्त हत्याकांड में शामिल था, जो कुछ माह पहले ही जेल से छूटा था।

वीवीआईपी के लिए फुटपाथ खाली कराते हैं तो सबके लिए क्यों नहीं

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। कोर्ट ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ ने सोमवार को कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। पीठ ने इस मुद्दे पर

● चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार: बंबई हाईकोर्ट

कार्रवाई का आह्वान किया।

अदालत ने कहा, जब प्रधानमंत्री या वीवीआईपी आते हैं तो सड़कें और फुटपाथ साफ कर दिए जाते हैं और जब तक वे रहते हैं, तब तक ऐसा रहता है। तब यह कैसे हो जाता है? यह बाकी लोगों के लिए क्यों नहीं हो जा सकता? नागरिक कर देते हैं, उन्हें साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित जगह की जरूरत है जो मौलिक अधिकार है।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वरिष्ठ वकील एसयू कामदार ने कहा कि ऐसे रेहड़ीवालों और फेरीवालों पर समय-समय पर कार्रवाई होती है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीएमसी भूमिगत बाजार के विकल्प पर भी विचार कर रही है। अदालत मामले पर अगली सुनवाई 22 जुलाई को करेगी।

फैशन डिजाइनर को धमकियां मिलने पर मिली सुरक्षा

वडोदरा (गुजरात), एजेंसी

वडोदरा की फैशन डिजाइनर को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में योग करने के बाद जान से मारने की धमकियां मिलने पर पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई है।

फैशन डिजाइनर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अर्चना मकवाना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन किया और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर

स्वर्ण मंदिर में योग

पोस्ट कर दीं। इसके बाद मकवाना को मारने की धमकियां भी मिलीं। मकवाना ने इसके लिए माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का नहीं था। पंजाब पुलिस ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की शिकायत पर रविवार को मकवाना के खिलाफ मामला दर्ज किया। शीर्ष गुरुद्वारा संस्था ने अपने तीन कर्मचारियों को लापरवाही पर निलंबित कर दिया है। वडोदरा पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मकवाना को रविवार से एक हफ्ते की अवधि के लिए पुलिस सुरक्षा दी गई है जिसे जरूरत पर बढ़ाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीरों को मकवाना हटा दिया और एक वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी। मकवाना ने कहा कि उन्होंने एकता तथा फिटनेस का संदेश फैलाने के लिए पवित्र स्थल पर योग किया।

बिल्ली के बच्चे को ऊंची इमारत से फेंकने वाले के खिलाफ केस

कोलकाता। कोलकाता में ऊंची इमारत में अपने अपार्टमेंट से कथित रूप से बिल्ली के बच्चे को फेंककर उसे मारने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोलकाता के टांगरा पुलिस स्टेशन में आरोपी की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। पशुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था पीपल फोर एथिकल ट्रीटमेंट आफ एनीमल्स (पेटा) के बयान के अनुसार आरोपी की पत्नी फबीहा हाशमी ने दर्ज शिकायत में पुलिस को बताया है कि घरेलू झगड़े के दौरान गुस्से में आकर आरोपी ने बिल्ली के बच्चे को 13वीं मंजिल पर स्थित अपार्टमेंट की खिड़की से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच जारी रहेगी।

असम के मोरीगांव में सरकारी भूमि से 1,500 परिवार बेदखल

मोरीगांव (असम), एजेंसी

● वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे लोगों को खाली करने के लिए प्रशासन ने कहा

असम के मोरीगांव जिले में वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे 1,500 परिवारों को यह क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया है। जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने सोमवार को बताया कि 10,000 लोगों के ये परिवार जागीरोड के सिलभंगा गांव में सरकारी जमीन पर बस हैं। इस क्षेत्र के लोगों को 12 जून को नोटिस दिया गया था, जिसमें लोगों को 10 दिन में जमीन खाली करने के लिए कहा गया है। अधिकतर परिवारों ने इस आदेश का पालन किया है। देवाशीष शर्मा ने बताया कि इनमें से कुछ परिवार के बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, जिसके लिए उन्होंने समय मांगा है। मानवीय व्यवहार के तौर पर हमने परीक्षा खत्म होने तक उनके रहने का इंतजाम करने का फैसला किया है।

जिला आयुक्त ने कहा कि प्रशासन इस जमीन को बल प्रयोग और ध्वस्त किए बगैर खाली कराने के लिए काम कर रही है। लोग ऐसा करने के लिए सहमत हैं। उनमें से 80 प्रतिशत लोगों ने पहले कब्जा की गई भूमि से अपना सामान हटा लिया है।

मार्च के दौरान दो दर्जन छात्र पुलिस हिरासत में

नीट-यूजी, यूजीसी-नेट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी में अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के खिलाफ सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कुछ कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के थे। एनएसयूआई ने संसद तक जुलूस निकालने की योजना बनाई थी। छात्र तख्तियां और एनएसयूआई के झंडे लेकर जंतर-मंतर पर छात्र संसद घेराव के लिए एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन से पहले पुलिस ने छात्रों को जुलूस निकालने से रोकने के लिए इलाके में बैरिकेड लगा दिए। मौके पर अर्धसैनिक बलों सहित दिल्ली पुलिस तैनाती थी। प्रदर्शन के दृश्यों के अनुसार कुछ छात्रों ने बैरिकेड को पार करने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि चूंकि मार्च के लिए अनुमति नहीं दी गई थी, इसलिए पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर विभिन्न थानों में ले गई। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि इस तरह के जुलूस को निकालने की अनुमति नहीं दी गई है और ऐसा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

परीक्षा रद करने वाली याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट)-स्नातक में अनियमितताओं के बीच परीक्षा को रद करने संबंधी याचिकाओं पर सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। मामले की सुनवाई 10 जुलाई को होगी। उच्चतम न्यायालय में आठ जुलाई को नीट-स्नातक परीक्षा 2024 को रद करने और अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई होनी है, जिसके दो दिन बाद राजस्थान हाईकोर्ट इस पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अशोक जैन ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं के वकील रामप्रताप सैनी ने बताया कि अदालत ने मामले पर 10 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की है। दिन के समय उच्च न्यायालय में चार याचिकाओं पर सुनवाई हुई।



वेस्टइंडीज को बाहर करके अफ्रीका सेमीफाइनल में

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम से तीन विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और कप्तान एडन मार्कराम (28 रन देकर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था।

खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। उसने सुपर-8 में अपने तीनों मैच जीते और ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंडरिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे। बारिश थमने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो मार्कराम (18), ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंदों में 29 रन) और हेनरिक क्लासेन (10 गेंदों में 22 रन) ने जिम्मेदारी संभाली।

चेज ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन उनका यह ऑलराउंड प्रदर्शन भी वेस्टइंडीज को जीत दिलाने में नाकाम रहा।



दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज तबरेज शम्सी विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप

- **डकवर्थ लुईस के नियम से दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज को तीन विकेट से हराया**

नयी टीम दबाव से पार पाना जानती है : शम्सी

नॉर्थ साउंड। लंबे समय से 'चोकर्स' का ठप्पा झेल रही दक्षिण अफ्रीका टीम के स्पिनर तबरेज शम्सी ने कहा कि 'नयी दक्षिण अफ्रीका' टीम ने इस टी-20 विश्व कप में दबाव का सामना बखूबी किया है। एडेन मार्क्रम की टीम टूर्नामेंट में अपराजेय रही है जबकि लगभग सभी मैचों में उसने करीबी जीत दर्ज की है। दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से, बांग्लादेश को चार रन से और इंग्लैंड को सात रन से हराया। रविवार को उसने मेजबान वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शम्सी ने मैच के बाद कहा कि कई मैच काफी करीबी रहे जो नहीं होने चाहिये थे। लेकिन खुशी की बात यह है कि यह नयी दक्षिण अफ्रीका टीम है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकती।

03 विकेट लेकर 27 रन देने वाले तबरेज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

22 रन की पारी तूफानी पारी खेली हेनरिक क्लासेन ने

06 अंकों के साथ अफ्रीका ग्रुप-2 में पहले नंबर पर

52 रन की पारी खेली वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ने

81 रन की शानदार साझेदारी की वेस्टइंडीज के काइल मेयर्स और रोस्टन ने

सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप-1

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
भारत	2	2	0	4	2.425
ऑस्ट्रेलिया	2	1	1	2	0.223
अफगानिस्तान	2	1	1	2	-0.650
बंगलादेश	2	0	2	0	-2.489

ग्रुप-2

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
दक्षिण अफ्रीका	3	3	0	6	0.599
इंग्लैंड	3	2	1	4	1.992
वेस्टइंडीज	3	1	2	2	0.963
अमेरिका	3	0	3	0	-3.906

खेल डायरी

अदिति व दीक्षा ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिया। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए टिकट पहले ही पक्का कर चुके हैं। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा दूसरी बार तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे।

सिनर ने ग्रास कोर्ट पर पहला खिताब जीता

हाले (जर्मनी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6(8), 7-6(2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा कि मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।

पेगुला ने पांच मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता

बर्लिन। जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7(0), 6-4, 7-6(3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और करियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है। ग्रास कोर्ट पर अपने करियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा कि मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया।

श्रीलंका महिला टीम ने विंडीज को चार विकेट से हराया

हंबनटोटा। अटापट्टू 4 व प्रियदर्शनी के 3 विकेट लेने के बाद विशमी गुणरत्ने (35) तथा हर्षिता (35) की उम्दा पारियों के दम पर श्रीलंका की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में विंडीज को चार विकेट से हराया। श्रीलंका ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। यहां राजपक्षे स्टेडियम में श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर विंडीज को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। विंडीज टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान हेले मैथ्यूज (30), आलियाह 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम ने 18.4 ओवर में छह विकेट पर 137 रन बना लिए थे।

रोहित ने कंगारुओं को किया हिट

शर्मा सबसे तेज शतक लगाने के रिकॉर्ड से चूके, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 206 रन का लक्ष्य

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप-एक के मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट पर 205 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 206 रन बनाने होंगे। भारतीय टीम ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया है।

वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 92 रन की पारी खेली। वे टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज सेंचुरी लगाने से चूक गए, हालांकि सबसे तेज हाफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने 41 गेंदों पर 92 रन पूरे किए। 7 चौके और 8 सिक्स मारे और 224 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। एक वक्त उनका स्ट्राइक रेट 300 तक पहुंच गया था।

इसके बाद सूर्यकुमार (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (27) ने टीम का स्कोर 205 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने 4 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और एक विकेट लिया। हेजलवुड के अलावा हर बॉलर ने अपने ओवर्स में 10 से ज्यादा रन दिए।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर कहा कि यह क्वार्टर फाइनल है, इसे लेकर उत्सुक हूं। भारत के खिलाफ चुनौती बड़ी है। हम पहले भी इस स्थिति में आ चुके हैं, अब हर मैच जीतना जरूरी है। टीम एक बदलाव है एगर की जगह स्टार्क आए हैं। वहीं, इस बार भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का क्षेत्ररक्षण बहुत ही खराब रहा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने कई सारे कैच छोड़े है।

92 रन की तूफानी पारी में रोहित ने 41 गेंदों की मदद से 8 छक्के और 7 चौके जड़े

टी-20 विश्वकप में रोहित का सर्वोच्च स्कोर

92 बनाम ऑस्ट्रेलिया	ग्रोस आइलेट (2024)
79* बनाम ऑस्ट्रेलिया	ब्रिजटाउन (2010)
74 बनाम अफगानिस्तान	अबु धाबी (2021)
62* बनाम वेस्टइंडीज	मीरपुर (2014)

टी-20 विश्व कप में भारत के लिए बड़ी पारी

101 सुरेश रैना बनाम साउथ अफ्रीका ग्रॉस, आइलेट (2010)
92 रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया ग्रॉस, आइलेट (2024)
89* विराट कोहली बनाम वेस्टइंडीज, वानखेड़े (2016)
82* विराट कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया, मोहाली (2022)
82* विराट कोहली बनाम पाकिस्तान, मेलबर्न (2022)

गेंदबाजी करना चाहता था मैं

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का कहना कि हम भी पहले गेंदबाजी करते। हम स्कोर का पीछा करना चाहते थे। हम जानते हैं कि हम वास्तव में क्या कर रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करेंगे। मुझे उम्मीद है कि इसमें ज्यादा बदलाव नहीं आएगा। उम्मीद है कि यह एक और ऐसा मैच होगा जिसमें हम अच्छा करेंगे। इस टूर्नामेंट में हर मैच अहम है। हम सेम टीम के साथ खेल रहे हैं। रोहित का कहना है कि विराट इस मैच में कुछ खास करेंगे हर बार की तरह इस बार ऐसा नहीं होगा।

स्कोर बोर्ड

भारत 205/5 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा बोल्ड मिचेल स्टार्क	92	41	7/8
विराट कोहली कैच डेविड बो जोश	0	5	0/0
ऋषभ पंत कैच जोश बो स्टोइनिस	15	14	1/1
सूर्यकुमार यादव कैच वेड बो स्टार्क	31	16	3/2
शिवम दुबे कैच वॉर्नर बो स्टोइनिस	28	22	2/1
हार्दिक पंड्या नाबाद	27	17	1/2
रवींद्र जडेजा नाबाद	9	5	0/1

अतिरिक्त -06 रन, **विकेट पतन :** 1-6, 2-93, 3-127, 4-159, 5-194,
गेंदबाज : मिचेल स्टार्क 4-0-45-2, जोश हेजलवुड 4-0-14-1, पैट कमिंस 4-0-48-0, एडम जम्पा 4-0-41-0, मार्कस स्टोइनिस 4-0-56-2।

भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमें पेरिस ओलंपिक में

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया।

भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा।

ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।

भारतीय टीम :
पुरुष : तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव।
महिला : दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत।

बांग्लादेश रोक सकता है अफगान का सफर

किंग्सटाउन, एजेंसी

पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है।

टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है और अफगानिस्तान इन दोनों से बांग्लादेश के खिलाफ भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

टीमें : अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़, इब्राहिम ज़द्रन, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, नजीबुल्लाह ज़दरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हज़रतुल्लाह ज़ज़ई, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फ़ज़लहक फ़ारूकी, फ़रीद अहमद मलिक।

बांग्लादेश : तनजीद हसन, लिटन दास, नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तनजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान, जैकर अली, तनवीर इस्लाम, शोरफुल इस्लाम, सौम्या सरकार।

मैच भारतीय समयानुसार आज सुबह 6 बजे शुरू होगा।

सफलता की नई कहानी लिख रही अफगानी टीम

नयी दिल्ली, एजेंसी। युद्ध की तबाही, बुनियादी ढांचे की कमी और अपना कोई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नहीं होने के बाद भी अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व में सुपर आठ में जगह पक्की करने के बाद सेमीफाइनल की दावेदारी में बनी हुई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड 1995 में अस्तित्व में आया था।

यह देश 2001 में आईसीसी का संबद्ध सदस्य बना और इसके एक दशक बाद उसे टेस्ट खेलने का दर्जा मिला। अफगान 2017 से आईसीसी का पूर्ण सदस्य है। टीम ने टी20 विश्व कप में टीम ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से शिकस्त देकर सुपर आठ चरण में जगह पक्की की। सुपर आठ में उसने 2021 की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए गिल कप्तान

नयी दिल्ली, एजेंसी

युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिये पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और बुमराह को आराम दिया गया है।

जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा, जिसमें पांच टी-20 मैच खेले जायेंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप में शामिल संजू और यशस्वी को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली। गिल और आवेश टी-20 विश्व कप में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें ग्रुप चरण के मैचों के बाद रिलीज कर दिया गया। नये खिलाड़ियों में अभिषेक और पराग ने आईपीएल के इस सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की। पंजाब के बल्लेबाज अभिषेक ने आईपीएल में हैदराबाद के लिये खेलते हुए 484 रन बनाये जबकि राजस्थान के पराग ने 573 रन जोड़े।

टीम : शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

भारत की अगुआई करेगी त्रीशा और गायत्री की जोड़ी

विश्व टूर बैडमिंटन

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में मंगलवार से यहां शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी।

मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है जहां उनका सामना सेई पेई शेन और हंग एन-जू की चीनी ताइपे की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

ओलंपिक में एक महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में पेरिस जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधू, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल टीम ने टूर्नामेंट में नहीं खेलने का फैसला किया है।

जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), एजेंसी। निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली। फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी।

गोल करने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी हुए। ● एजेंसी

डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी की अहम भूमिका

नयी दिल्ली। ज्योति चौहान, एमके काशमीना और किरण पिस्दा की भारतीय तिकड़ी ने जेडएनके डिनामो जगरेब को क्रोएशियाई महिला फुटबॉल कप दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह इस क्लब का क्रोएशिया के शीर्ष स्तर के महिला फुटबॉल का पहला बड़ा खिताब है। मणिपुर की 25 साल की कशमीना ने 19 बार की चैंपियन टीम ओसिजेक के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूट ऑफ के आखिरी मौके को गोल में बदल कर टीम को 5-4 से जीत दिलायी। डिनामो जगरेब ने पिछले दो सत्र में चार भारतीय खिलाड़ियों को मौका दिया है जिसमें ज्योति और सौम्या गुगुलोथ 2022 में इस टीम से जुड़ी थी जबकि किरण और कशमीना बाद भी यहां आयी।

उरुग्वे ने जीत से अपना अभियान शुरू किया

मियामी गार्डन्स, एजेंसी

कोपा कप

- **ग्रुप-सी में पनामा को 3-1 से दी करारी शिकस्त**
- **उरुग्वे की टीम लुईस सुआरेज के बिना उतरी थी मैदान पर**

उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप-सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी।

मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया। इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की

दुबई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की
- दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच बहुआयामी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें अभी संभावनाओं को तलाशा नहीं गया है।

रविवार को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर आए जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की। उन्होंने अल नाहयान से मुलाकात से पहले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने बहुआयामी भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने वाणिज्यिक व आर्थिक सहयोग, फिनटेक, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी। दोनों मंत्रियों ने और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा कीए जिनमें अभी तक संभावनाएं तलाशी नहीं गयी हैं और उन्होंने क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए।

यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल पर राजदूत तलब

मास्को, एजेंसी

- रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजदूत से विरोध दर्ज कराया

रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर यूक्रेन के हमले में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल को लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोमवार को अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के युद्ध में प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है और निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई की जाएगी। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि रविवार के हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे, जो क्रीमिया के बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के तटीय क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा दागी गईं मिसाइलों के मलबे की चपेट में आ गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमलों में क्लस्टर हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि लड़ाकों की तुलना में आम नागरिकों को इससे ज्यादा नुकसान होता है। रूस ने कहा कि ये मिसाइलें अमेरिका में बनी एटीएसीएमएस थीं, जो लंबी दूरी की निर्देशित मिसाइल है। रूस ने अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को विदेश मंत्रालय में तलब किया।

द.कोरिया में लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री में आग, 16 की मौत

सियोल, एजेंसी

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार को आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्ट्री की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं, जिनमें चीनी नागरिक शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्ट्री की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैटरियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया, जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी। किम ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग।

एक नजर

अमेरिका में रैपर चार्ल्स की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन। अमेरिका के रैपर चार्ल्स जोन्स की गोली मारकर हत्या कर दिये जाने की घटना सामने आयी है। जोन्स के वकील ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रैपर की 26वें जन्मदिन के दो दिन बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को टाम्पा शहर के एक होटल में रविवार को गोलीबारी की सूचना मिली।घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें पार्किंग में गोलियों से छलनी दो गाड़ियां मिलीं। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में जोन्स की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

राजकुमारी एनी को मामूली चोट लगी

लंदन। गैटकोम्ब पार्क एस्टेट में रविवार को हुई एक घटना में राजकुमारी एनी को मामूली चोट और सिर में चोट आयी है। यह जानकारी बकिंघम पैलेस ने दी। ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की 73 वर्षीय बहन एनी को एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को एक बयान में कहा, चार्ल्स को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने पूरे शाही परिवार के साथ मिलकर राजकुमारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। बयान में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है।

उ. कोरिया ने सियोल की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े

सियोल। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े हैं, जिन पर संभवत: कचरा रखा हुआ है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि गुब्बारे दक्षिण (कोरिया) की ओर बढ़ रहे हैं। बयान में, दक्षिण कोरिया के लोगों से इन गुब्बारों को न छूने की अपील की गई है तथा इस बारे में सेना और पुलिस अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया है।

पश्चिमी जापान में भूस्खलन की चेतावनी

टोक्यो। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को कहा कि मंगलवार तक पश्चिमी जापान में गरज के साथ अतिवृष्टि होने का आसार है, जिससे भूस्खलन के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। मौसम एजेंसी ने कहा कि गर्म और नम हवाएं पश्चिमी जापान में मौसमी बारिश की संभावनाएं बना रही हैं, जिसने इस क्षेत्र में वायुमंडलीय स्थितियां बहुत अस्थिर बना दी हैं।

रूस आतंकवादी हमले में 15 पुलिस अधिकारी समेत 19 लोगों की मौत

रविवार शाम बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में गोलीबारी की थी

मॉस्को, एजेंसी

- आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिसकर्मियों ने मार गिराया
- राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि बंदूकधारियों की पहचान कर ली गई है

रूस के दागेस्तान में आतंकवादी हमले में 19 लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में 15 पुलिस अधिकारी और एक पादरी और चार नागरिक हैं। आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिस ने मार गिराया है। रूस की जांच समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी।

रविवार शाम को अज्ञात बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में दो चर्चों, एक आराधनालय और एक यातायात थाना पर गोलीबारी की जिससे अधिकारियों को आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करना पड़ा। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि ऑपरेशन पूरा हो गया है। समिति ने एक बयान में कहा, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, 15 पुलिस अधिकारी मारे गए। साथ ही एक रूढ़िवादी पादरी सहित चार नागरिक मारे गए। इसके अतिरिक्त, आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को मार गिराया गया है। बयान में कहा गया है कि उनकी पहचान कर ली गई है।

हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरुआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया। वहीं हमलावरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया।

खबर के मुताबिक आतंकी हमले के बाद यहूदियों के धर्मस्थल की एक मंजिल पर बनी खिड़कियों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। धुएं का गुबार भी देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को तीन जगहों पर हमले किए गए। माखचकाला शहर में पुलिस यातायात स्टॉप पर हमले की खबरें मिली हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में 12 कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल भी हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक तीनों जगहों पर हमले के तरीके और समय को देखते हुए ऐसा लगता है कि हमलावरों ने संगठित तरीके से हमले किए। जिस समय डर्बेंट शहर में हमला हुआ उसी समय यहां से करीब 120 किलोमीटर दूर माखचकाला में पुलिस यातायात चौकी पर भी गोलीबारी की गई। इस हमले में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है। दागेस्तान रूस और पुतिन के लिए किसी दुखती रग की तरह है। पहले भी यहां हमले होते रहे हैं। इस बार हमला यहूदियों के उपासना स्थल सिनेगॉग, दो चर्च और एक पुलिस पोस्ट पर हुआ। ये आतंकी हमला पुतिन के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

हमास के वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार गिराने का दावा

यरुशलम। इजरायल की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में हमास के एक वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार दिया है और वह राफा शहर में आक्रमण जारी रखेगा। इजरायली सेना ने ताजा बयान में कहा कि हमास में हथियार बनाने वाले मुख्यालय में वह परियोजना और विकास प्रभारी के रूप में हथियार विशेषज्ञ के तौर पर काम करता था। वह रणनीतिक हथियार बनाने की एक परियोजना का हिस्सा था और उसने हथियार बनाने के काम करने वाले कई दस्तों की कमान संभाल रखी थी।

युद्ध समाप्ति के समझौते पर सहमत नहीं होंगे : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी

- टिप्पणी से बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश

गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया।

रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है, जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।

आतंकवाद की अनदेखी न हो: उच्चायुक्त

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा या राष्ट्रीयता नहीं होती

भारत ने कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को निंदनीय करार देते हुए कहा है कि विश्व में किसी भी देश की सरकार को अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे की अनदेखी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर एक बयान में कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों समेत सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। माना जाता है कि 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में सिख आतंकवादियों ने कनिष्क बम विस्फोट को अंजाम दिया था। ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो तथा वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावासों ने, 1985 में आतंकवाद के घृणित कृत्य में मारे गए लोगों की याद में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

हिजबुल्लाह ने बेरूत हवाई अड्डे पर जमा किए हथियार

बेरूत, एजेंसी

- कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाए जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे
- लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया

लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने बेरूत के हवाई अड्डे पर मिसाइलों और विस्फोटकों सहित भारी मात्रा में ईरानी हथियार जमा कर रखे हैं। द टेलीग्राफ अखबार ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक हवाई अड्डे पर वहां के कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाये जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाईअड्डे के कर्मचारियों ने भी चिंता व्यक्त की कि हवाईअड्डा प्राथमिक सैन्य लक्ष्य बन सकता है। दूसरी तरफ लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताते हुए सभी मीडिया आउटलेट्स और राजदूतों या उनके प्रतिनिधियों को हवाई अड्डे का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि वहां कोई हथियार नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से संपर्क किया है। हम झूठे आरोपों और बेरूत हवाई अड्डे की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए द टेलीग्राफ अखबार के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे।

चीन के उप विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे

काठमांडू। चीन के उप विदेश मंत्री सुन विदोंग तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को काठमांडू पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक में भाग लेंगे।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव कृष्ण प्रसाद ढकाल ने यहां त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर चीनी उप विदेश मंत्री का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक मंगलवार को राजधानी काठमांडू में होगी। काठमांडू में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों और द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी।

सिंधु जल संधि: पाकिस्तानी डेलिगेशन निरीक्षण के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचा

जम्मू, एजेंसी

- चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण होगा

सिंधु जल संधि के तहत जम्मू-कश्मीर में दो पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल तटस्थ विशेषज्ञों के साथ रविवार शाम यहां पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। साल 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है।

भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल हुआ था। यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। जनवरी 2019 में तीन सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने आखिरी बार आईडब्ल्यूटी के प्रावधानों के तहत पाकल दुल और लोअर कलनाई जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल केंद्र शासित प्रदेश में चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करेगा।

तोशाखाना मामले की जल्द सुनवाई को अपील

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ उनकी अपील पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। पिछले साल दिसंबर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान ने तोशाखाना के उपहारों की जानकारी सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं करने के मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार देने के आयोग के फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अपील में दलील दी गई है कि खान को पार्टी प्रमुख के रूप में काम करने पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी में भारतीय नागरिक की मौत

नई दिल्ली। अमेरिका के टेक्सास प्रांत में डकैती की घटना के दौरान गोलीबारी में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर अपनी पोस्ट में बताया कि टेक्सास प्रांत के डलास में प्लेज़ेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान गोलीबारी की घटना में भारतीय नागरिक गोपी कृष्ण दासारी के दुखद निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा, हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास दासारी के स्थानीय परिजनों के संपर्क में है और अपने स्तर पर एवं विभिन्न भारतीय संगठनों के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

बॉलीवुड हलचल

गदर 3 में काम करना चाहती हैं अमीषा पटेल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अमीषा पटेल गदर 3 में काम करना चाहती हैं। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर : एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में सन्नी देओल और अमीषा पटेल ने मुख्य भूमिका निभायी। पिछले वर्ष गदर : एक प्रेम कथा की सीक्वल गदर 2 प्रदर्शित हुयी। अब अनिल शर्मा गदर 3 बना रहे हैं। अमीषा पटेल ने हाल ही में एक आस्क मी एनीथिंग सेशन ट्विटर यानी एक्स पर किया। अमीषा ने यहां अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बातें की। अमीषा पटेल ने कहा कि वह गदर-3 में काम करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि निर्देशक अनिल शर्मा उनके लिए फैमिली के जैसे ही हैं। उन्होंने कहा, हमारे रचनात्मक मतभेद फिल्म की बेहतरी के लिए हैं, लेकिन एक-दूसरे के प्रति हमारा सम्मान और लगाव इन सबसे कहीं अधिक गहरा है, इसलिए हां, यदि हम एक ही पृष्ठ पर हैं तो निश्चित रूप से गदर 3 में खुशी से काम करेंगे। अमीषा पटेल ने अपनी हिट फिल्म हमराज के बारे में कहा कि यह अभी पाइपलाइन में हैं। अब्बास मस्तान इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज हो गया है। अपनी आगामी फिल्म सरफिरा के ट्रेलर रिलीज के बाद जंगली म्यूजिक और फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला ट्रैक मार उड़ी रिलीज किया है। यदु कृष्णन, सुगंध शेकर, हेस्टन रोड्रिग्स और अभिजीत राव द्वारा स्वरबद्ध किया गया और मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा लिखित, मार उड़ी साहस की भावना का प्रतीक है। गाने में जी.वी. प्रकाश कुमार का कम्पोजीशन है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित सरफिरा एक मनोरंजक कहानी है जो स्टार्ट-अप और विमानन की दुनिया पर प्रकाश डालती है। सच्ची कहानियों और कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित यह फिल्म धैर्य और दृढ़ता की एक जबरदस्त तस्वीर पेश करती है।

सोल्जर का सीक्वल बनायेंगे रमेश तौरानी!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार रमेश तौरानी सुपरहिट फिल्म सोल्जर का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वर्ष 1998 में प्रदर्शित रमेश तौरानी निर्मित और अब्बास-मस्तान निर्देशित सुपरहिट फिल्म सोल्जर में बॉबी देओल, प्रीति जिंटा, राखी, सुरेश ओबेराय, दिलीप ताहिल ने मुख्य भूमिका निभायी थी।इस फिल्म को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट बनने वाला है। रमेश तौरानी सोल्जर का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि 'सोल्जर' के सीक्वल पर काम चल रहा है। जल्द ही इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जायेगी।

खगोल विज्ञान पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है यह तारों की नर्सरी

निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

- तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही

अमृत विचार : हबल ने निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों को खोज की है। इस निहारिका का नाम आरसीडब्ल्यू 7 है, जो पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है। तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा रही है। निहारिकाएं नए तारे बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल से समृद्ध नर्सरी होती है। जिसमें तारों के निर्माण के साथ गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है। इनमें आणविक बादलों के कुछ हिस्से नष्ट होने के साथ ही बादलों के विकासशील तारों में परिवर्तित होने की जानकारी भी मिलती है। इन तारों को प्रोटोस्टार कहा जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आरसीडब्ल्यू 7 में बनने वाले प्रोटोस्टार विशेष रूप से विशाल हैं, जो जोरदार आयनकारी विकिरण और भयंकर तारकीय हवाएं छोड़ते हैं। तारों के निर्माण क्षेत्र में हाइड्रोजन आयन को सामान्य हाइड्रोजन परमाणु में संदर्भित करने की सटीक जानकारी मिल पाती है। कुल मिलाकर तारों के निर्माण की प्रक्रिया की सही जानकारी मिल पाती है। यह निहारिका आणविक बादल के अंत की शुरुआत का प्रतीक है। जिसमें कुछ मिलियन वर्षों के भीतर विशाल तारों से निकलने वाला विकिरण और हवाएं धीरे-धीरे नीहारिका की गैस को तितर-बितर कर देंगी। विशाल तारे सुपरनोवा विस्फोटों में अपने जीवन के अंत तक पहुंच जाते हैं। इस निहारिका में नए तारे निहारिका की गैस का केवल एक अंश ही शामिल करेंगे, शेष पूरी आकाशगंगा में फैल जाएगा और अंततः नए आणविक बादल बनेंगे।

निहारिका आरसीडब्ल्यू 7।

निहारिकाओं के बारे में सीमित है जानकारी

नैनीताल : निहारिकाओं के बारे में हमारी जानकारी बहुत अधिक नहीं है, जबकि निहारिका ब्रह्मांड का वह क्षेत्र है, जहां न केवल तारों के अंत की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है, बल्कि तारों की उत्पत्ति व ग्रहों के विकास के साथ कई अन्य जानकारी हासिल की जा सकती है।